संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 29 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 147 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आंनद शर्मा जनता से वोट की अपील करते हुए।

### आदर्श विचार



संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता

### मन की बात



बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद

## पटनाः हर्ष राज हत्याकांड के विरोध में छात्रों का बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** राज्य की राजधानी पटना में हर्ष राज हत्याकांड से गुस्साए छात्रों ने मंगलवार को भारी बवाल शुरू कर दिया। छात्रों ने कारगिल चौक पर आगजनी कर सड़क पर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इस बीच पुलिस ने हर्ष राज हत्याकांड के मुख्य आरोपित गिरफ्तार कर लिया है। बेखौफ बदमाशों ने बीते सोमवार को बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। हर्ष परीक्षा देकर कॉलेज से निकल रहा था, तभी बदमाशों ने उसके ऊपर हमला बोल दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े कॉलेज कैंपस में पीट-पीटकर छात्र की हत्या के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है। पुलिस ने हर्ष राज की हत्या के मुख्य आरोपित चंदन यादव को पटना के बिहटा स्थित अमहरा से गिरफ्तार लिया गया है और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम चार जिलों में छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार चंदन यादव पटना कॉलेज में बीए फाइनल इयर का छात्र है और जैक्सन हॉस्टल में रहता है।

# ममता ने ओबीसी के साथ धोखा किया: मोदी

● आज बंगाल में ज्यादातर फैक्टरियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं: पीएम मोदी

**ममता को घेरा**

▶▶ पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब तृणमूल दोनों हाथों से लूट रही है: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर एक चुनावी जनसभा में जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि ममता सरकार ने सिर्फ अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण और ओबीसी के साथ धोखा किया है। आज बंगाल में ज्यादातर फैक्टरियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं। बंगाल की इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन है? उन्होंने कहा कि पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब तृणमूल दोनों हाथों से लूट रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को उत्तर 24 परगना के बारासात में आयोजित जनसभा में कहा कि हम सबने मिलकर चक्रवात का मुकाबला किया है। एनडीआरएफ और दूसरी टीमों ने अच्छा काम किया है। केंद्र सरकार राज्य सरकार को हर संभव मदद दे रही है। आज भारत विकसित होने के रास्ते पर चल पड़ा है। पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने पूर्वी भारत पर जितना खर्च किया है, उतना पिछले 60-70 साल में भी खर्च नहीं हुआ। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यहां पश्चिम बंगाल के एक हिस्से में कोयला और अन्य खनिज संपदाएं हैं तो दूसरी तरफ बड़ी कोस्ट लाइन है। एक समय वो भी था जब बंगाल लाखों देशवासियों को रोजगार देता था। आज बंगाल में ज्यादातर फैक्टरियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं। ये बंगाल की दुर्दशा, ये बर्बादी किसने किया? पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब तृणमूल दोनों हाथों से लूट रही है। कांग्रेस, माकपा, तृणमूल, तीनों ही पश्चिम बंगाल की गुनहगार हैं। लोग जानते हैं कि माकपा को दिया हर वोट तृणमूल के खाते में जाएगा। पर्दे के पीछे तृणमूल और लेफ्ट एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मुख्यमंत्री बनर्जी ने तो घोषणा कर दी है कि दिल्ली में वो उनका समर्थन करेंगी। यहां के लोग इस बात को समझ चुके हैं इसलिए हर कोने से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जब आपने मुझे अवसर दिया था तो मैंने गारंटी दी थी कि ना खाउंगा ना खाने दूंगा। मैंने केंद्रीय स्तर पर 10 साल में एक भी घोटाला नहीं होने दिया।



## अब मोदी भ्रष्टाचारियों की काली कमाई का एक्स-रे करेगा: पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर 24 परगना:** लोकसभा चुनाव के अंतिम व सातवें चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि जबसे आपने मुझे सेवा करने का मौका दिया, हमने रेलवे, एक्सप्रेस वे, वाटर वे, एयरपोर्ट हर तरह से पूर्वी भारत में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए काम किया है। कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बन रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत विकसित होने के रास्ते पर चल पड़ा है। इस विकास का सबसे मजबूत पिलर हमारा पूर्वी भारत है। पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने जितना पूर्वी भारत पर खर्च किया है, उतना पिछले 60-70 साल में भी नहीं हुआ था।

पीएम ने कहा कि आजादी के पहले एक समय वो भी था जब बंगाल लाखों देशवासियों को रोजगार देता था। आज बंगाल में ज्यादातर फैक्ट्रिट पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल का ये हाल किसने किया? पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब टीएममसी दोनों हाथों से लूट रही है। इंडी वाले गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई का एक्स-रे करने की बात करते हैं। अब मोदी इन भ्रष्टाचारियों की काली कमाई का एक्स-रे करेगा।

## तृणमूल और इंडी गठबंधन को विकास से मतलब नहीं: मोदी

**पीएम** ने कहा कि बंगाल में भी आपका लूटा हुआ धन आपको वापस मिले मैं उसके लिए पूरी कोशिश कर रहा हूं। इंडी गठबंधन वाले गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई का एक्स रे करने की बात करते हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल और इंडी गठबंधन को आपके विकास से कोई मतलब नहीं है। इनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने वोटबैंक का तुष्टीकरण करना है। देश में संविधान-संविधान, तानाशाही-तानाशाही चिल्लाने वालों की जमात वो पश्चिम बंगाल में क्या हो रहा है जरा यहां आकर देखो आपकी बोलती बंद हो जाएगी। बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया उसकी कलाई कोर्ट ने खोल दी है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर कानूनी है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का जो हक मिला था उनको संविधान ने दिया था, वो हक रातों-रात ये वोट जिहाद वालों की मदद के लिए इन्होंने लूट लिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री बनर्जी क्या-क्या बोल रही हैं।

## अब दुश्मन को पटककर मारता है भारत: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर:** 48 डिग्री तापमान भी राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आपका उत्साह डिगा नहीं पा रहा है। विकास कार्य कराकर आपने पसीने का आभार भाजपा व एनडीए सरकार रिटर्न करेगी। 2014 में आपने अच्छा जनप्रतिनिधि चुना तो मीरजापुर भी विकास की दौड़ में बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा है। भीषण गर्मी में कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने वाले इस क्षेत्र में हर घर नल योजना क्रियान्वित हो रही है। बहुत जल्द जल की समस्या का स्थायी समाधान भी हो जाएगा। 2014 के पहले मीरजापुर में मेडिकल कॉलेज कल्पना थी पर आज यहां मेडिकल कॉलेज है। अगले वर्ष मीरजापुर में विश्वविद्यालय का उद्घाटन करने भी आएंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग (अपना दल एस) प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि छानबे में कोल जाति के सभी लोगों को मकान उपलब्ध करा दिया गया है। सौ फीसदी सेचुरेशन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े हैं। सीएम योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था।

### मीरजापुर भी नई आभा के साथ जगमगाएगा

**सीएम** ने कहा कि 2014 व 2019 में मीरजापुर ने अच्छा फैसला किया तो यहां हर घर नल योजना, बाढ़सागर परियोजना, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, मां गंगा पर पुल, प्लॉटून, रेलवे, हाइवे, गांव-गांव की कनेक्टिविटी बेहतर हुई। विकास की अन्य आकांक्षाओं को भी मीरजापुर व सोनभद्र पूरा करेगा। रत्नाकर मिश्र, अनुराग सिंह, विनोद बिंद, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह, अपना दल के जिलाध्यक्ष रामलोटन आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी फिर होंगे ध्यान में लीन

**कन्याकुमारी जाएंगे**

▶▶ यहां वे स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/चेन्नई: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। यहां वे स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे। भाजपा नेताओं ने मंगलवार को बताया कि



वह 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। माना जाता है कि यहां विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ गुफा में इसी तरह का ध्यान लगाया था। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि अपने आध्यात्मिक प्रवास के लिए कन्याकुमारी में स्थान चुनने का पीएम मोदी का फैसला देश के लिए विवेकानंद के दृष्टिकोण को साकार करने की उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। देश में आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होना है। चुनाव के लिए प्रचार अभियान चुनाव से दो दिन पहले समाप्त हो जाता है। नतीजे चार जून को आएंगे। उन्होंने बताया कि जिस चट्टान पर प्रधानमंत्री ध्यान करेंगे, उसका विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव था और यह भिक्षु के जीवन में गौतम बुद्ध के लिए सारनाथ के समान ही महत्व रखता है। पूरे देश में घूमने के बाद विवेकानन्द यहीं पहुंचे थे और तीन दिनों तक ध्यान किया था।

## पंजाब में किसानों ने भाजपा प्रत्याशियों के घरों के समक्ष दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पंजाब में** चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने वाले किसान संगठनों ने मंगलवार को प्रदेश भर में भाजपा प्रत्याशियों के आवास के बाहर चार घंटे तक धरना दिया। इस धरने के दौरान कहीं से भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। किसान संगठनों द्वारा पिछले करीब दो माह से भाजपा प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार के दौरान लगातार विरोध किया जा रहा है। किसान संगठनों ने आज सुबह करीब 11 बजे से 3 बजे तक पंजाब के जालंधर, पटियाला, आनंदपुर साहिब, संगरूर, लुधियाना, अमृतसर, बठिंडा आदि लोकसभा हलकों से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों के आवास के बाहर बैठकर धरना दिया।

# केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**इंकार किया**

▶▶ केजरीवाल की अंतरिम जमानत एक हफ्ते और बढ़ाने की मांग पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत एक हफ्ते और बढ़ाने की मांग पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने देर से आवेदन



करने पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई का अनुरोध चीफ जस्टिस से करें। मुख्य केस सुनने वाली बेंच के एक सदस्य पिछले सप्ताह अवकाशकालीन बेंच में थे। तब आपने क्यों मांग नहीं रखी। केजरीवाल ने कहा है कि उन्हें गंभीर बीमारी है और उनका पीईटी-सीटी स्कैन किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को अरविंद केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत देते हुए दो जून को सरेंडर करने का आदेश दिया था।

कोर्ट ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और 50 हजार रुपये के जमानती के आधार पर जमानत दी थी। 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने उसी दिन देर शाम पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

## रणजीत हत्याकांड में गुरमीत राम रहीम बरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।



हाई कोर्ट ने रणजीत हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट के उम्रकैद के फैसले को पलटते हुए डेरा प्रमुख को बरी कर दिया है। इस मामले में चार अन्य आरोपितों को भी बरी कर दिया गया है। हाई कोर्ट के फैसले के बाद डेरा सच्चा सौदा के करोड़ों अनुयायियों में खुशी की लहर है। रणजीत सिंह डेरा सच्चा सौदा का प्रबंधक था। शक की वजह से 22 साल पहले 10 जुलाई 2002 को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रणजीत सिंह हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले थे। उनकी हत्या का आरोप डेरा सच्चा सौदा प्रमुख पर लगाए थे। साथ ही चार अन्य को भी इसमें शामिल होने का शक जताया गया था।

# आइजोल में भारी बारिश के कारण ढह गई खदान, 15 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**आइजोल:** मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भारी बारिश के कारण एक खदान ढह गई। इस हादसे में अबतक 15 लोगों की जान चली गई, जबकि दो लोगों को बचाया गया है। पुलिसकर्मी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। भारी बारिश के कारण नदियों का स्तर भी बढ़ चुका है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ रहा है। राज्य की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने बैठक बुलाई।



**भारी बारिश के कारण कई इलाकों में हुआ भूस्खलन:** यह घटना सुबह के छह बजे आइजोल शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में मेल्थम और ह्लिमेन के बीच घटी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल शुक्ला ने कहा कि अबतक मलबे से दस शव को बाहर निकाला गया है, जबकि कई लोग अभी भी इसमें दबे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में सात स्थानीय, जबकि तीन दूसरे राज्य के थे। उन्होंने आगे कहा, "मलबे में अभी भी 10 से ज्यादा के फंसे होने की संभावना है।" भारी बारिश के कारण अलग-अलग इलाकों में भूस्खलन की घटना सामने आई है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया।

**हादसा**

▶▶ नदी किनारे रहने वाले लोगों को अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ रहा है

## कुछ लोगों के लिए परिवार ही सब कुछ: सीएम नीतीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अस्थावां विधानसभा क्षेत्र के बेनार में जनसभा को संबोधित करते हुए



एनडीए समर्थित उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को जिताने की अपील की। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां को एक-एक कर गिनाया। नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो सिर्फ आपसे मिलने चले आए हैं, ताकि कोई शिकायत ना रहे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों के लिए परिवार ही सब कुछ पर मेरे लिए पूरा बिहार एक परिवार है। हमने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया है। हर क्षेत्र में काम किया है। बिहार सीएम ने कहा, हम तो 1995 से भाजपा के साथ हैं। बीच में दो बार हम राजद का साथ लिए थे, लेकिन गड़बड़ किया तो हटा दिया।

**जनसभा** नरेन्द्र मोदी 400 सीटों के साथ लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे: जेपी नड्डा

# हिमाचल में फिर से खिलेगा कमल: जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**किन्नौर:** भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को हिमाचल के किन्नौर, रामपुर और शिमला में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकाल में देश में हुए जनकल्याणकारी और विकास कार्यों का उल्लेख किया। जगत प्रकाश नड्डा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता



सूरत नेगी, किन्नौर जिलाध्यक्ष यशवंत नेगी सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि जनता के उत्साह एवं ऊर्जा को देखकर यह स्पष्ट है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को हिमाचल की जनता ने तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का निर्णय ले लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में राजनैतिक संवाद और राजनैतिक विषय को बदल दिया है। 10 वर्ष पहले भारत भ्रष्टाचार में लिप्त था और लोगों के मन में आता था, कि भारत एक भ्रष्टाचारी देश बन गया है। आए दिन भ्रष्टाचार के किस्से सुनने को मिलते थे। साधारण व्यक्ति ने यह मान लिया था कि देश में कुछ बदलने वाला नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों के मन में ये विश्वास दिलाया कि देश बदल सकता है। 1 जून को जब हिमाचल की जनता कमल का बटन दबाएगी, तो विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए दबाएगी। आज देश की राजनीति का चरित्र, परिभाषा, संस्कृति और कार्य करने का ढंग बदल चुका है।

पहले जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर वोट मांगे जाते थे लेकिन आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकासवाद और रिपोर्टकार्ड की राजनीति हो रही है। आज भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।

**दावा**

▶▶ जब हिमाचल की जनता कमल का बटन दबाएगी, तो विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए दबाएगी

## पंजाब से बंगाल तक बिखरा हुआ है 'इंडिया' गठबंधन: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों के अंतिम चरण आते आते गठबंधन पूरी तरह से बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा ने कहा कि पंजाब से पश्चिम बंगाल तक सभी जगह घमंडिया गठबंधन के दल आपस में लड़ रहे हैं। एक जून को होने वाली इंडी गठबंधन में ममता बनर्जी के नहीं आने से यह और भी स्पष्ट हो रहा है कि इनका गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के



सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) का मुकाबला उत्तर प्रदेश में भाजपा से है। कांग्रेस बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से मुकाबला कर रही है।

अब यह स्पष्ट है कि पंजाब से लेकर बंगाल तक इंडी गठबंधन चुनाव के अंतिम चरण के करीब आते-आते नष्ट हो रहा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी, मीसा भारती ने अपनी ही पार्टी की विरासत को नष्ट कर दिया है। राजीव गांधी ने लोक सभा चुनाव में 414 सीटें जीती थी, राहुल गांधी ने इसे सिमटा का 40 सीटों पर ला दिया।

**विपक्ष को घेरा**

▶▶ इंडी गठबंधन में ममता के नहीं आने से यह और भी स्पष्ट हो रहा है कि गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है

## उत्तर रेलवे

### ई. निविदा

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–11/2024–25 दिनांक 28.05.2024**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | 1 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–T–22/2024–25 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नामः** अंबाला मंडल में सहारनपुर, जगाधरी वर्कशॉप, अंबाला चंडीगढ़ और कालका में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराये के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 2762842.50 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 55300.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 36 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 18.06.2024 |
| क्र.सं. | 2 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–T–23/2024–25 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नामः** अम्बाला मंडल में बठिंडा, धूरी, राजपुरा, सरहिंद और नंगलडैम में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराये के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 2221325.37 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 44400.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 36 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 18.06.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें/5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **1600/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**No.:** 230-Elect/TRD/PRYJ/EIG/2024 **Dated:** 22.05.2024

### सार्वजनिक सूचना

**भारतीय रेलवे**

**एसी 132 के वी ट्रांसमिशन लाइन (दोहरा सर्किट) को चालू करना**
**"सड़क उपयोक्ताओं को चेतावनी"**

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन टावर नंबर 421 से 426 के बीच उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के टूंडला-गाजियाबाद खंड के रोजा जलालपुर गांव के मध्य 132 के वी एसी ट्रांसमिशन लाइन आरंभ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78-मी की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेजें लगाई गई है ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय ट्रांसमिशन लाइन (संपर्क तार) की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके जो कि लेवल क्रॉसिंग पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर ऊपर कि ऊंचाई पर होगा।

जन साधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का अतिलंघन न करें।

**अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैः-** (1) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। (2) वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा। (3) चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग को खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

**ऊर्जित करने का तिथि 10.06.2024 को अथवा उसके पश्चात**

वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण)
प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे
911/24 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील, पुत्रः भंवर लाल, पताः ए–46, गली नं. 1, सैनिक एन्कलेव, विकास नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 608/2019 दिनांकः 24/09/2019, U/S 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थाना रंहोला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 608/2019 दिनांकः 24/09/2019, U/S 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थाना रंहोला, दिल्ली** के अभियुक्त **सुनील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह (LD)
महानगर दंडाधिकारी–08
कमरा नं. 30, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली
**DP/5832/OD/2024**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद गुप्ता, पुत्रः** स्व0 श्री मन्तोरीलाल गुप्ता, **पताः** बी–6/137–138, तृतीय तल, सैक्टर–5, रोहिणी, दिल्ली ने **FIR No. 480/18, U/s 354A/506/509 IPC, थानाः बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद गुप्ता** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 480/18, U/s 354A/506/509 IPC, थानाः बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति राजोरिया
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नंबर 18, भूतल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
**DP/6072/RD/2024**
**(Court Matter)**

# पैरोल पर निकले हत्यारे ने एक साल तक दिया पुलिस को चकमा

**शिकंजा**

**क्राइम ब्रांच की टीम ने हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा पाए ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पैरोल पर बाहर निकलने के बाद से फरार चल रहा था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम ने हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा पाए एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पैरोल पर बाहर निकलने के बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान टिंकू सिंह के रूप में हुई है। टिंकू पिछले एक साल से पुलिस चकमा दे रहा था।

**नाम बदलकर रहने लगा था टिंकूः** डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि लगभग 10 साल पहले 2014 में न्यू उस्मानपुर थाने में दर्ज हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस को इसकी तलाश थी यह कोविड के दौरान 15 अप्रैल 2020 को पैरोल पर बाहर निकला था और इसे बीते साल 8 अप्रैल को वापस सरेंडर करना था, लेकिन वह सरेंडर करने के बदले फरार हो गया। टिंकू सिंह अब निशांत पांडे बनकर रहने लगा। इस दौरान वह लगातार अपना ठिकाना भी बदलता रहा, ताकि पुलिस उसे ट्रेस न कर पाए। तब से दिल्ली पुलिस इसकी तलाश में लगी हुई थी। आखिरकार क्राइम ब्रांच की टीम ने टिंकू को धर दबोचा।

**प्रेमिका के पति की हत्या कर टुकड़े टुकड़े कर शव लगाया था ठिकानेः** डीसीपी ने बताया कि अपने दोस्त और प्रेमिका शशि बाला के साथ मिलकर उसके पति इंद्रपाल की हत्या की थी। पुलिस के अनुसार जब इंद्रपाल और शशि बाला उस्मानपुर के शास्त्री पार्क में रहने आए थे। उसी दौरान शशि बाला की टिंकू सिंह से मुलाकात हुई और फिर दोनों में दोस्ती हो गई। जल्दी ही इसकी भनक उंसके पति इंद्रपाल को लग गई। इंद्रपाल अपनी पत्नी से मारपीट करने लगा। जिस पर टिंकू ने शशि बाला के साथ मिलकर इंद्रपाल की हत्या कर दी। यही नहीं इन लोगों ने इंद्रपाल की बॉडी को टुकड़ों में कर उसे ठिकाने लगा दिया। जब शातिर शशि बाला ने पुलिस को पति की गुमशुदगी की शिकायत दी तो वह अपनी ही साजिश की जाल में फंस गई और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उसकी निशानदेही पर पुलिस ने टिंकू सिंह को भी दबोच लिया था। इस मामले में कोर्ट ने टिंकू सिंह को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। कोविड के दौरान उसे पैरोल पर कुछ समय के लिए छोड़ा गया था।

## ...तो हुई एमबीए छात्र की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बीते दिनों दिल्ली के मालवीय नगर में एक एमबीए छात्र की हत्या मामले में बेहद ही सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस हत्याकांड में मोहित नाम के एक संदिग्ध को पकड़ लिया था, लेकिन जब मुख्य आरोपी वीरेंद्र पकड़ में आया तो पूंछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उन्हें सुनकर पैरों के नीचे से जमीन ही खिसक जाए। दरअसल आरोपी शख्स के एमबीए छात्र और उसकी माँ दोनों से अवैध संबंध थे।

**मर्दानगी पर उठाया सवाल,तो कर दी हत्याः** पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी वीरेंद्र का मृतक एमबीए छात्र और उसकी मां दोनों के साथ सम्बंध था। पहले जब छात्र को जब पता चला कि वीरेंद्र उसकी मां के साथ भी रिश्ते में है, तो दोनों के बीच दुश्मनी हो गई, लेकिन बाद में वे फिर दोस्त बन गए। पुलिस जांच में पता चला कि एमबीए छात्र दिल्ली एनसीआर में कई समलैंगिक क्लबों का सदस्य था। उसके वीरेंद्र के साथ भी समलैंगिक संबंध थे। 11 अप्रैल को एमबीए छात्र ने वीरेंद्र को ड्रिंक के लिए अपने फ्लैट पर एक पार्टी में बुलाया। वीरेंद्र और मोहित पार्टी में गए थे।

रजिस्ट्री सं० डी०एल० - 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-28042024-253908
CG-DL-E-28042024-253908

असाधारण
**EXTRAORDINARY**
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं. 1713] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 26, 2024/वैशाख 6, 1946
No. 1713] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 26, 2024/VAISAKHA 6, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 16 अप्रैल, 2024

**का.आ. 1805(अ)** –केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4727 (अ) दिनांक 30 अक्टूबर 2023, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले में डी.एन.डी.–फरीदाबाद–बल्लभगढ़ बाईपास के.एम.पी. लिंक –स्पर से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए ग्रीनफील्ड हाईवे के कि.मी. 0+000 से कि.मी.18+900 तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ाकरने / चार लेन का बनाने, आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "11 नवम्बर 2023" को "टॉप स्टोरी" (अंग्रेजी) और "अमर उजाला" (हिन्दी) दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

और आक्षेप प्राप्त हुए थे और सक्षम प्राधिकारी ने उन पर विचार कर लिया है और आक्षेपों को अननुज्ञात कर दिया है ;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी ।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले में डी.एन.डी.–फरीदाबाद–बल्लभगढ़ बाइपास के.एम.पी. लिंक–स्पर से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाइ अड्डे के लिए ग्रीनफील्ड हाइवे के कि.मी. 0+000 से कि.मी. 18+900 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

फाईल नंबरः NHAI/CMU/MTR/DND/Jewar International Airport/2021/D-3D
अभय जैन:, उप. सचिव

ज़िलाः फरीदाबाद
https:/egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 26.04.2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

## दिल्ली यूनिवर्सिटी में शुरू हुआ दाखिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीयू प्रशासन मंगलवार को दाखिले से संबंधित जानकारियां साझा की। इस वर्ष भी प्रवेश कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल के जरिये ही किए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया दो चरण में होगी।

**पहले चरण में सीएसएएस पोर्टल पर कराएं रजिस्ट्रेशनः** पहले चरण में छात्र सीएसएएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# टिल्लू गैंग का शूटर चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे, अवैध हथियार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने कुख्यात टिल्लू गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान रोहित उर्फ पाजी (30) निवासी बेगमपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। इसके पास से 03 जिंदा कारतूस के साथ एक लोडेड सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल बरामद की गई है।

**ऐसे बना टिल्लू गैंग का मैसेंजरः** रोहित उर्फ पाजी का जन्म और पालन-पोषण मोगा, पंजाब में हुआ और 10वीं तक की पढ़ाई के बाद 2013 में वह अपने परिवार के साथ दिल्ली आ गया।

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 30 साल, **कदः** 5'7'', **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गोरा, **पहनावाः** हरे रंग के फूलों के साथ मुद्रित सफेद रंग की शर्ट, काले रंग की जींस पैंट, **पहचान चिह्नः** दोनों हाथों का टैटू, बाएं हाथ का टैटू, अंगूठे के पास **माँ** और दाहिने हाथ का टैटू **ॐ**, **बरामदी स्थलः** साईं मंदिर के सामने पुस्ता रोड तोहकर नंबर 19 यमुना खादर गांधी नगर दिल्ली

मृतक के शव को पहचान के लिए सब्जी मंडी अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 09A दिनांकः 23.05.2024 पुलिस स्टेशनः गांधी नगर, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः गांधी नगर, दिल्ली
मो. 8595895116/7065036024
**DP/6258/SHD/2024**

## गुमशुदा की तलाश



रजत मल्होत्रा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष नाम **रजत मल्होत्रा** पुत्र राजीव मल्होत्रा निवासी मकान नंबर- 5872 गली नंबर 6, ब्लॉक नंबर 4, देव नगर, करोल बाग दिल्ली। उक्त पुरुष दिनांक 27/12/2023 से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डी डी नं 73-A – दिनांक 12/01/2024 पुलिस थाना प्रसाद नगर दिल्ली** दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा पुरुष की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

**नामः** पंकज मल्होत्रा, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 32 वर्ष, **कदः** 5'6", **रंगः** गेहुँआ, **शरीरः** मध्यम, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** गहरे भूरे रंग का ट्रैक सूट और पैर में स्लीपर।

इस गुमशुदा पुरुष के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी प्रभारी प्रसाद नगर, नई दिल्ली को सूचित करे।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/6218/CD/2024

थाना प्रभारी
पुलिस थाना प्रसाद नगर, दिल्ली
फ़ोन नं : 011 25751048,25725652

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक वयक्ति जिसका **नामः** हनुमान, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : लगभग 60 **कद** : 5 फुट 5 इंच, **रंग** : सांवला, **चेहराः** लम्बा, **शरीर** : पतला, **पहनावाः** सफेद रंग का शर्ट और ब्लू रंग का लोअर जो बेहोशी अवस्था में अजमेरी गेट बस पार्किंग साईड मिला जिसे उसके दोस्तों ने बाबू और जाहिद ने आरएमएल अस्पताल में एमएलसी नं 99097/24 के तहत भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डी.डी. नं 49ए दिनांक 26.05.2024 धारा 174 सीआरपीसी** थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 011-23363622, 8750871305
DP/6270/RLY/2024


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### प्रदेशवासियों को अभी नहीं मिलेगी हीट वेव व लू से राहत

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** प्रदेश के नागरिकों को अभी भीषण गर्मी, हीट वेव व लू से राहत मिलने की सभावना नहीं है। अभी आगामी चार दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। जून की शुरूआत में इससे कुछ राहत मिल सकती है। प्रदेश में इस समय अधिकतर जिले हीट वेव की चपेट में है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खिचड़ ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश में मौसम आमतौर पर 31 मई तक खुश्क व गर्म रहने की संभावना है। राज्य के सिरसा जिले का तापमान 49 डिग्री को पार कर गया है, वहीं हिसार का तापमान 46 डिग्री पार हो चुका है। अभी प्रदेश में ऐसी ही स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि 31 मई तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान दिन का तापमान बढ़ेगा, लू भी चलेगी। इसके साथ ही धूल भरी हवाएं भी चलेगी। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी जारी रहने तथा दिन के समय गर्म पश्चिमी हवाएं अर्थात लू चलने की संभावना है। इस दौरान तापमान बढ़ने से बीच बीच में हल्के बादल तथा धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 मई रात्रि से मौसम में बदलाव संभावित है। इससे एक व दो जून को राज्य में आंशिक बादलवाई, हवाएं चलने तथा कुछ एक स्थानों पर गरज चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी की भी संभावना है जिससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट संभावित है।

### वाटर कूलर की टूंटी टूटने पर प्रिंसिपल ने बच्चे को बुरी तरह से पीटा

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** मंगलवार को हांसी क्षेत्र के एक निजी स्कूल में वॉटर कूलर की टूंटी टूट जाने पर छठी कक्षा के बच्चे की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बताया जा रहा है कि छठी कक्षा में पढ़ने वाला 12 वर्षीय छात्र पानी पीने गया था। इस दौरान वाटर कूलर की टूटी बच्चे से टूट गयी। जब स्कूल के प्रिंसिपल ने बच्चे के हाथ में टूटी देखी तो गुस्से उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। आरोप है कि प्रिंसिपल ने बच्चे की कमर पर डंडे मारे। घर पर आकर बच्चा जब निढ़ाल होकर चारपाई पर लेटा तो परिजनों को शक हुआ। इसके बाद बच्चे ने परिजनों पूरी बात बताई तो परिजनों ने उसको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले गए। गांव ढ़ाणा खुर्द निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उनका भतीजा ढाणी कुम्हारान स्थित मदर टेरेसा स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ता है। सोमवार को जब हिमांशु स्कूल के वाटर कूलर से पानी पी रहा था, तभी पीछे से एक लड़के ने हिमांशु को पीछे से खींच लिया। इससे वाटर कूलर के पानी की टूटी उखड़ कर उसके हाथ में आ गई। उसी समय स्कूल का प्रिंसिपल प्रवीण भी वहां पर आ गया। उसने पानी की टूटी तोड़ने पर उसके भतीजे को बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। स्कूल प्रिंसिपल ने बच्चे की कमर पर डंडे मारे और थप्पड़ से भी से बुरी तरह से पीटा, जिससे बच्चे के पीठ और कमर पर डंडे के नीले निशान पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद उसने प्रिंसिपल को फोन लगाया लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। पीड़ित बच्चे के चाचा का कहना है कि वह मामले की शिकायत पुलिस से करेंगे। एक बार पहले भी स्कूल प्रिंसिपल उसके भतीजे को बुरी तरह से पीट चुका है। अब दोबारा भी इसी प्रकार की हरकत की गई है। मंगलवार दोपहर तक पुलिस को शिकायत नहीं दी गई थी वहीं प्रिंसिपल का कहना है कि बच्चे आपस में लड़ रहे थे और आपस में लड़ते हुए ही उन्हें चोट लगी है।

### हरियाणा में जब्त की गई कुल 75.44 करोड़ रुपये की अवैध शराब, नगदी व मादक पदार्थ

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़/दीपिका शर्मा

रियाणा में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, मादक पदार्थ व नकद राशि जब्त की गई है। 28 मई तक राज्य में कुल 76.74 करोड़ रुपये की नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ व कीमती वस्तुएं जब्त की गई है, जोकि जोकि पिछले लोकसभा चुनावों की तुलना में कहीं अधिक है। लोकसभा आम चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18.36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ, व कीमती वस्तुएं जब्त की गई थी। श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभी तक मुख्य रूप से पुलिस द्वारा 724.80 लाख रुपये, आयकर विभाग द्वारा 938.69 लाख रुपये तथा डीआरआई द्वारा 278 लाख रुपये की नकद राशि जब्त की गई है। इसके अलावा अन्य एजेंसियों द्वारा भी नगदी पकड़ी गई है।

# भाजपा 11 सीटें जीतकर फिर रचेगी इतिहास : मनोहर लाल

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस बौखलाई हुई नजर आई, बोगस वोट कराने वाले कर्मचारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई, भाजपा 400 पार का आंकड़ा पूरा करेगी

**दावा**

**पूरे चुनाव में कांग्रेस बौखलाई हुई नजर आई है जो कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बनेगा : मनोहर**



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़/काजल रानी:** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव नेशनल मुद्दों पर लड़ा है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह सामने आया है कि हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सहित 11 कमल खिलने जा रहे हैं और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे चुनाव में कांग्रेस बौखलाई हुई नजर आई है जो कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बनेगा। पूर्व सीएम मनोहर लाल मंगलवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां पूर्व सीएम ने बोगस वोटों का मुद्दा भी उठाया। पूर्व सीएम ने उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात भी कही जिन्होंने आचार संहिता लागू होने के बावजूद लोगों को परेशान किया। इससे पहले मनोहर लाल ने बादशाहपुर से विधायक रहे राकेश दौलताबाद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी आदि उपस्थित रहे।

मनोहर लाल ने कहा कि अब तक हुए छह चरणों के चुनाव में राजग 360 से 370 सीटें जीत चुका है। अब सातवें चरण का चुनाव पूरा होते ही हम 400 पार का आंकड़ा पार कर लेंगे और नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार का गठन होगा। मनोहर लाल ने कहा कि जनता जानती है कि देश का विकास कौन कर सकता है। 2014 में सरकार बनने के बाद देश और प्रदेश में भाजपा ने भ्रष्टाचार खत्म किया। दस वर्षों में हमारी सरकार ने युवाओं, महिलाओं, गरीबों और किसानों के हितों के लिए काम किया है।

मनोहर लाल ने कहा कि रोहतक, सिरसा के अलावा एक दो और अन्य जिलों में बोगस मतदान की बातें सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि बोगस मतदान में अगर कोई कर्मचारी की संलिप्तता मिलती है तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। चुनाव में हुए मतदान पर बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि इस बार युवाओं ने पुरानी परम्पराओं को तोड़कर अपनी मर्जी से मतदान किया है, क्योंकि युवा जानते हैं कि भाजपा ही देश का विकास करने में सक्षम है।

विपक्ष को निशाना पर लेते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कोई एक सर्वमान्य नेता तक नहीं चुन सके। विपक्ष में काफी मतभेद देखने को मिला है। इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियां कहीं एक साथ मिलकर तो कहीं एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल हर नेता के मन में चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बनने की लार टपक रही है।

पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को लाभ पहुंचाया। आयुष्मान और चिरायु कार्ड योजना से गरीब लोगों को ईलाज के दौरान होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त किया।

### किसान सरकार की नीतियों से खुश हैं: मनोहर

**मनोहर** लाल ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी चार अधिकारियों ने 25 हजार लोगों की पेंशन रुकवा दी। लापरवाही बरतने के लिए अधिकारियों को सस्पेंड किया गया। 4 जून के बाद इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आचार संहिता के तहत कोई भी पार्टी हो या फिर कर्मचारी और अधिकारी वे मतदाताओं को परेशान नहीं कर सकते। चार जून के बाद आचार संहिता हट जाएगी और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में किसान सरकार की नीतियों से खुश हैं। पंजाब के साथ लगते जिलों में थोड़ा बहुत विरोध हुआ।

### 11 विद्यार्थियों का इंटर्नशिप के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में हुआ चयन

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की तरफ से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की समर ट्रेनिंग के लिए ड्राइव का आयोजन किया गया था जिसमें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (भारत सरकार) की तरफ से कमलकांत सोनी, सीनियर मैनेजर और प्रीति मेहता, बजाज आलियांज, सिरसा ने विभाग में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस ट्रेनिंग ड्राइव के लक्ष्यों के बारे में अवगत करवाया और साथ ही विद्यार्थियों का समर ट्रेनिंग के लिए साक्षात्कार लिया।

## लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में बोगस मतदान का आरोप

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए सभी दस सीटो और एक विधानसभा सीट करनाल के उपचुनाव लिए मतदान होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी एवम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सरकारी कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की है। मनोहर लाल ने मंगलवार को गुरुग्राम में कहा कि राजनीतिक जुड़ाव वाले कर्मचारियों की पहचान की जा रही है।आगामी चार जून के बाद ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

मनोहर लाल ने कहा कि सिरसा और रोहतक लोकसभा क्षेत्र में बोगस मतदान कराए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का दायित्व निष्पक्ष मतदान कराने का होता है।



उधर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कहा कि चार जून के बाद यदि भाजपा कार्यकर्ता अधिकारियों के पास जाते है तो उनका काम करे।भाजपा कार्यकर्ता लोगो के काम के लिए ही अधिकारियों के पास जाते हैं।यदि किसी अधिकारी ने काम में टाल मटोल की तो उसका जवाब लिया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को टोहाना पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए नायब सिंह सैनी ने दावा किया कि हरियाणा में एक विधानसभा और 10 लोकसभा सीटों पर बीजेपी जीत दर्ज करने जा रही है। सिरसा सीट भी बीजेपी बड़े अंतर से जीतेगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि वह पंजाब में प्रचार प्रसार के लिए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि पंजाब में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो, अकाली दल की रही हो या आम आदमी पार्टी की, जनता का हमेशा शोषण हुआ है।

पंजाब की जनता भी समझ चुकी है और बीजेपी को वोट देने के लिए तैयार है। पंजाब की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे में सहयोग करने का मन बना चुकी है।

**चेतावनी**

**पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्रवाई की चेतावनी**

### रणजीत के पुत्र जगसीर ने किया सुप्रीम कोर्ट में अपील का ऐलान

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: अपने पिता रणजीत सिंह की हत्या के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दोषमुक्त किए जाने पर पुत्र जगसीर ने मंगलवार को कहा कि डेरा प्रमुख की दोषमुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। डेरा के मैनेजर रहे रणजीत की हत्या के मामले में में डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह व अन्य चार दोषियों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा बरी कि जाने के फैसले के बाद रणजीत के बेटे जगसीर ने यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कि वह हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीबीआइ कोर्ट के फैसले से उन्हें न्याय मिला था। उनका न्यायपालिका पर पूरी तरह से विश्वास है।अब वह अपने पिता को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। हाई कोर्ट के फैसले के समय जगसीर हाई कोर्ट में ही मौजूद थे। उन्होंने कहा फैसले से तो उन्हें बहुत दुख हुआ लेकिन हार नहीं मानेंगे। रणजीत हत्याकांड में सीबीआइ कोर्ट ने सिरसा के डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

गुरमीत राम रहीम और चार अन्य पर आरोप था कि उन्होंने 10 जुलाई 2002 को रंजीत की उस समय हत्या करवाई थी जब वह अपने गांव के समीप शाम के समय अपने खेत में काम कर रहे थे।

## बडौली ने अपनी ही पार्टी नेताओं पर भीतरघात का आरोप लगाया

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** लोकसभा सोनीपत के भाजपा के उम्मीदवार मोहनलाल बडौली ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष कार्यालय में पत्रकार वार्ता करके अपनी ही पार्टी के नेताओं पर भीतरधात का आरोप लगाया। पार्टी के ही लोगों ने पार्टी के खिलाफ जाकर कांग्रेस के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि समय आने पर भीतरघात करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। नेताओं की ऑडियो वीडियो सामने आई हैं और उन्होंने भाजपा पार्टी में रहते हुए कांग्रेस से कार्यकर्ता के रूप में काम किया है। उन्होंने दावा किया है कि है कि पार्टी के खिलाफ विधायक, सांसद और अधिकारियों, नौकरशाहों ने भी कांग्रेस की मदद की है। पांच अधिकारियों की पहचान की जा चुकी है। पूरे मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सामने समीक्षा बैठक के यह सबूत के साथ रखी जाएगी। देश में नेहरू और जिन्ना दो प्रधानमंत्री बनना चाहते थे और उस वक्त देश का बंटवारा हुआ था। इंडिया गठबंधन पर मोहनलाल बडौली ने कहा अभी तक के प्रधानमंत्री का चेहरा तय नहीं कर पाए हैं। ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रयास करने वाली संस्थाओं और राजनीति लोगों अभी आभार व्यक्त किया है। मोहनलाल बडौली ने कहा कि सभी पार्टी के लोगों का धन्यवाद करता हूं कि मर्यादित ढंग से लोकतंत्र के चुनाव में अपनी हिस्सेदारी की है। लोकसभा के चुनाव को लेकर 800 से ज्यादा कार्यक्रम किए। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना सताते हुए कहा है कि आज जिस प्रकार का गठबंधन है उसमें 22 प्रधानमंत्री के दावेदार हैं। सभी 22 उम्मीदवार 22 टुकड़े करेंगे। राहुल गांधी के बयान 8500 रुपये महिला और युवाओं को देने की बात को लेकर उन्होंने कहा उनके बयान को लेकर बहुत सारे लोगों ने चुटकुले बनाने शुरू कर दिए हैं।



**गंभीर आरोप**

**समय आने पर भीतरघात करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी**

## स्ट्रांग रूम के लिए थ्री लेयर सुरक्षा, 24 घंटे रखी जा रही है निगरानी

टीम एक्शन इंडिया

सिरसा: मंगलवार को स्थानीय चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में जिला के सिरसा, रानियां, कालांवाली, ऐलनाबाद व डबवाली विधानसभा सैग्मेंट के लिए बनाए गए स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण तथा अधिकारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, एएसपी दीप्ति गर्ग, एआरओ ऐलनाबाद डा. वेद प्रकाश बेनीवाल, एआरओ कालांवाली सुरेश रावेश, एआरओ डबवाली अभय सिंह, एआरओ रानियां सुरेश कुमार सहित चुनावी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने बताया कि स्ट्रांग रूम थ्री लेयर सुरक्षा में हैं। 24 घंटे आईटीबीपी, पैरा मिलट्री व हरियाणा पुलिस के जवान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती को बनाया गया है। इसके साथ ही सभी एआरओ को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे दिन में दो बार अपने संबंधित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी स्ट्रांग रूम के बाहर एलईडी लगाई गई है, जहां से अनुमति प्राप्त राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा बारे जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान टेबल लगाने, एजेंट के बैठने, स्ट्रांग रूम से मशीनों को लाने आदि सभी जरूरी प्रबंधों की तैयारियां की जा रही हैं।

**निरीक्षण**

**जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने किया मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण**

### रबड़ फैक्ट्री में आग, छह कर्मचारी झुलसे

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सोनीपत के राई औद्योगिक क्षेत्र में एक रबड़ फैक्ट्री में मंगलवार को आग लगने से छह कर्मचारी झुलस गए। कर्मचारियों को सोनीपत के नागरिक अस्पताल लाया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। राई औद्योगिक क्षेत्र में आज शाम करीब चार बजे एक फैक्ट्री में सिलेंडरों के धमाके के साथ भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी इसमें फंस गए। फैक्टरी में पड़े सिलेंडरों में लगातार धमाके होते रहे। जिससे आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में लगी हैं।

## सरकार ने प्राइवेट स्कूल संचालकों के सामने घुटने टेकेः ढांडा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर नायब सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी नौतपा में तापमान 45 डिग्री से पार हो चुका है। इसके बावजूद भी कई जिलों में प्राइवेट स्कूल मनमानी कर रहे हैं। चरखी दादरी, कैथल, सोनीपत, फरीदाबाद और जींद समेत कई जिलों में स्कूल संचालक मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी कई जिलों में प्राइवेट स्कूल संचालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। गर्मी के कारण जहां स्कूलों को छुट्टियां करने के आदेश दिए जा चुके हैं, फिर भी स्कूल संचालक मनमानी कर रहे हैं और बच्चों को जबरन स्कूलों में बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। इसका असर सड़कों पर भी दिख रहा है। सुबह 8 बजते ही तेज धूप का एहसास होने लगता है। दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। इससे नायब सरकार की विफलता का भी पता चलता है कि हरियाणा के कई जिलों में प्राइवेट स्कूलों में नन्हे बच्चों की पढ़ाई जारी है। नन्हे-नन्हे बच्चे को स्कूल से घर तक आने जाने में तेज धूप के कारण काफी परेशानी होती है। जिस कारण बच्चों को बुखार और उल्टी दस्त जैसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा इस कारण बच्चे भी भीषण गर्मी में स्कूल जाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि नायब सरकार को ऐसे स्कूलों के प्रति कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। स्कूलों की मनमानी के कारण के बच्चे लगातार स्कूलों में जा रहे हैं, जबकि कई स्कूलों ने केवल 31 मई तक छुट्टियां की है।

उन्होंने कहा कि 30 जून तक स्कूलों की छुट्टियां कर देनी चाहिए, ताकि कोई अनहोनी ना हो।




**घेरा**

**भीषण गर्मी में भी बच्चे स्कूल जाने को मजबूर : अनुराग ढांडा, कई जिलों में सुचारू रूप से खुले हैं प्राइवेट स्कूल**

## सचिवों से मांगी संविधान पूर्व कानूनों की प्रासंगिकता के बारे में टिप्पणियां

### केन्द्र सरकार द्वारा संविधान-पूर्व अधिनियमों सहित ऐसे 52 केंद्रीय अधिनियमों की एक सूची भी भेजी गई है

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों तथा प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को सभी संविधान-पूर्व कानूनों या अधिनियमों की वर्तमान समय में उपयुक्तता और प्रासंगिकता के सम्बन्ध में एक सप्ताह के अंदर अपेक्षित टिप्पणियां या विचार प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग से प्राप्त एक अर्ध-सरकारी पत्र के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में सभी संविधान-पूर्व कानूनों की उपयुक्तता और प्रासंगिकता के अनुसार जांच की जानी है। केन्द्र सरकार द्वारा संविधान-पूर्व अधिनियमों सहित ऐसे 52 केंद्रीय अधिनियमों की एक सूची भी भेजी गई है। इस संदर्भ में आवश्यकतानुसार, ऐसे कानूनों को निरस्त करने या पुनः अधिनियमित करने के लिए राज्य सरकार की टिप्पणियां या विचार मांगे गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार जिन अधिनियमों की समीक्षा की जानी है, उनमें विधिक प्रतिनिधि वाद अधिनियम, 1855 (1855 का 12), घातक दुर्घटनाएं अधिनियम, 1855 (1855 का 13), धार्मिक बंदोबस्त अधिनियम, 1863 (1863 का 20), तलाक अधिनियम, 1869 (1869 का 4), भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1), भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 (1872 का 9), भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, 1872 (1872 का 15), विवाहित महिला संपत्ति अधिनियम, 1874 (1874 का 3), बहुसंख्यक अधिनियम, 1875 (1875 का 9), रिलीजियस सोसाइटी एक्ट, 1880 (1880 का 1), काजी अधिनियम, 1880 (1880 का 12), भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (1882 का 2 का), संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 (1882 का 4), वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1887 (1887 का 7), भारतीय सुखाचार अधिनियम, 1882 (1882 का 5), पावर ऑफ अटॉर्नी एक्ट, 1882 (1882 का 7), धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1890 (1890 का 6), गार्डियन एंड वार्ड एक्ट, 1890 (1890 का 8), विभाजन अधिनियम, 1893 (1893 का 4), सामान्य धाराएं अधिनियम, 1897 (1897 का 10), दिवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5), आनंद विवाह अधिनियम, 1909 (1909 का 7), अधिकारिक न्यासी अधिनियम, 1913 (1913 का 2), हिंदू संपत्ति निपटान अधिनियम, 1916 (1916 का 15), धर्मार्थ और धार्मिक न्यास अधिनियम, 1920 (1920 का 14), भरण-पोषण आदेश प्रवर्तन अधिनियम, 1921 (1921 का 18), सिख गुरुद्वारा (पूरक) अधिनियम, 1925 (1925 का 24), भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39), वस्तु विक्रय अधिनियम, 1930 (1930 का 3), हिंदू शिक्षण लाभ अधिनियम, 1930 (1930 का 30), पारसी विवाह और तलाक अधिनियम, 1936 (1936 का 3), आर्य विवाह मान्यता अधिनियम, 1937 (1937 का 19)।

**समीक्षा**

**परिस्थितियों में सभी संविधान-पूर्व कानूनों की उपयुक्तता और प्रासंगिकता के अनुसार जांच की जानी है**

## हीट वेव के चलते बुजुर्गों, छोटे बच्चों व पालतु पशुओं को गर्मी से बचाएं

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। ऐसे में हरियाणा सरकार ने सलाह दी है कि नागरिकों को विशेष सावधानी व बचाव करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचानें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। एडवाइजरी के अनुसार तापमान में हो रही एकाएक बढ़ोतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा गया है कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीएं और भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के, ढीले और छिद्र युक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दुपहरी में घर से बाहर न निकलें।

यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचें।

**सावधानी बरतें**

**शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए**

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनाव ड्यूटी की मानदेय राशि उपलब्ध करवाने में देरी करने पर नपेंगे अधिकारी: दहिया

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि 4 जून को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कार्य संपन्न करवाया जाएगा। इस उद्देश्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। यह जानकारी उन्होंने स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की हिसार संसदीय क्षेत्र (04) में लोकसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। इसके लिए उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार से 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य को भी संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हिसार संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 9 विधानसभा क्षेत्रों में से 7 विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना का कार्य स्थानीय महावीर स्टेडियम एवं पंचायत भवन में किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मतगणना केंद्रों के बाहर सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। सभी मतगणना केंद्रों पर पर्याप्त, स्वच्छ, ठंडा पेयजल व निर्बाध बिजली की आपूर्ति व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए। इन व्यवस्थाओं के अलावा मतगणना केंद्रों पर फायर ब्रिगेड तथा एंबुलेंस की गाड़ी डॉक्टरों सहित उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटा जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव ड्यूटी कर रहे अधिकारियों तथा कर्मचारी को चुनावी ड्यूटी की मानदेय राशि मिलने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद एक सप्ताह के अंदर सभी कर्मियों को मानदेय राशि मिल जानी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में 11 जून को समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी।

### लोकसभा चुनाव के लिए 4 जून को 8 बजे होगी मतों की गणना: प्रतीक हुड्डा

**फतेहबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए टोहाना विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना 4 जून को सुबह 8 बजे चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा के हॉल में शुरू की जाएगी। यह जानकारी देते हुए टोहाना के एसडीएम एवं एआरओ प्रतीक हुड्डा ने बताया कि मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई जाएगी तथा 17 राउंड में मतों की गणना की जाएगी। मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग एसिस्टेंट तथा माइक्रो-ऑब्जर्वर की डयूटी लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राउंड की दो ईवीएम मशीनों की माइक्रो-आब्जर्वर रैंडमली मतों की गणना करें। मतगणना के दौरान 5 बूथों के वीवीपैट के मतों की भी गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान कर्मचारियों को बूथ नंबर व अलॉट की गई कंट्रोल यूनिट के सीरियल नंबर का मिलान करने के पश्चात ही गणना शुरू करनी होगी। एसडीएम ने बताया कि 25 मई को मतदान के दिन टोहाना विधानसभा में कुल 164030 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद ईवीएम और वीवीपेट मशीन स्ट्रॉग रूम में जमा करवा दी गई थी। सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में बनाये गये स्ट्रॉग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। थ्री लेयर सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 4 जून को मतगणना के दिन राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के चुनाव एजेंट की मौजूदगी में ईवीएम स्ट्रॉग रूम खोला जाएगा।

# गवाह को धमकाने के मामले में और दो आरोपी गिरफ्तार

**सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया**

**सफलता**

▶▶ आरोपी ने धमकी दी की अगर हत्या के मामले में उसके खिलाफ गवाही दी तो वह उसको जान से मार देगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**सीआईए** थ्री पुलिस टीम ने हत्या के मामले में जेल से जमानत पर आने के बाद गांव चुलकाना में साथियों के साथ मिलकर हुड़दंगबाजी कर गवाह को धमकाने व हवाई फायर करने मामले में सोमवार शाम को फरार चल रहे और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहित निवासी डाडोला व मुकेश उर्फ भाऊ निवासी बिहौली के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।
इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि मामले में इससे पहले थाना समालखा पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरदीप उर्फ दास्तान, प्रवीन, संदीप, संजू, सतपाल, गोपाल, आजाद, गौरव, गोविंद, नितिन, हवासिंह, विशाल उर्फ धुमा व नरेश निवासी चुलकाना, रोहताश उर्फ मोटा निवासी नोहरा व मंजीत निवासी डाडोला, रविंद्र व रवि निवासी चुलकाना व विपिन निवासी लालपुरा घरौंडा करनाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने मौके से आरोपियों की 11 गाड़ियां जब्त की थी। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा में गांव चुलकाना निवासी पवन ने शिकायत देकर बताया था कि जुलाई 2018 में उसके ताऊ के लड़के सोमपाल की बदमाशों ने हत्या कर दी थी। वारदात बारे थाना समालखा में अभियोग दर्ज है। उक्त मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित वारदात में शामिल उसके अन्य साथी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मामले का मुख्य आरोपी 12 अप्रैल को जेल से जमानत पर बाहर आया है। आरोपी अपने साथ 20/25 गाड़ियों के काफिले में जिनमे संदीप, सोनू, विशाल उर्फ धुमा निवासी चुलकाना व अन्य 70/80 युवकों को साथ लेकर गांव में आया। और गली में उनके घर के सामने आतिश बाजी करने के साथ ही हुड़दंग बाजी कर पिस्तौल से दो फायर किये। वह डर के मारे घर से बाहर नही निकले। आरोपी ने उसको धमकी दी की अगर हत्या के मामले में उसके खिलाफ गवाही दी तो वह उसको जान से मार देगा। पवन की शिकायत पर थाना समालखा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# चोरी के मामले में आरोपी अजय गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 27 मई 2024 को थाना बराडा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक बलकार सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी अजय निवासी डेहा कालोनी बंसतपुरा बराडा थाना बराडा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री सन्तोष कुमार निवासी नजदीक हरिमन्दिर बराडा ने 7 फरवरी 2024 को थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 फरवरी 2024 को किसी अज्ञात ने लाला लाजपतराय भवन बराडा से बैटरे, इन्वर्टर, एल.सी.डी. इत्यादि सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# सीजेएम गायत्री ने दिए योजनाओं का लाभ देने के लिए विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** लघु सचिवालय द्वितीय खंड के समीप स्थित जिला एडीआर सेंटर में विंडो सेल की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं विडो सेल की अध्यक्ष गायत्री ने की। बैठक में विडो सेल से संबंधित फतेहाबाद जिले के आंकड़े प्रस्तुत किए गए। सीजेएम एवं अध्यक्ष गायत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आदेश दिए कि सभी विधवा महिलाओं को नाम के अनुसार सूची तैयार की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि जिले में कितनी विधवा महिलाएं बतौर आशा वर्कर जिले में कार्यरत हैं।
पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि जिला में कितने विधवा महिलाओं ने सुरक्षा व संरक्षण के लिए आवेदन किया है और संबंधित आंकड़े बारे रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए।

# 4 जुलाई को होने वाली मतगणना को लेकर डीसी ने की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर सम्बधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों, हिदायतों के बारे में जानकारी देते हुए मतगणना का कार्य किस प्रकार से किया जाना हैं, इसके बारे में विस्तार से बताया।
उन्होंने कहा कि 29 मई को प्रातः 9 बजे मुरलीधर डीएवी स्कूल अम्बाला शहर में मतगणना की ट्रेंनिग दी जाएगी। जिसमें एआरओ, काउंटिंग सुपरवाइजर, असिस्टेंट तथा माईक्रो ऑब्जर्वर के अलावा उम्मीदवारों के कांउटिंग एजेंट को भी बुलाया गया हैं। उन्होंनें कहा कि ट्रेंनिंग स्थल पर यैलो स्टीकर लगी 10 सीयू (कन्ट्रोल यूनिट) से मतगणना की ट्रेंनिग करवाई जाएगी।
उन्होंनें यह भी कहा कि मतगणना के लिए अम्बाला जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी, नारायणगढ तथा मुलाना के लिए कांउटिंग सुपरवाईजर, असिस्टेंट तथा माईक्रो ऑब्जर्वर की डयूटी रहेगी, उनकी आज पहली रैडामाईजेशन का कार्य पूरा कर लिया गया हैं।
बैठक में रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 शालीन ने कहा कि मतगणना के लिए 14 प्लस 1 काउंटिंग टेबल लगाई जाएगी तथा एआरओ द्वारा प्रत्येक राउंड के पूरा होने के बाद माईक के माध्यम से इस बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंनें कहा कि सभी एआरओ, एईआरओ प्रतिदिन स्ट्रॉग रूम का दौरा करें और वहां पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें तथा रजिस्ट्रर में अपना इन्द्राज भी दर्ज करें। उन्होंनें कहा कि मतगणना केन्द्र में मोबाईल ले जाने पर पांबदी रहेगी तथा कांउटिंग हॉल और बाहर गार्ड रूम के पास एलईडी के माध्यम से भी कांउटिंग के बारे में जानकारी दिखाई जाने का प्रावधान होगा। सुरक्षा की दृष्टि से मतगणना केन्द्र सीसीटीवी कैमरे भी लगवाएं गए हैं। उन्होंनें कहा कि ईटीबीपीएस तथा पोस्टल बैलेट की कांउटिंग का कार्य एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी में किया जाएगा। इसके लिए पांच एआरओ की अलग से डयूटी लगाई गई हैं।

# घर से चोरी करने के मामले में 02 आरोपी गिरफ्तार



**काबू किया**

▶▶ टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में राहुल विकास उर्फ वासीयान अमीन को गिरफ्तार कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने घर से चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने घर से चोरी करने के आरोपी राहुल पुत्र रघबीर व विकास उर्फ बोडम पुत्र सीताराम वासीयान अमीन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 मई को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में जोगिन्द्र सिंह पुत्र मान सिंह वासी गुरदेव नगर थानेसर ने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है। 4 मई को वह अपने परिवार के साथ चन्डीगढ व पिंजोर गार्डन में अपनी रिश्तेदारी में गये हुए थे। 5 मई को जब वह वापस आए तो देखा कि उनके घर के दरवाजे टूटे हुए थे । अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था।
घर के अंदर से सोने के गहने, नकदी व घर का अन्य सामान कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच हैड कांस्टेबल कृष्ण कुमार को सौंपी गई। बाद मे मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। दिनांक 28 मई को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश मे सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, हैड कांस्टेबल पवन कुमार व भजन सिंह की टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में राहुल पुत्र रघबीर व विकास उर्फ बोडम पुत्र सीताराम वासीयान अमीन को गिरफ्तार कर लिया।

# सुप्रीम कोर्ट में लगेगी आज से 3 अगस्त तक स्पेशल लोक अदालत




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रवीण ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस जो जिला अम्बाला से संबंधित पार्टियां हैं तथा विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने केस को निपटाना चाहती हैं तो वे 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
इसके तहत स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चैक बाउंस मामले (सेक्शन-138 एन.आई. एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं अपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले, अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे।

## आज से योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**सोनीपत: जिला** आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ बलविंदर ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के मद्देनजर हैबिटेट क्लब सोनीपत में 29 मई बुधवार से 31 मई शुक्रवार तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का प्रातः 06 से प्रातः 7:30 बजे तक आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जिला में विभिन्न स्टेडियम / व्यायामशालाओं व अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा / पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्ष्ण (सरकारी व प्राईवेट स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षकों, पीटीआई व डीपीआई सभी) जिले के योग समितियों के योग शिक्षक खेल विभाग के योग प्रशिक्षक एवं आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ व आयुष योग सहायकों द्वारा दिया जाएगा।

# मॉनसून से पहले नालों व सीवरेज की सफाई जरूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने आगामी मानसून सीजन में बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों को लेकर अपने कार्यालय के सभागार में अम्बाला छावनी के सम्बंधित विभागों के अधिकरियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की व मैपिंग के माध्यम से ड्रेन सिस्टम की जानकारी ली और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने अम्बाला कैन्ट में गुडगुडियां नाला, गन्दा नाला, जनता स्वीटस के पास नाला और शुभाष पार्क के पास नाला, ऐसे विभिन्न नालों व ड्रेन की जानकारी मैपिंग के माध्यम से ली और उन सभी की सफाई एवं डिस्लिटिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को 2 दिन में फिल्ड विजिट कर उसकी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए और यह सभी कार्यो एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों को 10 जून तक पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सम्बंधित को स्पष्ट निर्देश देते कहा कि अम्बाला कैन्ट में गुडगुडि?ा नाला व गन्दा नाला बड़े नालें है जो आगामी मानसून में बाढ़ का कारण बन सकता है, इसलिए इन नालों की विशेषकर सफाई व डिस्लिटिंग करवाई जाएं ताकि यह आगामी मानसून में बाढ़ का कारण न बनें। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई के साथ-साथ अगर कोई नाला या ड्रेन कही से टूटी हो तो उसकी मुरम्मत को समय रहतें करवां लें। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि नालों, ड्रेन व सीवरेज की सफाई उपरांत उसका कूड़ा-कचरा व मलबा को साथ के साथ डिस्पोज करें। उन्होंने कहा कि ध्यान रहें कचरें को डिस्पोज करने के दौरान आस-पास किसी भी तरह की गन्दगी न फै ले। उन्होंने सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए इन सभी कार्यो को मानसून से पहले जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस बैठक में कर्नल एल हिरोजित, एसडीओ पीडब्ल्यूडी दलबीर सिंह, चीफ सैनिटरी इंस्पेक्टर नगर परिषद् से विनोद बेनिवाल, कैन्टोनमेंट बोर्ड से सतीश गुप्ता व संजल कुमार, उत्तर रेलवे से पी. कुमार व हरेन्द्र सिंह व एनएचएआई विभाग के अधिकारी के साथ- साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

# छात्रों को समाज सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हुआ विश्वविद्यालय स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ**




**कैंप**

▶▶ अंगदान और उससे जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में चार दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इसके उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. अनिल वशिष्ठ एवं विशिष्ट अतिथि गुलजारीलाल नंदा नीति शास्त्र एवं दर्शन शोध केंद्र की निदेशक प्रो. शुचिस्मिता थी।
प्रो. अनिल वशिष्ठ ने अपने संबोधन में छात्रों को समाज सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए यूथ रेड क्रॉस का हिस्सा बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूथ रेड क्रास का प्रमुख उद्देश्य लोगो की स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेडक्रॉस स्वयंसेवक सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना से राष्ट्र और समाज के कल्याण हेतु योगदान करना है।
प्रो. शुचिस्मिता ने विभिन्न आपदाओं के समय यूथ रेड क्रॉस द्वारा किए गए कार्यों का परिचय देते हुए भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया।
यूथ रेड क्रॉस के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश राणा ने इस कार्यक्रम की सभी गतिविधियों का संक्षेप में परिचय दिया और यूथ रेड क्रॉस के मूल सिद्धांतों के बारे में भी बताया और कहा कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रोफेसर दिनेश राणा ने बताया कि रेड क्रास के सात सिद्धांतों में मानवता, एकता, सवतंत्रत्ता, भेदभाव, स्वैछिक कार्यकर्ता, सर्वभोमिकता आदि शामिल है।
प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता डॉ नेहा शर्मा ने अंगदान और उससे जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को स्वयं अंगदान करने और अन्य लोगों को इस विषय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र की वक्ता जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप ने विभिन्न दुर्घटनाओं में दिए जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा का विस्तार से वर्णन करते हुए विभिन्न परिस्थितियों के लिए तैयार रहने और दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया।
इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस के फील्ड कोऑर्डिनेटर डॉ. संतोष कुमार, योगेश कुमार, विभिन्न महाविद्यालयों से आठ काउंसलर और साठ से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का 210 लोगों ने उठाया लाभ





**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, लाला देवीचंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला एवं बाबा बिंजपुरी शिव गोशाला समिति और ग्राम सभा शाहपुर के संयुक्त तत्वावधान में गांव शाहपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंखों व दांतों की निशुल्क जांच करने के साथ-साथ फिजियोथेरेपी परामर्श भी निशुल्क दिया गया। शिविर में मरीजों को यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली, उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क किया जाएगा। शिविर के दौरान दिव्यांग बंधुओं की निशुल्क जांच करके कृत्रिम अंगों हेतु पंजीकरण किया गया। लाला देवीचंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला में कृत्रिम अंग निर्मित करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।
शाहपुर की बाबा बिंजपुरी शिव गोशाला में आयोजित किए गए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का 210 लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान शिविर संयोजक ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, सोहनलाल सिंगल एवं महावीर जांगड़ा, गोशाला के पदाधिकारी, शाहपुर ग्राम सभा से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यगण और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सिमरन कौर धाडली ने अपना नया सिंगल 'दुपट्टा ड्रिल' पेश किया

नई दिल्ली। पंजाब की अनस्टॉपेबल सिमरन कौर धाडली, जो द वीमैन किंग के नाम से मशहूर हैं, ने अपना नया सिंगल दुपट्टा ड्रिल पेश कर हिप-हॉप की दुनिया में हलचल मचा दी है। पंजाबी और हरियाणवी ट्विस्ट के बेहतरीन मिश्रण के साथ इस



शानदार ट्रैक में जाटनी स्वैग पूरे रूबाब में देखने को मिला है। सिमरन की शक्ति और साहस का प्रदर्शन करते हुए इस जोशीली बीट्स ने श्रोताओं के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इस म्यूजिक वीडियो में सिमरन के साथ आकर्षक प्रांजल डाहिया दिखाई दे रहे हैं और दुपट्टा ड्रिल की लहराती धुनें एक स्थायी छाप निर्मित कर रही हैं। यह गीत रावमि हूडा के शानदार लिरिक्स के साथ जोश से भरा हुआ है। इसका निर्माण प्रतिभाशाली निर्माता, स्टेनली क्रिस्ट ने किया है और इसमें हनी विर्क का निर्देशन उनके विजन के साथ पारंपरिकता और हिप-हॉप का अद्वितीय मिश्रण पेश कर रहा है। इस गीत के रिलीज पर उत्साहित सिंगर-परफॉर्मर, सिमरन कौर धाडली ने कहा, यह गीत मेरी संस्कृति और परंपरा की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति पूरे आत्मविश्वास और स्वैग के साथ करता है। दुपट्टा ड्रिल ने मुझे अपनी पैतृक पंजाबी और हरियाणवी बीट्स के साथ अपनी बुनियाद तलाशने का अवसर दिया है। मैं श्रोताओं द्वारा इस गीत के सुने जाने और प्यार की खुशी मनाने का इंतजार कर रही हूँ।

### आधार इंस्टीट्यूट ने की 3 महीने में 100 रोबोटिक सर्जरियां

**हिसार:** हिसार स्थित आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट ने एसएस इनोवेशन्स के साथ साझेदारी में सर्जरी के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है और मेडिकल इनोवेशन एवं तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया है। संस्थान ने हाल ही में मात्र तीन



महीनों के भीतर 100 रोबोटिक सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। एसएस इनोवेशन्स द्वारा पेश किया गया चिकित्सा जगत का चमत्कार एसएसआई मंत्रा का सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम इस उपलब्धि का मुख्य आधार है। इस सिस्टम ने पारम्परिक सर्जरी की सभी सीमाओं को पार कर सर्जरी के परिणामों को सटीक और अनुकूल बनाया है। कुशल सर्जन के मार्गदर्शन में इसकी रोबोटिक्स आर्म्स सटीकता के साथ सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देती हैं। 2015 में अपनी शुरूआत के बाद से आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट हिसार और आस-पास के लोगों को किफायती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी के साथ सर्जिकल इनोवेशन लाने वाला पहला अस्पताल है। आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट द्वारा एसएस इनोवेशन्स के सहयोग से जनरल, गायनेकोलोजिकल, यूरोलोजिकल एवं ओंकोलोजिकल सर्जरियां की गई हैं, जो मिनिमल इनवेसिव प्रक्रियाओं के साथ मरीज को सर्वश्रेष्ठ संभव देखभाल प्रदान करती हैं। इस उपलब्धि पर बात करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर प्रेम श्रीवास्तव, जिन्हें एसएसआई मंत्रा सिस्टम का श्रेय दिया जाता है और रोबो डॉक्टर के नाम से जाना जाता है, उन्होंने कहा, रोबोटिक्स का आगमन चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण मोड़ है। अपनी समृद्ध धरोहर के बावजूद भारत चिकित्सकीय इनोवेशन्स की दृष्टि से अपने विश्वस्तरीय समकक्षों से पीछे रहा है। लेकिन अब एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा के साथ रोबोटिक सर्जरी को सभी मरीजों के लिए सुलभ एवं किफायती बना दिया है, फिर चाहे वे किसी भी भोगोलिक क्षेत्र से ताल्लुक रखते हों।

# मतगणना तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देशानुसार 25 मई को संपन्न हुए मतदान के बाद अब प्रशासन ने 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा गत दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मतगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्मिकों, एआरओ को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के जारी




निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। एडीसी डॉ पंकज यादव ने वीडियो कांफ्रेंस के बाद बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया पूरी होने पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारियों के समर्पण, मेहनत और कुशलता की प्रशंसा की, जिसकी बदौलत चुनाव प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सम्पन्न हुई। वीसी उपरांत अधिकारियों को निर्देश देते हुए एडीसी डॉ पंकज यादव ने कहा कि आर्य शिक्षण संस्थान परिसर में मतगणना की प्रक्रिया पूरी होगी व इसे लेकर अन्य सभी एआरओ चुनाव आयोग की दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न पैदा हो। उन्होंने मतगणना में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों की सही ढंग से ट्रेनिंग करवाने के निर्देश दिए। मतगणना के दिन केंद्रों में सुगम व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था देखने में ना मिले।
उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव आयोग के नियमानुसार रखी गई हैं व स्ट्रांग रूम के गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इस अवसर पर एआरओ एवं एसडीएम पानीपत मनदीप, एआरओ एवं एसडीएम समालखा अमित कुमार, एआरओ एवं एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, नायब तहसीलदार चुनाव सुदेश राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम खुखराना में निशुल्क नेत्र जॉच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट**, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम खुखराना के कश्यप चौपाल में नेत्र जॉच शिविर का आयोजन किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की ग्रामवासियों की स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भाँति श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा देव आई केयर अस्पताल, रामलाल चौक, पानीपत के सहयोग से ग्राम खुखराना में सभी उम्र के लोगो के लिए निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जिसमें 117 ग्रामवासियों के स्वास्थय की जॉच की गई तथा उन्हें निशुल्क चश्में एवं दवाईयों का वितरण किया गया। उक्त शिविर में देव आई केयर अस्पताल, रामलाल चौक, पानीपत के रवि खग और उनके नर्सिंग स्टाफ, खुखराना ग्राम के नरेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि, श्री मनोज रोड, तेजबीर सिंह, एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के राहुल भाद्ववाज, मनीष सैनी, रंजीत सिंह एवं बलवन्त भी मौजूद रहें। समस्त ग्रामवासियों ने इस शिविर में बढचढ कर हिस्सा लिया एवं श्री सीमेन्ट को धन्यवाद दिया एवं उनके द्वारा समय समय पर किये जा रहें सामाजिक कार्यों की प्रंशसा की।




## बाइक चोरी के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर पुलिस लेकर आई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना सेक्टर 13/17 पुलिस** की टीम यूपी की मुजफ्फरनगर जेल में बंद बाइक चोरी के आरोपी को सोमवार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान अर्जुन निवासी बरोदा मुजफ्फरनगर यूपी के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने 19 अक्तूबर 2023 को वृदा एंन्कलेव में गुरूद्वारा के पास से एक स्पलेंडर बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में रविंद्र पुत्र हंसराज निवासी बिचपड़ी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। थाना सेक्टर 13/17 कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आरोपी अर्जुन को गत मार्च माह में यूपी के मुजफ्फरनगर की थाना बुढाना



पुलिस ने जानलेवा हमला के मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने पानीपत के थाना सेक्टर 13/17 की बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे भी स्वीकारा था। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर यूपी पुलिस ने बाइक को 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी अर्जुन को जेल भेज दिया था। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि सूचना मिलने पर थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम सोमवार को यूपी की मुजफ्फरनगर जेल से आरोपी अर्जुन को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। चोरीशुदा बाइक पहले बरामद की जा चुकी है। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया।

## हवाई फायर करनो के मामलो में और दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए थ्री पुलिस टीम** ने हत्या के मामले में जेल से जमानत पर आने के बाद गांव चुलकाना में साथियों के साथ मिलकर हुड़दंगबाजी कर गवाह को धमकाने व हवाई फायर करने मामले में सोमवार शाम को फरार चल रहे और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहित निवासी डाडोला व मुकेश उर्फ भाऊ निवासी बिहौली के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।
इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि मामले में इससे पहले थाना समालखा पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरदीप उर्फ दास्तान, प्रवीन, संदीप, संजू, सतपाल, गोपाल, आजाद, गौरव,



गोविंद, नितिन, हवासिंह, विशाल उर्फ धुमा व नरेश निवासी चुलकाना, रोहताश उर्फ मोटा निवासी नोहरा व मंजीत निवासी डाडोला, रविंद्र व रवि निवासी चुलकाना व विपिन निवासी लालपुरा घरौंडा करनाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने मौके से आरोपियों की 11 गाड़ियां जब्त की थी। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा में गांव चुलकाना निवासी पवन ने शिकायत देकर बताया था कि जुलाई 2018 में उसके ताऊ के लड़के सोमपाल की बदमाशों ने हत्या कर दी थी। वारदात बारे थाना समालखा में अभियोग दर्ज है। उक्त मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित वारदात में शामिल उसके अन्य साथी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। मामले का मुख्य आरोपी 12 अप्रैल को जेल से जमानत पर बाहर आया है। आरोपी अपने साथ 20/25 गाड़ियों के काफिले में जिनमे संदीप, सोनू, विशाल उर्फ धुमा निवासी चुलकाना व अन्य 70/80 युवकों को साथ लेकर गांव में आया। और गली में उनके घर के सामने आतिश बाजी करने के साथ ही हुड़दंग बाजी कर पिस्तौल से दो फायर किये। वह डर के मारे घर से बाहर नही निकले। आरोपी ने उसको धमकी दी की अगर हत्या के मामले में उसके खिलाफ गवाही दी तो वह उसको जान से मार देगा। पवन की शिकायत पर थाना समालखा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी: पंकज

**आम नागरिक लू से बचाव के लिए एडवाइजरी की करें अनुपालना, धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.** पंकज यादव ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

**लू से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय**

अतिरिक्त उपायुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

**अपने जानवरों का लू से कैसे बचाव करें:** अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें।

## गर्मी के से बचाव के करें पुख्ता प्रबंध: शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त शांतनु शर्मा** ने कहा कि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। ऐसे में नागरिकों को विशेष सावधानी व बचाव करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचानें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने तापमान में हो रही एकाएक बढ़ोतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीएं और भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के, ढीले और छिद्र युक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दुपहरी में घर से बाहर न निकलें। यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें। यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें।

## यूथ ब्लड डोनेशन ने पंचायत घर में टीवी, मरीजों को प्रोटीन किट बांटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/झांसा: यूथ ब्लड** डोनेशन सोसायटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि आज पंचायत घर झांसा में आयोजित कार्यक्रम में टी, वी, मरीजों को प्रोटीन किट बांटीं गई जिसमें ,तेल, साबुन, कोलगेट ब्रश ,चावल ,पनीर,दाल, प्रोटीन पदार्थ से भरी हुई थी।इस मौके झांसा के सरपंच पवन गाबा ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि टीवी को जड़ से खत्म



किया जाए इसके लिए ग्राम पंचायत झांसा हर वक्त तैयार है, जितने भी लोग इस बीमारी से ग्रस्त है उनकी मदद के लिए हर वक्त हमारी पंचायत झांसा उनके साथ खड़ी है । यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर जिनकी पूरे भारतवर्ष में एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर अलग से पहचान बना रखी है।

## सैंकड़ों किसानों ने प्रो. विधु को दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**गाँव खोजकीपुर,** संजोली, गोयलाखुर्द, रायमल समेत 5 गाँवों के सैंकड़ों किसानों ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रो. विधु रावल को यमुना खादर की जमीन पर फसल बुआई में शरारती तत्वों द्वारा पैदा की जा रही अड़चनों के विरुद्ध ज्ञापन देकर उक्त जमीन में प्रसाशन की निगरानी में फसल बोने की माँग की। प्रो. विधु रावल ने डीसी पानीपत से बात कर तुरंत समस्या को सुलझाने का आसवासन दिया। प्रो. विधु



रावल ने कहा कि समालखा के किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए वो कृतसंकल्पित हैं तथा प्रशासन की मदद से इन समस्याओं को सुलझा लिया जाएगा। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए प्रो. विधु रावल ने भरोसा दिलवाया कि समालखा की प्रत्येक इंच जमीन से उत्तर प्रदेश के अवैद कब्जाधारियों का कब्जा हटवा कर की वो साँस लेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूद सभी किसान उनके परिवारजन और उनके हक की लड़ाई वो लगातार लड़ते रहेंगे।
मौके पर गोयलाखुर्द के ईश्म सिंह सरपंच, जनेश्वर ईश्वर सिंह नंबरदार, संजोली से भीम सिंह नंबरदार, श्यामा सुपुत्र कर्मा, अतर सिंह, श्याम रावल, सेठपाल व खोजकीपुर से ज़िले सिंह टिक्का, सुरेश सुपुत्र बनवारी, सुरेश सुपुत्र ज़िले सिंह, किरण पवन सिंह, देवी सिंह, पहल सिंह आदि किसान भारी संख्या में उपस्थित थे।

## विकसित राष्ट्र बनाने में आर्य समाज भी देगा योगदान: मेहताब

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बाल भारती परिसर** में स्वतंत्रता सेनानी स्वदेशी आंदोलन के जनक राष्ट्रवादी और महान बलिदानी वीर सावरकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गयो इस अवसर पर आर्य वीर दल के विशेष बाल अधिकार संरक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया। समारोह के मुख्यातिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक रहे। आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान और आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता जगदीश चहल ने की। मुख्य प्रशिक्षक महावीर आर्य ने सभी का स्वागत किया और प्रशिक्षक प्रवीण आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर




विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सात प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया गया। यह जानकारी स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने दी समारोह को संबोधित करते हुए कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों का सदैव ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजादी को सुरक्षित बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने जहां इस देश में बंग-भंग आंदोलन चलाया वहीं स्वदेशी का संदेश देकर भारतीय वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रयोग करने का आवाहन भी कियो उन्होंने कहा कि वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक महाराष्ट्र में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ थो उनके पिता का नाम दामोदर पंत सावरकर और मां का नाम राधाबाई थो पुणे से स्नातक के बाद उन्होंने एलएलबी करने के लिए इंग्लैंड का रुख किया और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए उन्होंने कहा कि आजादी दिलवाने में आर्य समाज ने हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है आजादी के बाद भी आर्य समाज और आर्य समाज वीर दल के स्वयंसेवकों ने हमेशा ही भारत का सहयोग किया है आज आर्य समाज की 10,000 से अधिक संस्थाएं विश्व स्तर पर समाज सेवा करते हुए भारत का नाम रोशन कर रही हैं उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से अनुरोध किया कि वह मां भारती का नाम रोशन करने और और देश की रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहें उन्होंने अध्यापकों से भी अनुरोध किया कि वह बच्चों में अनुशासन की भावना कूट-कूट कर भरें अनुशासन से ही चरित्र का निर्माण होता है और जिसका चरित्र उच्च कोटि का होता है वही महान व्यक्ति बनता है।
इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओम दत्त आर्य ने कहा कि बच्चे इस देश का भविष्य है। इसलिए राष्ट्रवाद की भावना बाल्य काल में ही उनके मन में भर देनी चाहिए राष्ट्र प्रथम की भावना जिस व्यक्ति के मन में होगी वह निश्चित ही राष्ट्रवाद की रक्षा के लिए कार्य करेगो वही व्यक्ति इस देश को 2047 से पूर्व दुनिया का शिक्षित, विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने में सहयोग दे पाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आगामी दसवें विश्व योगा** दिवस की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में पानीपत की मछरौली व्यायाम शाला में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। योग शिविर का संचालन प्रवीण योग सहायक ने किया तथा ग्रामीणों को योग क्रियाएं प्रवीण व गीता योग सहायक द्वारा करवाई गई योग प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीणों को जिला आयुर्वेद अधिकारी संजय ने सम्बोधित करते



हुए कहा कि योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर की ट्रेनिंग का प्रथम चरण में आयुष विभाग द्वारा जिले के सभी व्यायाम शालाओं में 34 योग सहायकों द्वारा कराया जा रहा है उन्होंने बताया कि 28 व 29 मई को पानीपत की चार व्यायाम शालाओं में योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हरियाणा योग के फेसबुक पेज पर लाइव किया जाएगा। डॉ संजय राजपाल ने बताया कि योग करने से हमारा शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है।

## संपादकीय

# बढ़ता ताप, झुलसती धरती

**दुनिया** और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है? यह सवाल बेहद गंभीर है और लोग इससे कब तक बेखबर रहेंगे यह समझ से परे है। अब तो इंसान क्या दूसरे जीव, जन्तु भी गर्मी से बेहाल होकर इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि कई तरह की तबाहियों का कारण बने हुए हैं। लेकिन हम हैं कि अपनी प्यारी धरती की तपिश को बजाए कम करने के और बढ़ाए जा रहे हैं। दुनिया में क्या धरती का तापमान बढ़ाकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है? क्या दुनिया में अबकी बार साल 2023 से अधिक गर्म 2024 कहलाएगा? जलवायु शोधकर्ता इसी पर चिंतित हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वैज्ञानिकों ने ही खुलासा किया था कि पिछले साल उत्तरी गोलार्ध में इतनी गर्मी पड़ी कि करीब 2,000 साल का रिकॉर्ड टूटा और इसीलिए 2023, धरती पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष कहलाया। अब इंग्लैंड में रोहेम्पटन विश्वविद्यालय का सामने आया नया शोध बेहद चिंताजनक है जो बताता है कि जब पृथ्वी का बाहरी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो जाता है तो इंसान का शरीर इससे ज्यादा गर्मी सहन करनी की शक्ति खोने लगता है। इसके चलते कई अंग प्रभावित होने लगते हैं। अनेकों चिकित्सकीय शोधों से भी साफ हो चुका है कि मानव शरीर अनुकूल परिस्थितियों तक ही तापमान सहजता से सहन कर पाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में कई अंगों के प्रभावित होने या शिथिल या काम बंद कर देने के खतरे बढ़ जाते हैं। सबको पता है कि शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा जलतत्व से निर्मित है। यही शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से मुकाबला करते हैं। इसका साधारण उदाहरण शरीर में गर्मी लगते ही पसीना आना है। लेकिन जब शरीर में मौजूद जलतत्व, पसीना बनकर उड़ जाएगा तो स्वाभाविक है कि शरीर में पानी की कमीं होगी। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं शरीर के कई ऐसे संवेदनशील आंतरिक अंग हैं जो पानी या जलतत्व के निश्चित मात्रा में रहे आने पर ही सुचारु पूर्वक काम करते हैं। जब भीषण गर्मी में लगातार शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना अनजाने या मजबूरी में संभव नहीं हो पाता है तब इसका असर हमारे आंतरिक अंगों पर भी पड़ता है। इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों का अनायास शिकार हो जाता है। शरीर में जलतत्व की कमीं का प्रभाव लोगों पर सेहत के हिसाब से अलग-अलग पड़ता है। किसी को चक्कर आता है तो कोई सिरदर्द की शिकायत करता है। कई बेहोश हो जाते हैं तो किसी की नाक से खून आ जाता है। कई लोगों को सांस में दिक्कत होने लगती है। कई कारण हैं जो बाहर से तो समझ आ जाते हैं लेकिन आंतरिक अंगों पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणाम बाहर न तो दिखते हैं और न ही जल्द समझ आते। यही बहुत हानिकारक होते हैं। सांस फूलने से हृदय में रक्त का प्रवाह अनियमित हो जाता है। फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है। रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है और मौत तक संभव है। हम भारत के संदर्भ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखें तो इससे जहां आम मध्यम लोगों में गुर्दों पर बुरा असर पड़ने के साथ हृदय या सांस संबंधी बीमारियां एकाएक बढ़ सकती हैं। वहीं गरीबों या आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, किसान और रोजाना कमाने खाने वाले मजदूर इसके ज्यादा शिकार होते हैं।

# पर्यावरण के पंच तत्वों के संरक्षक, तुलसी के श्री राम

डॉक्टर रामानुज पाठक

> "तुलसीदास के पंच तत्व "क्षिति ,जल, पावक ,गगन ,समीरा" ही इस ताने-बाने के आधार हैं। क्षि ती यानी "पृथ्वी ".सीता का शाब्दिक अर्थ है ,हल की लकीर से जन्मी। हल की लकीर से "अनाज "जन्मता है कृषि सभ्यता के प्रतिनिधि रूप में राम ने सीता का वरण किया, दूसरी ओर अनाज पर निर्भरता के लिए रावण को खेती लायक जमीन की जरूरत थी ,बाली से दोस्ती कर पहले ही रावण ने वनोपज का इंतजाम कर रखा था। जंगल की जमीन को कृषि भूमि में बदलना चाहता था इसलिए वह उन सभी को लगातार परेशान कर रहा था जो जंगल में रहकर वन सभ्यता को बनाए और बचाए रखने की कोशिश कर रहे थे।"औद्योगिक सभ्यता "का प्रतीक महापुरुष रावण भी तो सीता स्वयंवर में उपस्थित था क्योंकि वह जानता था कि औद्योगिक संस्कृति के लिए हल की लकीर से जन्मी "अन्न रूपी सीता" की आवश्यकता है"

**यह** जरूरी नहीं कि व्यक्ति की सोच उसकी समाज की भी सोच हो।जरूरी यह भी नहीं कि सामाजिक सोच व्यक्ति के निजी जीवन में भी कोई महत्त्व रखती हो,लेकिन कुछ सोच ऐसे तथ्य हैं जो समय, समाज और सभ्यता के सोच हैं।ऐसा ही एक सोच है" पर्यावरण" ।इस सोच का रामकथा की सबसे ज्यादा लोकप्रिय पहचान को रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने पांच शब्दो मे उकेरा है, क्षिति, जल,पावक,गगन,समीरा ।उत्तरकांड की यह उक्ति "संत, विटप,सरिता, गिरि, धरिनी ।परहित हेतु,सबिन्ह की करनी।।अपने समय के पर्यावरण के पंच तत्वों को उजागर करती है ।यदि हम रामायण का सही अर्थ समझते तो अपने प्राकृतिक संसाधनों को नहीं रौंदते,बल्कि हम उसके साथ संतुलन बनाए रखने को प्रतिबद्ध रहते, उसका आदर करते जैसा कि रामकथा के विभिन्न प्रसंगों में पाया जाता है ।रामकथा के बालकांड में शिवजी पार्वती जी से कहते हैं कि"हे भवानी जब पृथ्वी पर असुरों का उपद्रव,अत्याचार,और पाप, बढ़ने लगे ,और उनके द्वारा धर्म की जड़े काटी गई,तब संसार में ऐसा भ्रष्ट आचरण व्याप्त हो गया था कि धर्म तो सुनने में भी नहीं आता था ।इस प्रकार धर्म के प्रति लोगों की अतिशय ग्लानि ,अरुचि और अनास्था देखकर पृथ्वी भयभीत एवं व्याकुल हो गई, वह सोचने लगी के पर्वतों ,नदियों और समुद्रों का बोझ मुझे इतना नहीं मालूम पड़ता जितना भारी मुझे एक परिद्रोही लगता है ,पृथ्वी सारे धर्मों को विपरीत देख रही है पर असुरों से इतनी भयभीत हुई है कि वह कुछ बोल नहीं सकी ,अंत में वह गाय का रूप धारण कर देवताओं और मुनियों के पास गई और उनको अपना दुख सुनाया तब देवता मुनि और गंधर्व सब मिलकर सत्यलोक में ब्रह्मा के पास गए और उनको अपनी व्यथा सुनाई बाद की कथा सब को ज्ञात ही होगी। एक अन्य प्रसंग में "कृषि सभ्यता "और "वन सभ्यता" के बीच की दूरी भी परिलक्षित हुई है कैकई ने राजा दशरथ से राम को बनवास देने का वर मांगा था दशरथ कैकई वातार्लाप में तुलसीदास राजा के मनोरथ को सुंदरबन मानते हैं, सुख सुंदर पक्षियों का समुदाय है ,जिसमें भीलनी की तरह कैकई अपनी वचन रूपी भयंकर बाण छोड़ना चाहती है ,जंगल एक भयानक चेहरा बन गया था जब सीता ने राम के साथ वन जाने का आग्रह किया तब



कौशल्या ने वन का चित्रण करते हुए कहा कि हाथी ,सिंह, राक्षस आदि अनेक दुष्ट जीव जंतु ,बन में भी चलते रहते हैं रामकथा का उद्देश्य ही कृषि सभ्यता और वन सभ्यता के बीच टूटे हुए संबंधों को स्थापित करना था ,इस पड़ाव की पहली कड़ी थी विश्वामित्र का राम लक्ष्मण को वन में ले जाना रामकथा के संदर्भ में एक अन्य प्रसंग में भरत ,राम को मनाने उन्हें वापस अयोध्या ले जाने के लिए वन में जाते हैं ,राह में ऋषि भारद्वाज के आश्रम में भी जाते जब ऋषि भारद्वाज ने भरत को सेना सहित भोजन के लिए आमंत्रित करते हुए पूछा कि भरत आप अपनी सेना को दूर छोड़ कर अकेले क्यों आए हैं ,इस प्रश्न के उत्तर में भरत ने कहा कि मुनिवर इस भय से मैं सेना सहित यहां नहीं आया कि राजा अथवा राजपुत्र को तपस्वियों के आश्रम से दूर रहना चाहिए उसके साथ चलने वाले मनुष्य, घोड़े एवं मतवाले हाथी ,विशाल भूमि को घेर कर चलते हैं वे यहां आकर आश्रम के वृक्षों ,जल ,भूमि एवं कई जड़ी बूटियों ,कुटियाओं को हानि ना पहुंचाएं इसलिए मैं अकेला यहां आया हूं। पंचतत्व की जड़ में धरती है। अहिल्या का अर्थ अहिल्या उद्धार "परती धरती" को फिर से हरा भरा बनाने की कथा है अहिल्या का अर्थ होता है वह भूमि जिस पर हम "हल चलाने में असमर्थ "होंअर्थात जहां हल चलाना मुश्किल हो या जिस पर हल ना चल सके, इंद्र वर्षा के देवता हैं ।बिना मौसम बरसात भी उनकी एक आदत है जिसके कारण धरती बर्बाद होती है इन प्रतीकों के संदर्भ में ही इंद्र को श्राप और अहिल्या उद्धार समझा जाना चाहिए ।जब इंद्र गौतम पत्नी "अहिल्या "के पास जाते हैं तो कहते हैंकि "हे सुंदरी रति के इच्छुक जन रीतिकाल की प्रतीक्षा नहीं करते "रितु काल के बिना बरसात धरती की दुर्गति ही करती है। प्रतीकात्मक रूप में तुलसी की राम कथा का सारा ताना-बाना पर्यावरण को बचाने के लिए ही रचा गया है। तुलसीदास के पंच तत्व "क्षिति ,जल, पावक ,गगन ,समीरा" ही इस ताने-बाने के आधार हैं। क्षि ती यानी "पृथ्वी ".सीता का शाब्दिक अर्थ है ,हल की लकीर से जन्मी। हल की लकीर से "अनाज "जन्मता है कृषि सभ्यता के प्रतिनिधि रूप में राम ने सीता का वरण किया, दूसरी ओर अनाज पर निर्भरता के लिए रावण को खेती लायक जमीन की जरूरत थी ,बाली से दोस्ती कर पहले ही रावण ने वनोपज का इंतजाम कर रखा था। जंगल की जमीन को कृषि भूमि में बदलना चाहता था इसलिए वह उन सभी को लगातार परेशान कर रहा था जो जंगल में रहकर वन सभ्यता को बनाए और बचाए रखने की कोशिश कर रहे थे।"औद्योगिक सभ्यता "का प्रतीक महापुरुष रावण भी तो सीता स्वयंवर में उपस्थित था क्योंकि वह जानता था कि औद्योगिक संस्कृति के लिए हल की लकीर से जन्मी "अन्न रूपी सीता" की आवश्यकता है। रामायण कालीन समाज की पहली आवश्यकता हो गई थी कृषि और वन सभ्यता की एकता और इसलिए रचा गया राम वन वास का प्रसंग जहां कौशल्या ने राम को आशीर्वाद देते हुए कामना की थी कि, "पितु वन देव मातु वन देवी"। गोस्वामी तुलसीदास ने पर्यावरणीय परिवार को कितना महत्व दिया था यह सीता के उन वचनों से मिलता जब वे राम के साथ वन जाने के लिए वनों के सुखों का बखान करती हैं। गोस्वामी तुलसीदास प्रकृति के असमान्य व्यवहार से भी मनुष्य के विकृत व्यवहार से तुलना करने में भी नहीं चूकते ।किष्किंधा कांड में वर्षा ऋतु के वर्णन में जहां एक और बादल पृथ्वी के समीप आकर बरस रहे हैं जैसे विद्या पाकर विद्वान नम्र हो जाते हैं ,वहीं दूसरी ओर बूंदों की चोट पर पर्वत कैसे सहते हैं: "बूंद आघात सहहि गिरी कैसे ,खल के बचन संत सह जैसे।"वे सामाजिक विकृतियों को भी उद्धत करते हैं ।कृषि सभ्यता और वन सभ्यता की एकता के सामने लोभ लिप्सा से ओतप्रोत औद्योगिक सभ्यता को पराजित होना ही था। सीता को रावण ने अशोक वाटिका में रखा, सोने की लंका में यहीं एक हरियाली थी जिसे रावण के महलों में कैद नहीं किया जा सकता था। "वन सभ्यता के लोग हरियाली नष्ट नहीं करते "इसलिए हनुमान ने अशोक वाटिका को छोड़कर लंका जला डाली। सुषेण वैद्य ने लक्ष्मण को नाक से सुनने योग्य महान औषधि जिसे संजीवनी बूटी कहा गया जिसकी गंध सूंघकर मूर्छित लक्ष्मण फिर सेअच्छे हो गए थे तुलसीदास ने उसे संजीवनी बूटी का नाम दिया ,हनुमानजी अति विनीत भाव से औषधि संजीवनी बूटी से प्रार्थना कर के पर्वत सहित उठा कर लाए थे जिसे उपयोग के बाद यथास्थान पर पहुंचा भी आए थे यही कृषि और ऋषि परम थी। आज की उपभोक्ता संस्कृति प्रकृति का क्रूरतम ढंग से विदोहन करती है। रावण ने प्रकृति के पंच तत्वों को कैद कर रखा था उनकी मुक्ति के लिए किसी राम की आवश्यकता थी जो "कृषि सभ्यता" और "वन सभ्यता" की एकता को मजबूत करते हुए पूंजीवादी तत्वों से धरती की बेटी "सीता "के समेत अन्य पर्यावरणीय तत्वों को मुक्ति दिला सके। प्रकृति द्वारा स्वतः एवं स्वाभाविक रूप से प्रदर्शित उपहारों का प्रकृति के प्रति आत्मीयता या कृतज्ञता रखते हुए उपभोग करना ही रामराज्य का आदर्श है। रामराज्य में प्रकृति से मानव का अद्भुत सामंजस्य था देखिए:सरिता सकल बहही बर बारी,शीतल अमल स्वाद सुखकारी। फूलहि फलहि सदा तरु कानन , रहहि एक संग जग पंचानन। खग, मृग सहज बयरू बिसराई , सबही परस्पर प्रीति बढ़ाई। कूजहि खग मृग नाना वृंदा, अभय चरहि, वन करही अनंदा। शीतल सुरभि पवन बह मंदा, गुंजत अलि ले चली मकरंदा।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

ललित गर्ग

**अठारहवीं** लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है।

नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है। यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे।

## विचार

# प्रचंड गर्मी में ठंडक देता 'मिट्टी का घड़ा'

**गर्मियों के** मौसम में आज भी कई घरों में मिट्टी का बना घड़ा या मटका नजर आ जाता है। भारत में मटके में पानी रखने की परंपरा बहुत पुरानी है। कई तरह के वॉटर प्?यूरीफायर और कंटेनर्स आने के बाद भी आज तक लोग मिट्टी का घड़ा अपने घरों में रखते हैं। मिट्टी में कई प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसमें लाभकारी मिनरल्स मौजूद होते हैं जो शरीर को विषैले तत्वों से मुक्ति दिलाते हैं। मिट्टी के घड़े में पानी रखने से पानी में मिट्टी की सोंधी खुशबू समा जाती थी। जब हम इस पानी को पीते थे तो प्यास बुझने के साथ ही हमें एक संतुष्टि भी मिलती थी जबकि फ्रिज का पानी पीने से ना तो प्यास ही बुझ पाती है और ना ही संतुष्टि मिलती है। मिट्टी का घड़ा हर साल बदला जाता था और कभी-कभी सीजन में दो या तीन घरों की जरूरत पड़ती थी। ऐसे में कुम्हार भाइयों को पूरे साल भर रोजगार मिला रहता था। आज हर घर में फ्रिज आ जाने से यह व्यवसाय पूरी तरीके से नष्ट हो चुका है। मिट्टी के घड़े खरीदने के दोहरे फायदे हैं। इसलिए आज ही अपने घर में एक सुन्दर सा मटका ले आइये और स्वस्थ रहिये। मुझे याद है आज से 20-25 साल पहले जब हम छोटे हुआ करते थे उम्र यही कोई पांच 7 साल के आसपास, तब घरों में फ्रिज बहुत ही दुर्लभ चीज हुआ करती थी। जिसके घर में फ्रिज होता था हम उसे बहुत अमीर आदमी मानते थे। हमारे घर में फ्रिज नहीं था तो हमें यह लगता था कि हम बहुत गरीब हैं। उस समय फ्रिज की आइसक्रीम खाने के लिए पूरा मोहल्ला किसी एक ही घर परिवार पर आश्रित रहता था। लेकिन ठंडा पानी पीने के लिए लगभग सभी घरों में घड़े हुआ करते थे। और आज जब लगभग सभी घरों में फ्रिज है तो मैं उन दिनों को याद करता हूं जब हम छत पर सोते थे और एक छोटी सी सुराही भी अपने साथ लेकर सोते थे कि अगर रात में पानी पीने की जरूरत हो तो उस सुराही से निकाल कर के पी सकें। गर्मियों में फ्रिज का पानी पीना सब को अच्छा लगता है। परंतु फ्रिज का पानी पीने से कुछ देर के लिए तो हमें ठंडक मिलती है लेकिन बाद में बहुत ही जल्दी प्यास लगाती है और यह गर्मी भी प्रदान करता है। परंतु मटके का पानी जो प्यास बुझाता है उसका मुकाबला फ्रिज के पानी से नहीं किया जा सकता। मटके का पानी कई बीमारियों को दूर करता है जबकि दूसरी ओर फ्रिज का पानी कई बीमारियों को जन्म देता है। मटका शुद्ध मिट्टी से बना हुआ होता है। इसलिए मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। मटके का पानी पीने से काफी देर तक प्यास नहीं लगती है जबकि फ्रिज का पानी पीने से उसी समय दुबारा पानी पीने का मन करता है। फ्रिज का पानी चाहे कितनी बार भी क्यों न पी लो परंतु प्यास बुझती ही नहीं है। मटके का पानी पीने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। मटके का पानी पीने से पेट में गैस नहीं बनती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। सबसे बड़ी बात मटके का पानी पीने से हमारे मटका बनाने वाले भाइयों को रोजगार मिलता है। मिट्टी के घड़े में पानी बाहरी तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता है। अगर बाहरी तापमान में गर्मी ज्यादा है तो मिट्टी के घड़े का पानी ज्यादा ठंडा होगा और अगर बाहरी तापमान थोड़ा कम गर्म है तो पानी भी कम गर्म रहेगा। ऐसे में मिट्टी के घड़े में रखा पानी हमेशा शरीर के तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता था और यही कारण है कि मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी कभी भी नुकसान नहीं करता जबकि फ्रिज से निकाला हुआ पानी पीने से सर्दी जुकाम की संभावना बनी रहती है। मिट्टी के घड़े में पानी रखने से मिट्टी में उपस्थित बहुत से खनिज तत्व उस पानी में मिल जाते हैं और जब हम उस पानी को पीते हैं तो वह खनिज तत्व हमारे शरीर में पहुंचकर हमारे शरीर को पोषित करते हैं। जैसा हम जानते हैं कि मिट्टी में लगभग 80 प्रकार के खनिज तत्व विभिन्न मात्रा में मौजूद होते हैं। इन तत्वों में बहुत सारे तत्व हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद है। आज लोग फ्रिज का पानी पी रहे हैं लेकिन साथ ही मिनरल सप्लीमेंट भी ले रहे हैं। जबकि पहले किसी को मिनरल सप्लीमेंट लेने की जरूरत नहीं होती थी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ऊर्जावान नौजवानों भविष्य को मुट्ठी में कर लो

संजीव

**वैश्विक स्तर** पर भारत देश को युवा जनसंख्या का सरताज देश माना जाता है। भारत के नौजवानों की क्षमता का लोहा अमेरिका, ब्रिटेन,फ्रांस, कनाडा, इजरायल और अन्य पश्चिमी देश मानते हैं। विश्व में ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं जहां भारत की युवा जनसंख्या ने अपना परचम ना फैलाया हो। इसीलिए नेपथ्य के परिदृश्य में यह आवाज सदैव बुलंद होती है कि युवा देश के युवा नागरिकों आगे बढ़ो दुनिया को मुट्ठी में कर लो, भविष्य हमेशा तुम्हारा है और रहेगा। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है।

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है।

# अभी भी हैं ऐसे गाँव

डॉ. सुरेश कुमार

**हमारे गाँव में**, कुत्तों ने भी भौंकना छोड़ दिया है। वे जानते हैं कि अब उन्हें सुनने वाला कोई नहीं है। कभी जीवंत समुदाय की चुप्पी अब खाली गलियों में गूंजती है। यहां तो छाया भी हमें छोड़ चुकी है। हमारे गाँव में जीवन एक म्यूजिकल चेयर के खेल की तरह है, जिसमें आशा को हराकर हर बार निराशा ही जीत जाती है। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप किसी अंतहीन नाटक में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और त्रासदी यह है जिसमें कोई कमर्शियल ब्रेक नहीं है। पड़ोसियों की फुसफुसाहट और बूढ़ों की आहें इस नाटक को खोलती हैं, जो अपने बरामदों में बैठकर हंसते और आशाओं से भरे दिनों की यादें ताजा करते हैं। यह इतना छोटा है कि जनगणना करने वाला हमें खोजने के लिए मैग्निफाइंग ग्लास का उपयोग करता है, लेकिन अब वह भी आना बंद कर चुका है। गाँव में रहने वालों के दिन का मुख्य आकर्षण गाय का चरना देखना है। ऐसे पलों की सादगी ने कभी खुशी दी थी, लेकिन अब यह केवल याद दिलाता है कि हम किस जीवन से वंचित हैं। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो खरपतवारों से तेज बढ़ती है, वह है गपशप। जो कहानियाँ हम बुनते हैं वे धागे हैं जो हमें पूरी तरह से टूटने से रोकती हैं। आपने सच्चे एकांत का अनुभव तब तक नहीं किया है जब तक आपने बिना वाई-फाई वाले गाँव में जीवन नहीं बिताया है। बाहरी दुनिया से एकदम कटा हुआ है, और अकेलापन गहरा है। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो हवा से तेज यात्रा करती है, वह है मजेदार गपशप। लेकिन अब उसकी भी मोहकता खत्म हो चुकी है क्योंकि कहानियाँ दोहराई जाने लगी हैं। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक समय यात्रा में फंसे हों, जहां प्रगति केवल एक दूर का सपना है। हमारा गाँव इतना दूर है कि यहां तक कि गूगल मैप्स भी हमें खोजने की कोशिश छोड़ देता है। दुनिया आगे बढ़ चुकी है, हमें पीछे छोड़ते हुए केवल मौसम बदलते हैं। हमारे गाँव में, स्थानीय नाई कस्बे के थेरेपिस्ट की भी भूमिका निभाता है। उसकी कुर्सी ने बाल कटवाने से ज्यादा आँसू देखे हैं। वह धैर्यपूर्वक सुनता है, वही सांत्वना और सलाह के शब्द देता है। किसी का बेटा शहर गया है तो किसी का पिता। वह उन्हें झूठा ढांढस बंधाता है कि वे दशहरे या दीपावली को लौटेंगे। सारे त्यौहार कैलेंडर में बदलते हैं, हकीकत में कुछ नहीं बदलता है।

## न्यूज फ्लैश

### 4.800 किलोग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करके आरोपी रामप्रीत पुत्र अच्छेलाल वासी गौरा बरहज, थाना बरहज जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश को थाना तरावड़ी क्षेत्र में गांव डोडवा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी कब्जे से 4.800 किलोग्राम चरस बरामद की गई। इस संबंध में निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे की इस खेप को बिहार से लेकर आया था और यहां इसे बड़ी कीमत में बेचकर पैसे कमाने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। उन्होंने बताया कि आज आरोपी को अदालत में पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा व उससे पूछताछ के आधार पर बिहार में रेड की जाएगी।

### भारत के युवा हैं देश की आन-बान-शानः भट्ट

पानीपत/कमाल हुसैन



**भाजपा जिला कार्यालय** में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गयो बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने को शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी बैठक को संबोधित कियो आज की बैठक का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के बाद की समीक्षा रहो बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि संगठन में अद्भुत शक्ति होती है और संगठन की सफलता से ही सरकार का गठन होता है इसलिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जातिवाद, परिवारवाद की भावना से ऊपर उठकर समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य करें जिला अध्यक्ष भट्ट ने इन लोकसभा चुनाव में पानीपत जिला के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पित भाव से जिम्मेदारी का निर्वहन करने पर खुशी जाहिर की उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं है इसलिए सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए अभी से रणनीति बनाकर कार्य में जुट जाएं उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रबंधन सबसे बेहतर है इसीलिए भाजपा को विश्व की सबसे अधिक अनुशासित पार्टी कहा गया है उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और भाजपा के युवा कार्यकताओं में इन चुनावों में पार्टी को जिताने के लिए अहम भूमिका अदा की है उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति वर्तमान में कठोर श्रम करता है वही सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ता है हमें इतिहास से सीख लेनी चाहिए भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ सदैव अग्रसर होते रहना चाहिऐ किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों अथक मेहनत और प्रयास करने होते हैं।

### 31 मई से 5 जून तक अमेजन फैशन पर 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' के 14वें संस्करण के लिए हो जाइए तैयार

**नोएडा।** सूरज अपनी गर्मी से सबको पस्त कर रहा है, तो गर्मियों के स्टाइलिश और आरामदायक आप्शन से अपनी वार्डरोब को रिफ्रेश करने का भी यही समय है, इसमें आपकी मदद करने के लिए अमेजन फैशन की बहुप्रतीक्षित वार्डरोब रिफ्रेश सेल वापस आ गई है। अमेजन की इस महासेल के 14वें संस्करण में फैशन-फॉरवर्ड प्रोडक्ट की विशाल रेंज ऑफर की जाएगी, जिसमें समर रिसॉर्ट वियर का खास ख्याल रखा जाएगा। 1500 से ज्यादा जैसे बिबा, एलन सोली, वैन ह्यूसेन, क्रॉक्स, प्यूमा, माइकल कोर्स, टाइटन, फास्टट्रैक, लक्मे, जीआईवीए, बिबा, लावी, डोव, सफारी, अमेरिकन टूरिस्टर, पियोरा, यूबेला और अन्य के 30 मिलियन से ज्यादा सलेक्शन और 3 मिलियन से ज्यादा स्टाइल में से अपना मनपसंद प्रोडक्ट चुन सकते हैं। अमेजन फैशन के वाइस प्रेजीडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा "अमेजन फैशन में, आकर्षक दाम एवं सुविधा के साथ हम अपने ग्राहकों को ब्रांड, ट्रेंडिंग स्टाइल, नए लॉन्च, दुर्लभ खोजों का व्यापक सलेक्शन प्रदान करके उनकी अनूठी शैली की खोज करने के लिए सशक्त बनाने में यकीन रखते हैं।

# अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ मतगणना कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन

## रेंडमाइजेशन प्रकिया के माध्यम से जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए टीम का चयन किया गया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। जिला में 4 जून** को होने वाली 18वें लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव की मतगणना को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन प्रकिया के माध्यम से जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए टीम का चयन किया गया। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रकिया पारदर्शी तरीके से भारत निर्वाचन आयोग के सिस्टम पर की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में लोकसभा के आम चुनाव हो चुके हैं तथा अब मंगलवार 4 जून को मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। मतगणना के दौरान पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रकिया है। यह प्रकिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होती है। मतगणना के मेंहेजर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना टीम में मतगणना ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक शामिल होंगे।

**सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रांग रूम की 24 घंटे की जा रही मॉनिटरिंग**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम मशीन को वीवीपैट सहित पूर्ण सुरक्षात्मक तरीके से स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ईवीएम व वीवीपैट की निगरानी के लिए जहां ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं वहीं सीसीटीवी से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। स्ट्रांग रूम के इनर कॉर्डन में सीआईएफ व सेंट्रल आर्म्ड फोर्स पुलिस, मिडिल कॉर्डन में हरियाणा आर्म्ड तथा आउटर कॉर्डन में जिला पुलिस द्वारा यानी तीन घेरे में फुल प्रूफ सुरक्षा की जा रही है। इसके अलावा डीएसपी रैंक और सिविल डिपार्टमेंट की तरफ से गजेटेड ऑफिसर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी भी लगाए गए हैं।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रथम चरण की रेंडमाइजेशन में प्रत्येक काउंटिंग सैंटर पर 14 काउंटिंग टेबल की व्यवस्था की जा रही है।

## पार्टी विरोधी काम करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा- मोहनलाल बडोली



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत :** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी व विधायक राई मोहनलाल बडोली ने विधान सभा सोनीपत की निजी कार्यालय पर चुनावी समीक्षा बैठक के दौरान प्रेस वार्ता कि इस दौरान शांति से चुनाव सम्पन्न होने पर प्रशासन, जनता व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा की चुनाव के दौरान हमने जनता के बिच भारतीय जनता पार्टी की आगामी नीतियों और प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विचार रखे और जनता ने लगभग दो लाख से मुझे जीत का आशीर्वाद दिया है। प्रचार के दौरान किसानों, कर्मचारी आदि कि समस्या का समाधान करने का काम किया है और जो बाकी समस्याएं हैं उनका भी जल्द समाधान किया जायेगा एक पत्रकार साथी के प्रशन के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के जिन नेताओ ने चुनाव के दौरान पार्टी उम्मीदवार का जो नुकसान किया है उनके खिलाफ पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संज्ञान लेगा। उन्होंने बताया कि प्रचार के दौरान अलग-अलग गांव की अलग-अलग समस्याएं हैं जैसे ट्रेन की खुदाई का मामला पीने के पानी की समस्या मेट्रो रेल की डिमांड आदि को शपथ लेने के बाद पूरा करवाने में प्रमुखता दी जाएगी।

## भाजपा पदाधिकारियों की हुई बैठक

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा जिला कार्यालय में** पार्टी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गयो बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने को शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी बैठक को संबोधित कियो आज की बैठक का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के बाद की समीक्षा रहो बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि संगठन में अद्भुत शक्ति होती है और संगठन की सफलता से ही सरकार का गठन होता है इसलिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जातिवाद, परिवारवाद की भावना से ऊपर उठकर समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य करें।

## महिला विरूद्ध अपराधों के बारे में किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जयसिंहपुरा, असंध और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बल्ला की छात्राओं को महिला विरूद्ध अपराधों और हेल्पलाइन नंबर 1091 के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति भी सजग किया गया। उन्होंने स्कूली छात्राओं को महिलाओं को क्या-क्या अधिकार प्राप्त हैं और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कौन-कौन से कानून बनाए गए हैं, उनके विषय में विस्तार से बताया गया। महिलाओं के हित के लिए कानून बनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सार्थक भागीदारी का समर्थन करना, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देना है। राजेश लता ने छात्राओं से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने छात्राओं को बताया कि यदि आपके साथ कुछ ऐसा हो रहा है, जिससे आप सहज अनुभव नहीं कर रही हैं तो आपको तुरंत उसका विरोध करना चाहिए। यदि आपको अपने आसपास कुछ नया एवं अजीब देखने को मिले तो उस विषय में आपको स्कूल में अपने क्लास टीचर या घर पर माता पिता से चर्चा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को बताया कि संस्थान में आने-जाने के समय यदि आपको रास्ते में कोई परेशान करता है या आपका पीछा कर रहा है तो बिना किसी देरी के ऐसे व्यक्ति की शिकायत अपनी कक्षा के अध्यापक या घर पर माता-पिता से करनी चाहिए। यदि आप लोग उनसे चर्चा करोगे तो वे लोग समय रहते आपकी परेशानी का हल निकालने में आपकी सहायता अवश्य करेंगे। राजेश लता ने कहा कि कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जहां महिलाएं अपना योगदान न दे रही हों, घर हो या बाहर महिलाएं अपनी जिम्मेवारियों को बखूबी निभा रही हैं, लेकिन ऐसी कई वजहें भी हैं, जिनकी वजह से उन्हें पुरूषों की तुलना ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## महंत राजेंद्र कर रहे पंच धूणी अग्नि तपस्या



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी के** जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी विश्व कल्याण एवं शांति के लिए अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या कर रहे हैं। अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या के छठे दिन भी दर्शनों एवं पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जला देने वाली गर्मी और चारों ओर आग के ढेरों के बीच तपस्या कर रहे महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि उनके जीवन का मकसद है कि सनातन धर्म की आवाज विश्व के हर कोने में बुलंद हो। इसके लिए देश विदेश में निरंतर धर्म प्रचार का अभियान भी चला रहे हैं। अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या के छठे दिन मोक्षस्वरूप के अन्य राज्यों से संत महापुरुष भी पहुंचे। जिन्होंने महंत राजेंद्र पुरी के साथ सर्वजन कल्याण की कामना से पूजा अर्चना की। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि इस जटिल अग्नि तपस्या को जन कल्याण के लिए, किया जा रहा है। लोग जब सनातन धर्म का उद्घोष करते हैं तो उनको शक्ति मिलती है तथा उत्साह बढ़ता है। जहां इस प्रचंड गर्मी में लोगों का घर से निकलना मुश्किल है वहीं महंत राजेंद्र पुरी देश-प्रदेश के लोगों की सुख समृद्धि एवं अमन-चैन कायम करने के लिए खुले आसमान के नीचे तपस्या कर रहे हैं।

## गुमड़ से गढ़ी झंझारा सड़क नवनिर्माण का कार्य शुरू, 18 फुट चौड़ी होगी सड़क

**12 फुट चौड़ी इस सड़क को अब 18 फुट चौड़ा किया जाना है, जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम होगी**

टीम एक्शन इंडिया



**गन्नौरः गुमड़ से खेड़ी** रोड होते हुए गढ़ी झंझारा की तरफ जाने वाली सड़क नवनिर्माण का कार्य 10 माह से अधर में लटका हुआ था। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य शुरू अब शुरू करवा दिया है। 12 फुट चौड़ी इस सड़क को अब 18 फुट चौड़ा किया जाना है। जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम होगी। विभाग द्वारा सड़क पर रोड़े डलवाने का काम शुरू कर दिया गया है। यह सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। जिसके निर्माण की मांग लगातार उठ रही थी। जिसके चलते 10 माह पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। उस समय सड़क के कुछ हिस्से पर रोड़ा भी डलवा दिया गया, लेकिन उसका निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में किसानों व सड़क से गुजरने वाले छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। काफी किसान अपनी फसलों को लेकर इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन सड़क निर्माण न होने की वजह से उनके ट्रैक्टरों के पहिये पंक्चर हो रहे थे। वहीं साइकिल व स्कूटी पर स्कूल जाने वाले छात्र भी आए दिन सड़क पर गिर कर घायल हो रहे थे। ऐसे में लोग अब इस सड़क का निर्माण जल्द करवाने की मांग कर रहे थे। जिसके चलते अब सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

**डेढ़ करोड़ होंगे खर्च**

विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि सड़क निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 5 किलोमीटर लंबी सड़क को 12 फुट से बढ़ा कर 18 फुट चौड़ा किया जाएगा।

## मांगों-शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधानः मीणा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी शाखाओं से संबंधित जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। किसी भी शाखा की शिकायतें ऑवर ड्यू नहीं होनी चाहिएं। इसके लिए उन्होंने सभी शाखाधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने की सलाह दी। निगमायुक्त, नगर निगम के सभागार में आयोजित बैठक में जन संवाद से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन संवाद पोर्टल पर आई शिकायतों एवं समस्याओं का निर्धारित समय अवधि के दौरान प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जाए।

## बुजुर्गों, छोटे बच्चों व पालतु पशुओं को गर्मी से बचाएं : पिलानी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मौसम विभाग** ने आने वाले कुछ दिन और अत्यधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। ऐसे में हरियाणा सरकार ने सलाह दी है कि नागरिकों को विशेष सावधानी व बचाव करने की जरूरत है। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए। ऐसे प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचानें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने कहा कि एडवाइजरी के अनुसार तापमान में हो रही एकाएक बढ़ोतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा गया है कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीएं और भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के, ढीले और छिद्र युक्त सूती कपड़े पहनें। उन्होंने बताया कि धूप में




बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दुपहरी में घर से बाहर न निकलें। यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी और काबोनेटेड शीतल पेय से बचें। यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है। जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खोलें। पंखे का प्रयोग करें, गीले कपड़े पहनें और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करें। नागरिक स्वयं के साथ-साथ बेजुबान पालतु पशु और पक्षियों का भी ध्यान रखें। जहां पर अक्सर पक्षी आते हैं, वहां पर पानी का उचित प्रबंध करें, ताकि प्यास लगने पर पक्षी पानी पी सकें।

**एडवाइजरी**

**▶▶ मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्यधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है**

## औद्योगिक क्षेत्र ईएसआई डिस्पेंशरी में चिकित्सकों की कमी

टीम एक्शन इंडिया



**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र स्थित ईएसआई डिस्पेंशरी में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीज सभी बीमारियों का एक ही चिकित्सक से इलाज करवाने को मजबूर है। जब कि डिस्पेंशरी में चिकित्सकों को 5 पद स्वीकृत है। इसके अलावा दूसरा चिकित्सक डेपुटेशन पर पानीपत से सप्ताह में वीरवार, शुक्रवार, शनिवार को तीन दिन के लिए ड्यूटी पर तैनात किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार 2 स्टाफ नर्स के पद स्वीकृत है। फार्मासिस्ट के 5 पद स्वीकृत है लेकिन एक ही फार्मासिस्ट कार्यरत है। जिस कारण दूसरी शिफ्ट में स्टाफ नर्स ही फार्मासिस्ट का काम करने को मजबूर है। डिस्पेंशरी में 2 पद एमपीएचडब्ल्यू के स्वीकृत है। हैरानी की बात है कि डिस्पेंशरी में एक भी पद सफाई कर्मचारी का स्वीकृत नही है। जिस कारण चिकित्सक बिना सफाई व्यवस्था के काम करने को मजबूर है। चिकित्सकों व स्टाफ ने अपने स्तर पर सफाई की व्यवस्था कर रखी है। सफाई को देख नही लगता कि यहां चिकित्सक बैठकर इलाज करते है। रात के समय कोई भी चौकीदार नियुक्त नही किए जाने के कारण डिस्पेंशरी से बैटरी व इन्वेंटर चोरी हो चुके है। वहीं बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से डिस्पेंशरी में दवाई लेने आने वाले मजदूरों ने प्रशासन से मांग की है कि ईएसआई डिस्पेंशरी की निरीक्षण कर समय-समय पर प्रशासन को व्यवस्थाओं का जायजा लेना चाहिए ताकि डिस्पेंशरी में आने वाले मरीजों को पूरी सुविधाएं मिल सके।

**डिस्पेंशरी में दवाईयों के स्टोर में रखा है लैब के ब्लड जांच का सामान**

औद्योगिक क्षेत्र में अस्थाई भवन में चल रही डिस्पेंशरी में दवाईयों के स्टोर में लैब के ब्लड जांच का सामान रखा है। इससे देखकर लगता है कि यहां आने वाले मरीजों के रक्त की जांच में खानापूर्ति होती है। इसके अलावा चिकित्सकों के बैठने के लिए भी एक ही कमरा है। उसमें ही नर्स व अन्य स्टाफ बैठकर अपनी ड्यूटी करता है। दवाई लेने आने वाले मरीजों का कहना कि स्टाफ भी अपनी ड्यूटी के प्रति कितना गंभीर है। उसका पता किसी भी अधिकारी को औचक छापे के दौरान पता लग जाएगा। डिस्पेंशरी में टोटल चिकित्सकों सहित टोटल कर्मचारियों की संख्या 28 है।

**डिस्पेंशरी में आने वाले मरीज व्यवस्था से सन्तुष्ट है : जिंदल**

डिस्पेंशरी में तैनात डा. अमित जिंदल ने बताया कि डिस्पेंशरी में आने वाले मरीज व्यवस्था को देखकर पूरी तरह से सन्तुष्ट है। उन्हें नही लगता कि यहां किसी ने कोई शिकायत की है। स्वीकृत पदों के बारे में बताया कि यह जानकारी क्लर्क ही दे पाएगा। डिस्पेंशरी के नए भवन को बनाने के लिए टेंडर हो चुका है। शीघ्र ही भवन बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

## मंत्री असीम गोयल के निवास के बाहर किसान बैठे धरने पर

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला: पिछले** 3 महीनों से किसान शंभू बॉर्डर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं काफी समय के लिए किसानों ने रेलवे टैक को भी जाम किए रखा। चुनाव निकल गए लेकिन मांगों के पूरा न होने से किसानों ने अपने प्रदर्शन को अब और तेज कर दिया है। इसी कड़ी में किसानों ने अंबाला शहर में परिवहन मंत्री असीम गोयल के निवास के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान जेल में बंद किसानों की रिहाई की मांग को लेकर अंबाला शहर की नई अनाज



मंडी में एकत्रित होकर किसानों ने नारेबाजी की। किसानों ने भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। सुबह से शहर की नई अनाज मंडी में किसान पहुंचने शुरू हो गए और उसके साथ ही पुलिस फोर्स को भी तैनात किया गया। इसके उपरांत किसान अपनी गाड़ियों से परिवहन मंत्री असीम गोयल के निवास के बाहर पहुंचे और यहां निवास स्थान के सामने टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। साथी ठंडे पानी की छबील भी लगाई। पुरानी दिल्ली रोड पर पुलिस ने जाम की स्थिति को देखते हुए बैरिकेड्स लगाकर वाहनों को दूसरे रास्तों से भेजा ताकि जाम की स्थिति पैदा न हो। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जेल में बंद किसानों की रिहाई की मांग की।

# विजय सीधे सीएम को रिपोर्ट कर रहे थे: ईडी

## विजय नायर सीधे केजरीवाल को रिपोर्ट कर रहे थे और वह हमेशा मुख्यमंत्री आवास पर होते थे: ईडी

**सुनवाई**

**आप कार्यकर्ता विनोद चौहान ने दिल्ली से गोवा फंड स्थानांतरित किया है: ईडी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली आबकारी नीति** घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केस में एक नया अपडेट सामने आया है। जिसमें राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कहा कि आप पार्टी और केजरीवाल दोनों एक दूसरे से जुड़ा हुआ मामला है। ईडी ने कोर्ट को आप पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप बताते हुए कहा कि इस मामले में आरोपित विजय नायर मुख्यमंत्री आवास के पास वाले बंगले में रह रहे थे और विजय नायर सीधे केजरीवाल को रिपोर्ट कर रहे थे और वह हमेशा मुख्यमंत्री आवास पर होते थे।

**विनोद चौहान ने दिल्ली से गोवा में किया फंड स्थानांतरित-ईडी का आरोप:** ईडी ने कहा कि आप कार्यकर्ता विनोद चौहान ने दिल्ली से गोवा फंड स्थानांतरित किया है। इसके स्क्रीनशाट ईडी ने अदालत के सामने रखे हैं। अलग-अलग लोगों के साथ और हवाला कारोबारियों के साथ फंड ट्रांसफर को लेकर बात हुई है। यह साबित करता है कि वह अनैतिक ट्रांजैक्शन कर रहे थे। अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा। चार जून को संज्ञान लेने पर फैसला सुनाएगी कोर्ट। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी नेता आतिशी को भाजपा नेताओं के खिलाफ बयान देने पर दाखिल मानहानि मामले में समन जारी किया है। आतिशी को 29 जून को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तानिया बामनियाल के सामने पेश होना होगा। इससे पहले दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल को आज सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। बता दें सीएम केजरीवाल की स्वास्थ्य जांच के लिए अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है।

**केजरीवाल ने अपनी अर्जी में कही थी ये बात**

अर्जी में केजरीवाल ने कहा है कि जमानत पर छूटने के बाद भी उनका वजन नहीं बढ़ा। उन्हें चक्कर आते हैं, थकान व तेज धड़कन की दिक्कत है। ताजा जांच रिपोर्ट में उनका शुगर लेबल व किटोन भी बढ़ा हुआ है।

यह किडनी को नुकसान का भी संकेत है। कोर्ट ने उन्हें 21 दिन की अंतरिम जमानत दी है, जिसे उन्होंने प्रचार में लगाया है। इस दौरान उन्हें पूरे देश में दौरा करना पड़ा। सेहत की चिंताजनक स्थिति होने के बावजूद वह सिर्फ घर पर ही मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक को दिखा सके।




### कोर्ट ने दायर की गई याचिका को लेकर पूछे सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर करने में देरी को लेकर भी सवाल खड़े किए। सीएम केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी से बेंच ने पूछा कि पिछले हफ्ते जब मुख्य पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दत्ता बैठे थे तो केजरीवाल की याचिका का उल्लेख क्यों नहीं हुआ।



**केजरीवाल ने अपनी अर्जी में कही थी ये बात** : अर्जी में केजरीवाल ने कहा है कि जमानत पर छूटने के बाद भी उनका वजन नहीं बढ़ा। उन्हें चक्कर आते हैं, थकान व तेज धड़कन की दिक्कत है। ताजा जांच रिपोर्ट में उनका शुगर लेबल व किटोन भी बढ़ा हुआ है। यह किडनी को नुकसान का भी संकेत है। कोर्ट ने उन्हें 21 दिन की अंतरिम जमानत दी है, जिसे उन्होंने प्रचार में लगाया है। इस दौरान उन्हें पूरे देश में दौरा करना पड़ा। सेहत की चिंताजनक स्थिति होने के बावजूद वह सिर्फ घर पर ही मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक को दिखा सके।

**चुनाव प्रचार करने के लिए केजरीवाल को दी गई थी अंतरिम जमानत:** गौरतलब है कि सीएम अरविंद केजरीवाल 1 जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 21 मार्च को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। कुछ दिनों पहले केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई से 1 जून तक अंतरिम जमानत दी गई थी। सीएम केजरीवाल को 2 जून को फिर से सरेंडर करना होगा।

# मानहानि याचिका पर आतिशी मार्लेना 29 मई को कोर्ट में तलब

**संज्ञान लिया**

**प्रवीण की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्री आतिशी के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर संज्ञान लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी मार्लेना के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर संज्ञान लिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने आतिशी मालेर्ना को कल यानी 29 मई को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। याचिका में प्रवीण शंकर कपूर की ओर से कहा गया है कि केजरीवाल और आतिशी ने भाजपा नेताओं पर झूठा आरोप लगाया था। केजरीवाल और आतिशी ने कहा था कि भाजपा के नेताओं ने आम आदमी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया था और पार्टी में शामिल होने के लिए करोड़ों रुपये का आफर दिया था। प्रवीण शंकर कपूर



की ओर से 27 जनवरी के केजरीवाल के ट्विटर पर किए गए पोस्ट और आतिशी मालेर्ना के 2 अप्रैल के प्रेस कांफ्रेंस का जिक्र किया गया है। कपूर की ओर से कहा गया है कि इन लोगों ने अपने आरोपों के संबंध में कोई साक्ष्य भी पेश नहीं किया। कोर्ट ने 16 मई को प्रवीण शंकर कपूर के बयान दर्ज किए थे। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल के ट्वीट में आरोप लगाया गया है कि भाजपा ने 7 आम आदमी पार्टी के विधायकों से संपर्क किया था। ट्वीट में कहा गया था कि भाजपा ने 25 करोड़ रुपये का ऑफर किया था, ताकि दिल्ली की सरकार गिराई जा सके। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली आबकारी घोटाले में जैसे ही आतिशी का नाम आया तब से ही उन्होंने भाजपा के खिलाफ ये आरोप लगाना शुरू कर दिया, ताकि आबकारी घोटाले से लोगों का ध्यान हटाया जा सके।

## दिल्ली के एक और हॉस्पिटल में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके के आई मंत्रा हॉस्पिटल से भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। दिल्ली फायर सर्विस डिपार्टमेंट को इसकी सूचना कॉल के जरिए मिली। जिसके बाद याद बुझाने की 6 गाड़ियां मौके पर भेज दी गई हैं। फिलहाल किसी भी प्रकार की अनहोनी की सूचना नहीं है। फायरकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

# कोर्ट ने खारिज की उमर खालिद की जमानत याचिका



**परीक्षण**

**जमानत पर फैसला लेते समय कोर्ट को हर गवाह और दस्तावेज का परीक्षण करना होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: क**ड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेई ने दिल्ली हिंसा मामले के आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 13 मई को जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान उमर खालिद की ओर से त्रिदिप पेस ने कहा था कि दिल्ली पुलिस चार्जशीट में उमर खालिद के नाम का प्रयोग इस तरह से कर रही है, जैसे कोई मंत्र हो। पेस ने कहा था कि चार्जशीट में बार-बार नाम लेने और झूठ बोलने से कोई तथ्य सच साबित नहीं हो जाएगा। उमर खालिद के खिलाफ मीडिया ट्रायल भी चलाया गया। जमानत पर फैसला लेते समय कोर्ट को हर गवाह और दस्तावेज का परीक्षण करना होगा। उन्होंने भीमा कोरेगांव मामले में वर्नोन गोंजाल्वेस और शोमा सेन के मामले का जिक्र करते हुए उमर खालिद की जमानत की मांग की। पेस ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि उमर खालिद ने गुप्त बैठकें की। उन्होंने कहा था कि अभियोजन पक्ष कह रहा है कि उमर खालिद, ताहिर हुसैन और खालिद सैफी पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के दफ्तर में मिले। अभियोजन के इस कथन का आधार केवल गवाह का बयान और सीडीआर है।

उन्होंने पूछा कि क्या जमानत नहीं देने के लिए सीडीआर पर भरोसा किया जा सकता है।

# पुलिस ने 25 हजार के इनामी लेडी डॉन को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की स्पेशल** सेल ने एक लेडी डॉन को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला की गिरफ्तारी पर उप्र पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। आरोपित की पहचान काली तंवर के रूप में हुई है। यह मूलतः उप्र के गाजियाबाद की रहने वाली है। डीसीपी स्पेशल सेल अमित कौशिक ने बताया कि इंस्पेक्टर मान और एसआई प्रीति की टीम ने इसके बारे में सूचना इकट्ठा करके इसे गिरफ्तार किया। गाजियाबाद के लोनी में हुई एक हत्या के मामले में इसकी उप्र पुलिस को पिछले साल से तलाश थी। जानकारी मिली कि

**सफलता**


**इंस्पेक्टर मान और एसआई प्रीति की टीम ने इसके बारे में सूचना इकट्ठा करके इसे गिरफ्तार किया**

यह दिल्ली के फतेहपुर इलाके में छुपी हुई है। वहां पर पुलिस ने छापा मारकर मांडी गांव से इसे पकड़ा। पिछले साल उस पर हत्या का केस दर्ज हुआ था, जिसमें पुरानी दुश्मनी में दो समूहों के बीच में जमकर झगड़ा हुआ था। उसमें एक शख्स की हत्या कर दी गई थी।

# कार व ट्रांसफार्मर में लगी आग, पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में भीषण गर्मी** के बीच आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। गोदाम, बिल्डिंग, हॉस्पिटल, फैक्टरी में तो आग लग ही रही हैं, सड़क पर चलती गाड़ियां और बिजली के ट्रांसफार्मर तक चपेट में आ रहे हैं। द्वारका मोड़ में वैगन आर कार अचानक जलने लगी तो मोहन गार्डन में बीती रात ट्रांसफार्मर में आग लग गई। उससे पहले पंखा रोड फ्लाईओवर पर एक कार आग का गोला बन गई। जानकारी के अनुसार द्वारका मोड़ में कमर्शियल नंबर की वैगन आर कार सोमवार दोपहर में अचानक जलने लगी और उससे काला धुआं ऊपर तक फैल गया।



मौके पर पहुंची फायर की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। मोहन गार्डन के ओम विहार फेज - 5 में 40 फुटा रोड पर बीती रात बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते उससे चिंगारी निकलने लगीं और आग की लपटें ऊपर तक उठने लगीं।लोगों ने बताया कि उस ट्रांसफार्मर को आधा घंटा पहले ही रात में लगाया गया था। क्योंकि कई घंटे से इलाके में लाइट नहीं थी और ट्रांसफार्मर जो पहले से लगा था, वह खराब हो गया था। नया ट्रांसफार्मर लगाने के आधे घंटे बाद ही जल गया। इस दौरान वहां पर भगदड़ की स्थिति हो गई थी। बाद में आग पर काबू पाया गया। उससे पहले सोमवार रात को दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के पंखा रोड पर फ्लाई ओवर के ऊपर एक कार में अचानक आग लग गई। जब तक मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती, कार पूरी तरह आग का गोला बन चुकी थी। राहत की बात यह रही इन तीनों ही हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

**चिंगारी निकली**

**वैगन आर कार अचानक जलने लगी तो मोहन गार्डन में बीती रात ट्रांसफार्मर में आग लग गई**

# आरपीएफ के दो जवानों पर हमला, दो हमलावरों को किया गिरफ्तार

**काबू किया**

**जानकारी देते हुए बताया कि 26 मई को कनॉट प्लेस के नॉर्दर्न हॉस्पिटल से एक सूचना पुलिस को मिली थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोती नगर थाना पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को धर दबोचा है। उन्होंने रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) के दो जवानों पर सर्जिकल ब्लेड से हमला किया था। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 26 मई को कनॉट प्लेस के नॉर्दर्न हॉस्पिटल से एक सूचना पुलिस को मिली थी। बताया गया कि आरपीएफ के कांस्टेबल घायल



हालत में अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। जब वह ड्यूटी पर थे, उन पर हमला किया गया। सूचना मिलने के बाद सब इंस्पेक्टर मोहित सिंह अस्पताल पहुंचे तो वहां पर दोनों कांस्टेबल से मुलाकात हुई, जिनकी पहचान मनजीत और विकास के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि उन पर तीन आरोपितों ने सर्जिकल ब्लेड से हमला किया है। पुलिस टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पूछताछ कर आरोपितों के बारे में पता लगाया। फिर जखीरा झुग्गी और नेहरू नगर झुग्गी से एक नाबालिग समेत दो को धर दबोचा। इनकी पहचान मोहम्मद तबरेज उर्फ राजू लंगड़ा और एक नाबालिग के रूप में हुई। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि इनका तीसरा साथी नाबालिग है। पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया।

## वाराणसी जा रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली से वाराणसी जाने के लिए तैयार इंडिगो के विमान में सुबह 5:35 बजे बम रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। इसके बाद विमान को रन-वे पर ही रोक लिया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सबसे पहले विमान में सवार सभी यात्रियों को आपातकालीन द्वार से सुरक्षित बाहर निकाला गया और फिर संपूर्ण सुरक्षा निरीक्षण के लिए विमान को तुरंत एक आइसोलेशन बे पर ले जाया गया। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की टीम भी पहुंच गई। अभी तक की जांच में विमान से कुछ भी नहीं मिला है। बताया गया है कि इंडिगो का विमान (6ई2211) दिल्ली से वाराणसी जाने के लिए रवाना होने के लिए तैयार था और रन-वे पर था। तभी इस विमान में बम होने की सूचना प्राप्त हुई। इस वजह से सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# डिजिटल अरेस्ट के बहाने ठगी करने वाली महिला काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के बहाने करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह की महिला जालसाज को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से ठगी में प्रयोग दो मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपिता ने अपने साथियों के साथ मिलकर वसंत कुंज की एक महिला से लाखों रुपये ठगे थे। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि महिला जालसाज की पहचान गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वैभव खंड साया गोल्ड एवेन्यू सोसाइटी निवासी सुधा श्रीवास्तव के रूप में हुई है। यहां से ही वह देशभर के लोगों के साथ ठगी कर रही थी। गिरोह में आरोपिता के तीन और साथी शामिल हैं। उनके बारे में पुलिस को अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। सुधा से उनके ठिकानों के बारे में पूछताछ की गई है, ताकि जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी की जा सके।



**अपराध की झूठी कहानी गढ़कर महिला से ठगे थे नौ लाख:** पुलिस पूछताछ में सामने आया कि सुधा ने अपने साथियों के साथ मिलकर वसंत कुंज में रहने वाली महिला से आठ लाख रुपये ठगे थे। आरोपिता ने पीड़िता के पास कॉल करके कहा था कि उनके नाम से ताइवान से एक पार्सल वापस आया है। इसके अंदर नशीले पदार्थ सहित अन्य प्रतिबंधित चीजें हैं। पीड़िता ने किसी भी पार्सल को ताइवान भेजने से इन्कार कर दिया। इसके बाद शातिरों ने खुद को मुम्बई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर पीड़िता के पास कॉल की। फिर जालसाजों ने महिला को केस से बाहर निकालने सहित अन्य बहानों से उनसे नौ लाख रुपये ट्रांसफर करा लिये।

**ऐसे पकड़ में आई महिला जालसाज:** साइबर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। उन बैंक खातों के बारे में जानकारी जुटाई गई, जिनमें शातिरों ने पैसे ट्रांसफर कराए थे। यहां पता चला कि खाता महाराष्ट्र के नागपुर के व्यक्ति और दूसरा सुधा के नाम पर है। पुलिस ने संदिग्धों के अलग अलग पते पर कानपुर, लखनऊ और गाजियाबाद में छापेमारी की। तब 52 वर्षीय सुधा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। सुधा के दोनों मोबाइल में ठगी से संबंधित डेटा पुलिस को मिला है।

**ऐसे बनाते थे ठगी का शिकार:** गिरोह के शातिर अलग अलग लोगों के पास दिनभर कॉल करते थे। जो उनके झांसे में आ जाता था, उससे लाखों रुपये ठग लेते थे। आरोपित खुद को कस्टम या मुम्बई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर पीड़ितों के पास कॉल करते थे।

**शिकंजा**

**आरोपिता ने अपने साथियों के साथ मिलकर वसंत कुंज की एक महिला से लाखों रुपये ठगे थे**

# दिल्ली में केवल 196 नर्सिंग होम्स और अस्पतालों के पास ही फायर एनओसी

**खुलासा**

**शनिवार को हुए अग्निकांड के बाद अस्पतालों की जानकारी हासिल करने पर यह खुलासा हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में सैकड़ों छोटे-बड़े प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पताल बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं। सिर्फ 196 नर्सिंग होम और अस्पतालों के पास दमकल विभाग की एनओसी है। विवेक विहार के बेबी केयर सेंटर में शनिवार को हुए अग्निकांड के बाद अस्पतालों की जानकारी हासिल करने पर यह खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार,



अधिकतर नर्सिंग होम चोरी-छिपे चल रहे हैं। दावा है कि इन नर्सिंग होम्स पर संबंधित प्रशासन ने कभी एक्शन भी नहीं लिया। सूत्रों के अनुसार, कई अस्पताल अनधिकृत रिहायशी इलाकों में बने हुए हैं। यह दमकल विभाग के मानकों को पूरा नहीं करते। एक भी मानक कम होता है, तो उस परिसर को आग से सुरक्षित नहीं माना जाता। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, अभी 196 बड़े नर्सिंग होम और अस्पतालों को ही दमकल विभाग की ओर से एनओसी मिली हुई है। दिल्ली सरकार के 2022-23 के सर्वे के अनुसार, दिल्ली में 1068 अस्पताल और नर्सिंग होम हैं। इनमें से 68 सरकारी अस्पताल हैं, जिनमें कुछ दिल्ली सरकार और एमसीडी के हैं। बाकी सब प्राइवेट हैं। दमकल विभाग के अनुसार, 2010 के बाद बने प्राइवेट अस्पतालों को बगैर विभाग की एनओसी के मान्यता नहीं दी जा सकती। सरकारी अस्पतालों की कुछ यूनिट या ब्लॉक को छोड़कर सभी के पास फायर एनओसी है। बिल्डिंग के जिन हिस्सों या यूनिट में कमी है, उसके लिए दमकल विभाग की तरफ से तय समय में मानक पूरे करने निर्देश जारी दिए जाते हैं।

**क्या हैं नियम?**

नर्सिंग होम और अस्पतालों में दो रास्ते हों। दोनों रास्तों की सीढ़ियों की चौड़ाई 1.5 मीटर होनी चाहिए। अगर अस्पताल की बिल्डिंग की हाइट 9 मीटर से कम है तो उसे एनओसी की कोई जरूरत नहीं है।

बिना एनओसी वाले अस्पतालों में इतनी व्यवस्था होनी चाहिए कि शुरूआती आग लगते ही उसे बुझाया जा सके। आग बुझाने के सिलिंडर, स्प्रिंकलर, धुएं की पहचान और धुआं निकालने वाले सिस्टम के साथ अलार्म लगे होने चाहिए।

### पहले भी अस्पतालों में लग चुकी है आग

- **9 जून, 2023:** जनकपुरी की वैशाली कॉलोनी में एक न्यू बॉर्न बेबी अस्पताल में आग लगी। अस्पताल में एडमिट 20 बच्चों को रेस्क्यू कराया गया था।
- **7 अगस्त, 2023:** एम्स के इमरजेंसी वॉर्ड में आग लगने के बाद सभी मरीजों को इमरजेंसी वॉर्ड से निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था।
- **11 अगस्त, 2023:** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी डिपार्टमेंट में आग लगी थी। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं थी।
- **31 दिसंबर, 2023:** रोहिणी के आंबेडकर अस्पताल की पांचवीं मंजिल के यूरोलॉजी विभाग में आग लग गई।

# तीन अलग-अलग सड़क हादसे में एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में** अलग-अलग इलाकों में हुए सड़क हादसों में जहां कई लोग घायल हो गए वहीं एक शख्स की मौत हो गई। ये सड़क हादसे साउथ वेस्ट दिल्ली के नौरोजी नगर, द्वारका और पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में हुए हैं। नौरोजी नगर में डीटीसी की दो बसों में टक्कर हो गई, जिसमें एक बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि दूसरे बस का पिछला हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। बस में सवार यात्री बाल बाल बच गए। हालांकि अचानक हुई इस टक्कर के कारण बस के अंदर लगे झटकों से कुछ लोगों को हल्की चोट जरूर आई है। उधर, द्वारका सेक्टर 23 के भरथल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक शख्स को कुचल दिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुचलने वाला अज्ञात वाहन डंपर था, जो मौके से फरार हो गया। यह हादसा आज सुबह हुआ है।

सेक्टर 23 थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है। तीसरी घटना पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके की है। यहां पर ड्राइवर की लापरवाही के कारण एक गाड़ी के ऊपर दूसरी गाड़ी चढ़ गई।

**दुखद**

**डीटीसी की दो बसों में टक्कर हो गई, जिसमें एक बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया**

# नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं : डॉ. अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध एक युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को निरंतर जागरुक किया जा रहा है। ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं, जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वे इस अभियान को साइकिल के साधन के रूप में प्रयोग करते हुए कर रहे हैं। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य परिवहन के अंतर्गत चालक प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 95 लोगों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आए प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताते हुए कहा कि प्रतिबंधित नशा एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है। प्रतिबंधित नशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय और विक्रय करना दंडनीय अपराध है। हरियाणा पुलिस नशा मुक्त हरियाणा के स्वप्न को साकार करने के लिए दिन रात कार्य कर रही है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन किया और कहा कि इस पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग करें। उन्होंने दूसरी प्रकार के नशा पर चर्चा करते हुए कहा कि बीड़ी, सिगरेट तंबाकू, हुक्का आदि बहुत ही क्षतिकारक नशे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार औसतन प्रति वर्ष संसार में 70 लाख लोग मरते हैं, जबकि भारत में 17 लाख लोग औसतन मरते हैं।

एक स्थान पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े कहते हैं कि भारत में प्रतिदिन 3699 लोगों की मृत्यु का कारण केवल त बाकू उत्पाद है, जिसमे बीड़ी सिगरेट और हुक्का भी आता है। उन्होंने आगे बताया कि घरों में लोग धूम्रपान करते हैं और अन्य सदस्य भी उस धूम्र का सेवन न चाहते हुए कर रहे होते हैं।



# नियमित रूप से करें योगः दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत के अंतर्गत मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने श्री कृष्ण मंदिर में विशेष योग सत्र लिया। उन्होंने योग साधकों को योग विद्या के बारे में जानकारी दी। योग सत्र के बाद मिशन के शिक्षकों के साथ 21 जून की तैयारियों के मद्देनजर विशेष मीटिंग की। उन्होंने कहा कि मिशन के साधक और शिक्षक योग दिवस के तैयारियों में बढ़-चढकर भाग ले। उन्होंने इस विषय में जानकारियां सांझा की और योग दिवस को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि योग दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है और सभी शिक्षक लोगों को प्रतिदिन योग के लिए जागरूक करें, जिससे भविष्य में वे और भी अधिक निपुणता के साथ योग कर पाए। दिनेश गुलाटी ने कहा कि जो लोग नियमित रूप से योगासन करते हैं, उनके शरीर में ऊर्जा और फिटनेस का स्तर बेहतर बना रहता है और यह शरीर को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचा सकता है। उन्होंने कहा कि योग जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है स्वस्थ जीवन शैली के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। योग करने वाला व्यक्ति दिन भर एक्टिव रहता है और सभी तरह के तनाव से दूर हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक योग को पहुंचना है, ताकि लोग योग को प्रकट स्वस्थ समाज का निर्माण कर सके। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं नीलम बटला, बिना धीर, बरखा जिंदल, बीना सेठ, शिवानी, राधिका, एनफ चौधरी, ईशा धवन, कोमल, मंजू शर्मा, संगीता, पूनम, अंजली, नवीन जिंदल, ,सपी शर्मा, राजेंद्र पापनेजा, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी, मनोज कमरा, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निपटान के लिए आयोजित की जाएगी विशेष लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित हैं, वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत से समाधान करवाना चाहते हैं, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### मारपीट कर धमकी देने का लगाया आरोप

**समालखा**

**डेयरी पर काम करने** वाले एक व्यक्ति ने वहां काम करने वाले दूसरे व्यक्ति पर कहासुनी के बाद उस पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में शिवनाथ राय वासी सैदाबाद बिहार ने बताया कि वह गांव डिडवाड़ी में नरेन्द्र सिहं के पास गोलू डेयरी फार्म में नौकरी करता है और उसके साथ राजबीर वासी डिडवाडी भी नौकरी करता है। किसी बात को लेकर उन दोनों की कहासुनी हो गई और एक अन्य ने बीचबचाव करा दिया। रात को वह सो गया तो करीब साढ़े ग्यारह बजे राजबीर डेयरी पर आया और आते ही फावड़ी से हमला कर दिया। आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में बाईक सवार जख्मी

**समालखा**

**पावर हाउस के पास** कैंटर की टक्कर लगने से बाईक सवार जख्मी हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस को दी शिकायत में सुनील कुमार वासी सेठी चौक पानीपत ने बताया कि वह बाईक पर सोनीपत से अपने घर के लिए निकला था। समालखा पावर हाउस के पास पीछे से आ रहे कैंटर ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया और कैंटर चालक मोके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### भागवत से होता है पुण्यों की प्राप्ति

**समालखा**

**गुड़ मंडी में चल रही** भागवत कथा के तीसरे दिन ब्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक पंडित सुशील कुमार ने कहा कि कि सम्पूर्ण जीवों के स्वामी हैं परमपिता तथा अज्ञानान्धकार से अन्धे पुरुषों के लिए नेत्ररूप सूर्य की भांति उदित हुए हैं। वह ही मानव को महामोह से दूर कर सकता है। वह भक्तों के संसार रूपी वृक्ष के लिए कुठार के समान हैं । उस परमपिता की शरण में जाने पर वह मानव का कल्याण करता है। उन्होंने कहा कि भागवत का श्रवण कई जन्मों के पुण्यों से प्राप्त होता है। देवता भी भागवत सुनने के लिए धरा पर आते हैं।

### पोल्ट्री फार्म में करंट लगने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**गन्नौर। खेड़ी तगा रोड** पर पोल्ट्री फार्म में एक 17 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक रोहित गोहाना के आहुलाना गांव का रहने वाला था। सूचना के बाद बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्तपाल में भिजवा दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार गोहाना के आहुलाना गांव का रहने वाला जतिन खेड़ी तगा रोड स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर काम करता है। उसका छोटा भाई रोहित 10वीं की परीक्षा के बाद पिछले 3-4 दिनों से अपने भाई के पोल्ट्री फार्म में उसका हाथ बंटाने के लिए आ रहा था। पोल्ट्री फार्म में वेल्डिंग का काम चल रहा था। जब वह वेल्डिंग सेट का तार लगा रहा था तो उसे बिजली की करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# कड़ी सुरक्षा के साथ स्थापित किए गए स्ट्रॉंग रूम

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेटः जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 25 मई को हुए लोकसभा आमचुनाव 2024 तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव की ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित स्ट्रॉंग रूम के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की पांचों विधानसभाओं नीलोखेड़ी (अ.जा.), इन्द्री, करनाल, घरौंडा और असंध की ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम स्थापित किए गए हैं। इन स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में शनिवार को मतदान होने के बाद जिला की ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। नीलोखेड़ी विधानसभा के लिए एस.डी.मॉडल स्कूल करनाल के लाइब्रेरी हॉल, इन्द्री विधानसभा के लिए एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के लाइब्रेरी हॉल, करनाल विधानसभा क्षेत्र के लिए डी.ए.वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के हॉल नंबर 1 तथा घरौंडा और असंध विधानसभा क्षेत्र के लिए एस.डी.मॉडल स्कूल करनाल के विवेकानंद हॉल ब्लॉक में स्ट्रॉंग रूम बनाए गए हैं। इसके अलावा करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना का कार्य डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाइब्रेरी हॉल में होगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ही स्ट्रॉन्ग रूम तैयार किए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगे और कमरों के अंदर सीसीटीवी कैमरों से नजर रहेगी। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर हैंडबुक 2023, अध्याय 13.54.9 के निदेर्शों के अनुपालन में मतगणना केंद्र पर मतदान वाले ईवीएम स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की है।



# मौसम के बढ़ते तापमान से सब्जियों को हो रहा है नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मई का आखिरी** सप्ताह चल रहा है मौसम का तापमान चरम पर है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस का सीधा असर सब्जियों एवं फल फूल की खेती करने वाले किसानों पर पड़ रहा है। आम आदमी का इस भीषण गर्मी में घर से निकलना मुश्किल है तो किसानों की खेतों में खड़ी सब्जियों की फसल की क्या हालत हो सकती है। जानकारों के अनुसार भीषण गर्मी से सब्जियां महंगी होंगी तो खाने की थाली पर असर दिखेगा। कृषि वैज्ञानिक डा. सी. बी. सिंह के अनुसार देश के कई राज्यों में झुलसाती गर्मी ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। देश के कई राज्यों में पारा 44 डिग्री के पार निकल गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस बार गर्मी अपने अधिकतम तापमान के रिकॉर्ड बना रही है। मई महीने में पड़ी भीषण गर्मी से न सिर्फ जीवन अस्त-व्यस्त किया बल्कि खेतों में खड़ी विशेषकर बेल वाली सब्जियों को अधिक प्रभावित किया है। डा. सिंह ने कहा कि जब भीषण गर्मी से हीटवेव (लू) के थपेड़े चलते हैं। इस से खाने-पीने के कई जरूरी सामान का उत्पादन और सप्लाई प्रभावित होती है। इससे कई जरूरी खाने के समान की कीमत बढ़ जाती है।

# लोकसभा क्षेत्र में 7 लाख 21 हजार 745 पुरूषों ने किया मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा क्षेत्रों में 13 लाख 41 हजार 174 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें से 6 लाख 19 हजार 410 महिला मतदाताओं के वोट शामिल हैं। उपायुक्त ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र में कुल 63.74 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस लोकसभा क्षेत्र की नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 44 हजार 261 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें 67 हजार 496 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी तरह इंद्री विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 49 हजार 988 मतदाताओं ने वोट डाले। इसमें 71 हजार 348 महिला मतदाता शामिल हैं, करनाल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 52 हजार 161 मतदाताओं ने वोट डाले जिसमें 72 हजार 59 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 254 मतदाताओं ने 72 हजार 938 महिला मतदाताओं ने अपने वोट का प्रयोग किया, असंध विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 43 हजार 689 मतदाताओं ने वोट डाले।

# चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने साइड में रोककर बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के बड़ा** गांव के नजदीक एक रिनॉल्ट ट्राइबर कार में अचानक आग लग गई, जिससे कार में बैठे लोगों में अफरा तफरी मच गई। ड्राइवर ने कार को साइड में रोका और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। तीनों ही घीड़ गांव के रहने वाले बताए जा रहे है। तीनों लोगों के कार से बाहर आते ही आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक कार में सवार तीनों लोग घीड़ से करनाल की तरफ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार घीड़ रोड पर बड़ा गांव देवी मंदिर के पास पहुंची तो अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि पहले ड्राइवर को गाड़ी के इंजन से धुआं निकलता दिखाई दिया। ड्राइवर ने साइड में खड़ा कर दिया और झट से बाहर निकल गए। उसके कुछ मिनट बाद ही गाड़ी धूं धूं करके जलने लगी। ड्राइवर अनुज का कहना है कि घीड़ से करनाल जा रहे थे। धुआं निकलता देखा तो साइड में गाड़ी खड़ी कर दी थी और उसके बाद आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने एक घंटे बाद आकर आग पर काबू पाया गया है। ईआरवी इंचार्ज शमशेर सिंह ने बताया कि गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी थी। तीनों सवारी सुरक्षित है।



**गर्मी का असर**

**▸▸ तीनों लोगों के कार से बाहर आते ही आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया**

# संस्कृति ने जीता मिस यूनिवर्सल ग्रैंड इंडिया का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में कार्यरत श्रीश तिवारी सहायक प्रबन्धक (ईएमएस) की बेटी सुश्री संस्कृति तिवारी ने कड़ी स्पर्धा के बीच में मिस यूनिवर्सल ग्रैंड इंडिया 2024 का खिताब जीता। इस अवसर पर सुश्री परिधि शर्मा जो की मिस कॉस्मॉस क्वीन इंडिया 2024 हैं उन्होंने सुश्री संस्कृति को मिस यूनिवर्सल ग्रैंड इंडिया 2024 का ताज पहनाया। इस इवेंट का आयोजन कॉसमॉस क्वीन इंडिया संगठन द्वारा 24 मई, 2024 को होटल विस्तारा, बैंगलोर में किया। सुश्री संस्कृति अब इस वर्ष जुलाई माह में कोलंबिया में मिस यूनिवर्सल ग्रैंड 2024 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। केवल 22 साल की उम्र में ही सुश्री संस्कृति एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता में विजेता बनी और जिन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रतिभा से सभी जजों एवं दर्शकों से समान रूप से सराहना पाई। सुश्री संस्कृति, बीबीए स्नातक होने के साथ-साथ एक उद्यमी भी है और सफलतापूर्वक अपना ज्वेलरी ब्रांड ह्लसांशह्व चला रही है तथा एथनिक ज्वेलरी की एक बड़ी रेंज के साथ अपना व्यवसाय चलाती है। इसके अलावा नृत्य, गायन, तैराकी और यात्रा करना उनके कुछ प्रमुख शौक हैं। अपनी इस जीत पर संस्कृति ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि, ह्लमिस यूनिवर्सल ग्रैंड इंडिया प्रतियोगिता जीतना मेरे लिए एक असाधारण भावनात्मक और संतुष्टिदायक अनुभव है। भारत का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरे दिल के सबसे करीब रहने वाला सपना रहा है।

अपने देश के प्रति मेरा प्यार कभी कम नहीं हुआ। मैंने कई चुनौतियों का सामना किया है, अमूल्य सबक सीखे हैं और मैं हर असफलता से सीख लेकर और मजबूत हुई हूं।" उल्लेखनीय है कि सुश्री संस्कृति की माँ नीलम तिवारी ने भी अगस्त 2023 में सुप्रसिद्ध गृहलक्ष्मी मासिक पत्रिका द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में "मिसेज इंडिया फिट एंड एक्टिव 2023" की खिताब जीता। मां-बेटी की यह जोड़ी न केवल इंडियनऑयल बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं जिन्होंने अपनी आकांक्षाओं, लक्ष्यों एवं करियर को आगे बढ़ाने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रण लिया है।



# परिवार पहचान पत्र में जिंदा छात्र को मृत करार दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** मूनक के एक छात्र को जीवित रहते हुए परिवार पहचान पत्र में मृत घोषित कर दिया गया है। छात्र और उसके परिजनों को यह जानकारी तब हुई, जब 10वीं तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ा छात्र 11वीं के लिए सरकारी स्कूल में एडमिशन लेने पहुंचा। यहां स्कूल ने छात्र का एडमिशन लेने से मना कर दिया, क्योंकि परिवार पहचान पत्र में छात्र मरा हुआ दर्ज है। इससे छात्र और उसके परिवार को बड़ा झटका लगा।

जिले के गांव मुनक का 17 वर्षीय छात्र विवेक कुमार पुत्र रतन लाल एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था। उसने 10वीं की परीक्षा 70 प्रतिशत अंकों के साथ पास की। अब वह गांव के सरकारी स्कूल में पढ ?ा चाहता था। रतन लाल ने बताया कि विवेक ने 11वीं में एडमिशन लेने के लिए अप्लाई किया। जब स्कूल प्रबंधन ने विवेक के दस्तावेजों की जांच की तो कह दिया कि उसे एडमिशन नहीं मिल सकता। सरकारी स्कूल के स्टाफ से जब एडमिशन न्श होने का कारण पूछा गया तो स्कूल प्रबंधन ने बताया कि आपके बेटे विवेक को फैमिली आइडी में मृत दिखाया गया है। मृतक का एडमिशन नहीं हो सकता। फैमिली आइडी में विवेक को मृत घोषित सुनकर पिता रतन लाल गुस्सा हो गए।

# गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## लापरवाही बरतने पर नगर निगम के एक्सईएन, एसडीओ व जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

सोनीपत, 28 मई। बढ़ती गर्मी व लू की वजह से जिला में जगह-जगह से आ रही पेयजल किल्लत की शिकायतों को लेकर उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने मंगलवार को सिंचाई विभाग, नगर निगम, बिजली निगम, सभी नगरपालिकाओं, डीडीपीओ, डीआरओ सहित पेयजल से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में जिला में पेयजल आपूर्ति व आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली गई। मीटिंग में समीक्षा के दौरान सामने आया कि नगर निगम अधिकारियों द्वारा आदेशों के बावजूद हेल्पलाइन नंबर जारी नहीं किया गया और न ही पानी की सप्लाई बढ़ाई गई। इस पर जिला उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए नगर निगम के एक्सईएन, सभी एसडीओ व जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में 51 एमएलडी पानी की जरूरत है जबकि 44 एमएलडी पानी उपलब्ध है। वहीं एचएसवीपी अधिकारियों ने बताया कि तीन रैनीवैल से 10 एमएलडी पानी की आपूर्ति सेकटरों में हो रही है और उनके पास पानी की कोई कमी नहीं है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एचएसवीपी से अतिरिक्त पानी नगर निगम को मुहैया करवाया जाए। मीटिंग के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द हैल्पलाईन नंबर जारी करें और जहां जरूरत हो वहां अतिरिक्त टैंकरों से पानी की आपूर्ति करें जिसके लिये प्रत्येक जोन में कम से कम 10 टैंकर सौनिश्चित किये जाएं। उन्होंने नगर पालिका गोहाना, गन्नौर व कुंडली के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें और अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था करें।

मीटिंग में उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि वह पेयजल व बिजली से जुड़े सभी एक्सईएन, एसडीओ व जेई 24 घंटे फील्ड में रहेंगे और कहीं से कोई दिक्कत आती है तो तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि गर्मी लगातार बढ़ रही है और ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति को भरपूर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कुछ स्थानों पर बिजली कटों की समस्या पर कहा कि बिजली निगम के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पेयजल आपूर्ति के समय कोई भी कट न लगे। इसमें तालमेल के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए और सभी विभाग उस पर तालमेल करें।



# ब्रह्मसरोवर आरती में शामिल हुए जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : देशभर में संचालित** श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी श्री जयराम विद्यापीठ के ट्रस्टियों एवं श्रद्धालुओं के साथ ब्रह्मसरोवर आरती में शामिल हुए। इस मौके पर श्री जयराम संस्थाओं के ट्रस्टी, प्रमुख उद्योगपति एवं देश के प्रमुख चाय उत्पादक गिरधर डालमिया ने बड़ी श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ ब्रह्मसरोवर आरती की। गिरधर डालमिया ने कहा कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से धर्मनगरी एवं भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से उत्पन्न गीता की जन्मस्थली कुरुक्षेत्र में आकर उन्हें बहुत शांति मिलती है। वह हर वर्ष कुरुक्षेत्र पहुंचते हैं। वह जयराम विद्यापीठ में कई अनुष्ठान भी करवा चुके हैं। गिरधर डालमिया को ब्रह्मसरोवर आरती एवं पूजन कात्यायनी माता मंदिर के प. बलराम गौतम, प. गोपाल कृष्ण गौतम, प. अनिल गौतम, प. सोमनाथ गौतम, प. रुद्र गौतम सहित पराशक्ति साधक वेदपाठशाला चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी विद्यार्थियों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न करवाई।



## बांग्लादेश में चक्रवात रेमल का कहर, तबाही के कारण सात लोगों की मौत

एजेंसी

**ढाका ।** बांग्लादेश में चक्रवात रेमल की तबाही के कारण सात लोगों की मौत हो गई। देश के दक्षिण और दक्षिणपूर्वी पांच तटीय जिलों से मौतों की सूचना मिली है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार रात बताया कि भीषण चक्रवात के कारण दो लोगों के लापता होने की भी सूचना है।



बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग (बीएमडी) में चक्रवात चेतावनी केंद्र के उप निदेशक मोहम्मद शमीम अहसन ने शिन्हुआ को बताया कि रविवार रात रात 8 बजे तट पर आए तूफान के बाद दक्षिणी बांग्लादेश और भारत के पश्चिम बंगाल के तटों पर तेज हवाएं चलीं और तूफान आया। चक्रवात ने लगभग एक दर्जन तटीय जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचाया।

10 सबसे संवेदनशील जिलों से आठ लाख लोगों को लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा चुका है। कॉक्स बाज़ार, चट्टोग्राम, पटुआखाली और अन्य तटीय जिलों में बाढ़ का व्यापक असर है।

बांग्लादेश में तटीय इलाकों में तेज़ हवाओं के कारण बिजली के खंभे उखड़ गए और तार टूटकर गिर पड़े। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। चक्रवात के कारण डेढ़ करोड़ लोग बिजली से वंचित रहे। बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

## नौसेदा फिर बने लिथुआनिया के राष्ट्रपति

**विनियस ।** निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा रविवार को हुए चुनाव में इंग्रिडा सिमोनीटे को हराकर एक बार फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति चुने गए।समाचार एजेंसी देश के चुनाव आयोग के हवाले से बताया है कि नौसेदा को 74.43 प्रतिशत मत मिले, वहीं सिमोनीटे 24.06 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



नौसेदा ने विनियस में बाल्टिक न्यूज सर्विस (बीएनएस) से कहा, लिथुआनिया के लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उनके विश्वास को संजोकर रखूंगा। अपनी इस जीत के साथ नौसेदा एक बार फिर पांच साल तक लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने रहेंगे।बीएनएस ने बताया कि वर्तमान प्रधानमंत्री सिमोनीटे ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और नौसेदा को उनकी जीत पर बधाई दी है। इसके पहले 12 मई को हुए चुनाव में पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक मत नहीं मिला था। इसके बाद दोबारा मतदान कराया गया।

## पाकिस्तान में मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म, उंगलियां जला दी गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के तुलंबा इलाके से दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है। यहां मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म ढाया गया। इसके बाद उनकी उंगलियां जला दी गईं। यह खुलासा पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने किया है। यह रिपोर्ट सोमवार को प्रसारित की गई है। पीड़ित लड़कियों की मां ने आरोप लगाया कि मुदस्सिर और मकसूद नाम के व्यक्तियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी बेटियों पर अत्याचार किया। लड़कियों को एक तंबू में ले जाया गया। रस्सियों से बांधकर लटका दिया गया। महिला का दावा है कि हमलावरों ने बाद में उसे और लड़कियों को पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित लड़कियों की मां ने दावा किया, पुलिस ने मुझे और मेरी बेटियों को गैर-मेडिकल जांच की गारंटी पर रिहा कर दिया। महिला ने पुलिस अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया है और जोर दिया है कि उनकी बेटियों की मेडिकल जांच और न्याय जरूरी है। डीएसपी सलीम रथ ने पुष्टि की है कि लड़कियों पर मदरसे से किताबें चुराने और उन्हें किसी और को देने का आरोप है। उन्होंने उल्लेख किया कि घटना कुछ दिन पहले हुई थी और आश्वासन दिया कि वह फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन के कारण 2000 लोग हुए जिंदा दफन, सरकार ने लगाई अंतरराष्ट्रीय मदद की गुहार

एजेंसी

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी सरकार ने कहा है कि हुए भूस्खलन के कारण ''2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन'' हो गए है। सरकार ने बताया कि उसने राहत कार्यों के लिए औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी। सरकार का आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी के आंकड़ों से करीब तिगुना है।

संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक को रविवार को लिखे गए एक पत्र में दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय आपदा केंद्र के कार्यवाहक निदेशक ने कहा कि भूस्खलन में ''2000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए'' और ''बड़ा विनाश'' हुआ। भूस्खलन के बाद से हताहत हुए लोगों की संख्या का अनुमान व्यापक रूप से अलग-अलग है और अभी यह स्पष्ट



नहीं है कि अधिकारियों ने पीड़ितों की संख्या कैसे गिनी। ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन स्थल पर मदद के लिए विमान और अन्य उपकरण भेजने की सोमवार को तैयारी की। पापुआ न्यू गिनी के पहाड़ी इलाकों में रात भर हुई बारिश के बाद यह आशंका पैदा हो गई है कि जिस कई टन मलबे में सैकड़ों ग्रामीण दबे हैं, वह खतरनाक रूप से अस्थिर हो सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि उनके अधिकारी शुक्रवार से पापुआ न्यू गिनी के अपने समकक्षों के साथ बात कर रहे हैं। देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन हुआ था। इस भूस्खलन में मारे गए छह लोगों के शव बरामद हुए हैं।

पापुआ न्यू गिनी में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। स्थिति खराब है, क्योंकि भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित बचे लोगों दोनों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि एक संयुक्त सरकारी टीम ने रविवार को प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (लगभग 128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

## रफा हमले के बाद इजरायल से कोई बातचीत नहीं - हमास

एजेंसी

**गाजा।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर इजरायल के हमले के बाद हमास ने कथित तौर पर मध्यस्थों को बता दिया है कि वह युद्ध विराम या कैदी विनिमय समझौते पर कोई बातचीत नहीं करेगा।

समाचार एजेंसी ने हमास के एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह निर्णय इजरायली सेना द्वारा रफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों को निशाना बनाने और दर्जनों को मारने और घायल करने के जवाब में लिया गया है।



सूत्र ने यह भी कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के बारे में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों नेएक प्रेस बयान में कहा कि रफा शहर के पास विस्थापित लोगों के टेंट पर इजरायली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम इजरायली बंधकों को नहीं छोड़ेंगे और अगर छोड़ेंगे तो अपनी शर्त पर। हमदान ने कहा कि स्थायी युद्ध विराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगा।

# चीन के सैन्य अभ्यास के बाद अमेरिकी सांसदों ने नए राष्ट्रपति को समर्थन देने का किया वादा

एजेंसी

**ताइपे।** ताइवान में नये राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में चीन द्वारा आस-पास के क्षेत्र में सैन्य अभ्यास करने के तुरंत बाद अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नये नेता से मुलाकात कर अपना समर्थन जाहिर किया। अमेरिकी कांग्रेस में ताइवान कॉकस के सह-अध्यक्ष प्रतिनिधि एंडी बार ने कहा कि अमेरिका, ताइवान की सेना, कूटनीति और अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

केंटकी के प्रतिनिधि ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका, ताइवान में यथास्थिति और शांति बनाए रखना चाहता है और इसको लेकर अमेरिका, ताइवान या



फिर दुनिया में कहीं भी किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं होना चाहिए चीन ताइवान को एक विश्वासघाती प्रांत मानता है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर वह बलपूर्वक अपने नियंत्रण में ले सकता है। अधिकांश देशों की तरह, अमेरिका के ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं लेकिन वह द्वीप को उसकी रक्षा के साधन प्रदान करने के लिए अपने खुद के कानूनों का हवाला देता है। चीनी सरकार ने अमेरिकी सांसदों की यात्रा पर कड़ा विरोध व्यक्त किया और कहा कि इस दौरे ने चीन-अमेरिका संबंधों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को कमजोर किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा, अमेरिकी सांसदों की यात्रा ताइवान के साथ केवल अनौपचारिक संबंध बनाए रखने की अमेरिकी सरकार की राजनीतिक प्रतिबद्धता के खिलाफ है। यह दौरा ताइवान की स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकत का गंभीर रूप से गलत संकेत भेजता है।

ताइवान के नये विदेश मंत्री लिन चिया-लुंग ने हाल ही में चीन द्वारा किये गये सैन्य अभ्यासों पर गौर करते हुए इस महत्वपूर्ण समय में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से एकजुटता का संकेत दिखाने के लिए मुलाकात करने का आह्वान किया था। प्रतिनिधिमंडल में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। पिछले वर्ष अप्रैल में ताइवान की यात्रा के बाद रिपब्लिकन पार्टी के टेक्सास प्रतिनिधि पर चीन ने प्रतिबंध लगा दिया था।

## पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए तैयार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह (पाकसेट-एमएम-1) के प्रक्षेपण के लिए तैयार है। इसे चीन के जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 30 मई को लॉन्च किया जाएगा। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस पर व्यापक चर्चा की है। अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग (सुपारको) के प्रवक्ता के अनुसार मल्टी-मिशन संचार उपग्रह पाकसेट-एमएम-1 सुपारको और चीनी एयरोस्पेस उद्योग का संयुक्त प्रयास है। इसे पाकिस्तान की संचार और कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## चुनाव संबंधी अपराधों के लिए 27 दक्षिण अफ्रीकी गिरफ्तार : पुलिस

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका में पिछले सप्ताह चुनाव संबंधी विभिन्न अपराधों के लिए कुल 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा के उप राष्ट्रीय आयुक्त टेबेलो मोसिकिली ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि 19 से 25 मई तक 27 अतिरिक्त मामले दर्ज किए गए हैं और जांच की जा रही है, जिनमें से 17 मामले लिम्पोपो प्रांत में दर्ज किए गए हैं। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, देश की प्रशासनिक राजधानी प्रिटोरिया में आगामी चुनावों के लिए पुलिस की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई।

संदिग्धों को चुनावी अधिनियम का उल्लंघन करने, हत्या का प्रयास, बर्बरता और पोस्टरों को अवैध रूप से हटाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मोसिकिली ने कहा, पुलिस ट्रेसिंग ऑपरेशन, नाकेबंदी, रोक-तलाशी और गश्त जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, हम इस अवसर का उपयोग मतदाताओं और विभिन्न दलों के सदस्यों के बीच



राजनीतिक सहिष्णुता का आह्वान करने के लिए करते हैं।

हम अब अपने 2024 के राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनाव परिचालन योजना के दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए हम जिम्मेदार नागरिकों, विशेष रूप से सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को फर्जी खबरें फैलाने से बचने के लिए कहते हैं। आप सभी से आग्रह किया जाता है कि किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले तथ्यों को सत्यापित कर लें, क्यों ये अक्सर अनावश्यक भ्रम फैलाने और घबराहट का कारण बनता है।मोसिकिली ने चेतावनी दी कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिंसा भड़काने वालों को गिरफ्तार करेंगे, क्योंकि खुफिया समुदाय और साइबर अपराध इकाइयां ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को राष्ट्रीय सरकार और स्थानीय प्रशासन के लिए चुनाव होने हैं।

## यूक्रेन संकट के समाधान के लिए अमेरिका अपनी जिम्मेदारी समझे, चीन ने दी नसीहत

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने यूक्रेन संकट का समाधान खोजने के लिए स्विट्जरलैंड में शिखर सम्मेलन का समर्थन किया है और अमेरिका को नसीहत दी है कि वह यूक्रेन रूस संकट के लिए अपनी जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के बारे में गहन चिंतन करे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन ने अमेरिका से यूक्रेनी संकट के पैदा होने और इस संकट के विकराल रूप धारण के लिए अपनी जिम्मेदारी के बारे में गहराई से सोचने का आह्वान किया है।

चीनी प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, ÷चीन अमेरिका से यूक्रेनी संकट के पैदा होने और लंबा खिंचने के लिए अपनी जिम्मेदारी पर गहराई से विचार करने और सही ढंग से आकलन करने, बदनामी और दबाव बंद करने और अंधाधुंध अवैध एकतरफा प्रतिबंध लगाने से रोकने का आग्रह करता है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की द्वारा रूस यूक्रेन संघर्ष के समाधान खोजने के मकसद में



स्विट्जरलैंड में शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को निमंत्रण के बारे में पूछे जाने पर चीनी प्रवक्ता ने कहा कि चीन यूक्रेन संकट को हल करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन बुलाये जाने का समर्थन करता है, जिसे रूस एवं यूक्रेन दोनों द्वारा मान्यता प्राप्त हो। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने रविवार को चीनी राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपने व्यक्तिगत नेतृत्व और भागीदारी के साथ स्विट्जरलैंड में शिखर सम्मेलन का समर्थन करने का अनुरोध किया।

## प्रधानमंत्री प्रचंड की दौड़धूप बेकार, विपक्षी दल को नहीं मना पाए

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में चल रहे राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' को आज भी निराशा हाथ लगी। विपक्षी दल और सत्ताधारी दलों के बीच सहमति नहीं हो पाने के कारण संसद में बिना किसी गतिरोध के बजट पेश करने का प्रयास विफल होता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने आज सत्ताधारी दल और विपक्षी दलों के साथ अलग-अलग और एक साथ बैठक कर सहमति जुटाने का प्रयास किया, लेकिन सहकारी घोटाले पर बनने वाली संसदीय जांच समिति के कार्यादेश को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। विपक्षी दलों का कहना है यदि कार्यादेश में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम नहीं लिखा जाता है तो कम से कम उस मीडिया हाउस का नाम लिखा जाना चाहिए, जिसमें सहकारी से पैसे लेकर निवेश किया गया है। प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार बताते हैं कि विपक्षी दलों की इस मांग पर खुद प्रधानमंत्री



सकारात्मक हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और नेकपा एमाले विरोध में हैं। स्वतंत्र पार्टी से संसदीय जांच समिति के कार्यादेश बनाने वाली समिति में रहे शिशिर खनाल ने कहा कि रवि लामिछाने का नाम लिखना या उनके द्वारा संचालित गोरखा मीडिया का नाम लिखना दोनों एक ही बात है। अगर ऐसा होता है तो इस पर सहमति होने का सवाल ही नहीं उठता है। उधर सत्ताधारी एमाले पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा कि विपक्षी दलों की नाजायज मांग पर सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने नेपाली कांग्रेस पर राजनीतिक चरित्र नहीं दिखाने और लोकतांत्रिक अभ्यास के विपरीत व्यवहार करने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री के करीबी लोगों का कहना है कि विपक्षी दल और सत्तापक्ष के जाल में प्रधानमंत्री इस कदर उलझ गए हैं कि वो चाह कर भी सहमति नहीं करवा पा रहे हैं। इनका विश्लेषण है कि विपक्षी की मांग पर ओके बोल चुके प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार गिरने के डर से सत्तापक्ष की नाजायज बातों को मानना पड़ रहा है।

# पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में ईसाइयों पर हमले में 33 हमलावरों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए ईसाई समुदाय के लोगों पर व्यापक हमला किया गया है। यह हमला पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में हुआ। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की फैक्ट्री और घर जलाया गया। इस हमलों में आरोपित 33 संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। इस हिंसा में अभी तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस हमले और हिंसा के विरोध में ईसाई समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन किया।

इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कट्टरपंथियों ने शनिवार को लाहौर से 200 किमी दूर पंजाब के सरगोधा जिले की मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के लोगों पर हमला कर दिया। इन हमलावरों ने ईसाई समुदाय



के लोगों की घरों और संपत्तियों को तहस-नहस करके आगजनी की।

इस दौरान ईसाई समुदाय के दो लोग घायल हो गए और दस पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए। पंजाब पुलिस के सोमवार को दिए बयान के अनुसार सरगोधा की हिंसा में अब तक 44 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 33 लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस की दर्ज की एफआईआर के अनुसार एक बुजुर्ग ईसाई नाजिर मसीह के निवास और जूता फैक्टरी के आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने उन पर कुरान के अपमान का आरोप लगाया।

हिंसक भीड़ ने उनकी जूता फैक्टरी को आग लगा दी और आसपास की कुछ दुकानों और घरों को भी आग के हवाले कर दिया। उन्होंने मसीह को भी जला दिया लेकिन उसी बीच पुलिस बल आ गया और मसीह और उनके परिवार के अन्य दस सदस्यों की जान बचा ली गई। मसीह के परिवार ने कुरान के अपमान के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि भीड़ उनके परिवार पर जानलेवा हमला करना चाहती थी।

हिंसक भीड़ ने पुलिस बल पर भी पत्थरबाजी की। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पाकिस्तान की पुलिस ने 450 लोगों के खिलाफ आतंकवाद समेत कई आरोप लगाए हैं।

## गण्डकी प्रदेश के मुख्यमंत्री बर्खास्त, सत्तारूढ़ गठबन्धन कोलगा बड़ा झटका

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने गण्डकी प्रदेश के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर दिया है। कोर्ट का यह फैसला सत्तारूढ़ गठबन्धन के लिए एक बड़ा झटका है।

नेपाल में राजनीतिक समीकरण बदलने के बाद सभी प्रदेशों में सरकार बदल गई थी। इसी के मुताबिक गण्डकी प्रदेश में नेपाली कांग्रेस के मुख्यमंत्री सुरेन्द्र राज पाण्डे ने बहुमत के अभाव में इस्तीफा दे दिया था। पाण्डे के बदले नेकपा एमाले के नेता खगराज अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 60 सदस्यीय प्रदेश सभा में बहुमत के लिए आवश्यक 31 मत लेने के लिए मुख्यमंत्री अधिकारी ने सदन के स्पीकर का भी हस्ताक्षर प्रयोग कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। बहुमत साबित करते समय स्पीकर ने भी वोट डालकर बहुमत पहुंचाई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर रिट पर आज फैसला सुनाते हुए कहा कि बहुमत के लिए आवश्यक 31 मत के बदले सिर्फ 30 मत लेकर बनी सरकार को मान्यता नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि स्पीकर के हस्ताक्षर को भी मान्यता नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री खगराज अधिकारी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करते हुए संविधान की अगली धारा के मुताबिक पुनह पाण्डे को ही मुख्यमंत्री बनाने का परमादेश दिया है।

# 'आतंक अब खत्म होना चाहिए', राफा में इस्राइल के हमले में 45 लोगों की मौत पर बिफरे यूएन प्रमुख

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने इस्राइली सेना के राफा शहर में किए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हमले में कई बेगुनाह नागरिक मारे गए, जो सिर्फ युद्ध से बचने के लिए शरण लिए हुए थे। उन्होंने कहा कि अब ये आतंक खत्म होना चाहिए। हाल ही में इस्राइल के राफा पर किए गए हमले में 45 लोगों की मौत हुई है और 200 अन्य घायल हुए हैं।

**यूएन चीफ ने इस्राइली हमले की कड़ी निंदा की**

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने लिखा मैं इस्राइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें कई बेगुनाह आम नागरिक मारे गए, जो सिर्फ युद्ध के हालात में शरण लिए हुए थे। गाजा में अब कोई जगह सुरक्षित नहीं है और अब ये आतंक बंद होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रमुख वोल्कर टर्क ने भी इस्राइली हमले की निंदा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि शरणार्थी कैंप से आ रहीं तस्वीरें भयावह हैं और इस्राइली के लड़ाई के तरीकों में कोई बदलाव नहीं आया है। इस्राइल हमास युद्ध में अब तक बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत हुई है।

**इस्राइल का दावा-हमास के दो शीर्ष कमांडर मारे**



वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हमले में हमास के दो शीर्ष अधिकारी मारे गए हैं। इस्राइली सेना ने दोनों की पहचान भी उजागर की है। इस्राइल ने बताया है कि उसके हमले में मारे गए हमास के शीर्ष नेताओं की पहचान यासीन राबिया और खालेद नज्जर के रूप में हुई है। यासीन राबिया जुडेया और सामारी में हमास की आतंकी गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालता था। वहीं नज्जर भी जुडेया और सामारी में आतंकी गतिविधियों से जुड़ा शीर्ष नेता था। इस्राइल का यह हमला हमास के तेल अवीव पर रॉकेट हमले के बाद सामने आया, जिसमें हमास ने तेल अवीव पर आठ रॉकेट दागे थे।

**इस्राइली पीएम ने मानी गलती**

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राफा पर हुए हमले को गलती माना है और उन्होंने इसकी जांच की बात कही। सोमवार को इस्राइली संसद नेसेट को संबोधित करते हुए पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा हमारी कोशिश रहती है कि जो बेगुनाह हैं, उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे, लेकिन दुर्भाग्य से बीती रात यह दर्दनाक गलती हुई और हम मामले की जांच कर रहे हैं।

# चुनाव ड्यूटी की मानदेय राशि उपलब्ध करवाने में देरी करने पर नपेंगे अधिकारी

**मतगणना**

**जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ मतगणना स्टाफ का प्रथम रेंडमाइजेशन**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा है कि चार जून को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कार्य संपन्न करवाया जाएगा। इस उद्देश्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। वे मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि हिसार संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। इसके लिए उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार से चार जून को होने वाले मतगणना कार्य को भी संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हिसार संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ विधानसभा क्षेत्रों में से सात विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना का कार्य यहां के महावीर स्टेडियम एवं पंचायत भवन में किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं।
जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मतगणना केंद्रों के बाहर सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। सभी मतगणना केंद्रों पर पर्याप्त, स्वच्छ, ठंडा पेयजल व निर्बाध बिजली की आपूर्ति व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए। इन व्यवस्थाओं के अलावा मतगणना केंद्रों पर फायर ब्रिगेड तथा एंबुलेंस की गाड़ी डॉक्टरों सहित उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटा जा सके।

**सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना**

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि 4 जून को सुबह 8 बजे मतों की गणना का कार्य शुरू होगा। हर मतगणना केंद्र में 14-14 टेबलें लगाई जाएंगी। मतगणना टीमों का भी गठन कर लिया गया है।
मतगणना कार्य को निर्बाध तरीके से संपन्न करवाने के लिए कुछ मतगणना टीमें रिजर्व भी रखी गई हैं। इनके अलावा माइक्रो ऑब्जर्वरों की ड्यूटी भी मतगणना केंद्र में निर्धारित कर दी गई है।

# 400 पार के विजन को पूरा करने में कड़ी मेहनत की है : मोहन लाल बड़ौली

**विजयी**

**बडौली ने कहा कि करनाल उपचुनाव में सीएम नायब सैनी भी बड़े मार्जिन से विजयी होंगे**

**चंडीगढ़/ जींद। सोनीपत** से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा के 400 पार के मिशन को पूरा करने में कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत लगा दी है। जनता जनार्दन के आशीर्वाद और कार्यकताओं की मेहनत से हरियाणा की 10 की 10 लोकसभाओं में 4 जून को कमल खिलने जा रहा है। श्री बडौली ने कहा कि करनाल विधानसभा उपचुनाव में सीएम नायब सैनी भी बड़े मार्जिन से विजयी होंगे। श्री



बडौली मंगलवार को जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मतदाताओं का प्रचंड गर्मी में मतदान करने पर आभार जताया। इस मौके पर उनके साथ विधायक कृष्ण हुड्डा, जिला अध्यक्ष राजू मोर, जसवीर, कैप्टन योगेश आदि उपस्थित रहे। जवाहर सैनी,
प्रदेश के महामंत्री एवं सोनीपत लोकसभा से प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 27 मई को पंचकूला में भाजपा की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सभी प्रत्याशियों के अलावा कोर कमेटी के नेताओं ने भाग लिया था। समीक्षा बैठक में यह सामने आया है कि भाजपा 10 की 10 लोकसभाओं में बड़े मार्जिन से जीत दर्ज कर रही है और हरियाणा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना पूरा सहयोग कर रहा है।
उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं ने तपती गर्मी में भाजपा के 400 पार के विजन को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि आज भाजपा के सभी लोकसभा प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में प्रेसवार्ता कर रहे हैं। इसके बाद विधानसभा स्तर पर समीक्षा बैठकें भी की जाएंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कैथल :एसीबी की हिरासत में सफाई घोटाले के आरोपी एक्सियन व एसडीओ

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
कोरोना काल के दौरान कैथल जिला परिषद में सफाई के नाम पर आए 11 करोड़ रुपये के घोटाले में कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिला परिषद के एक्सियन और एसडीओ सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। मंगलवार सुबह से एसीबी की दस टीमों द्वारा यहां जांच की जा रही है।
वर्ष 2021 में घोटाले के समय कैथल में एसडीओ रहे रोहतक के तत्कालीन पंचायती राज के एक्सियन नवीन, कैथल में पंचायती राज के के जसबीर सिंह, इसी मामले में पंचायती राज के ठेकेदार गांव फरीदाबाद निवासी दिलबाग सिंह, गांव फतेहपुर निवासी अभय संधू व पुंडरी निवासी अनिल पुत्र शशि भूषण को एंटी करप्शन ब्यूरो ने हिरासत में लिया है। एबीसी के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ के बाद शाम को पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।
सूत्रों के अनुसार वर्ष 2021 में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर इस साल जिला परिषद में 31 करोड़ 64 लाख रुपये की राशि आई थी। इसमें से करीब 11 करोड़ की राशि गांव में स्वच्छता अभियान पर खर्च होनी थी। यह राशि कागजों में तो खर्च हुई दिखाई गई, लेकिन गांवों में सफाई नहीं हुई और फर्जी बिल तैयार कर आठ फर्मों को राशि जारी कर दी। इनमें से भी दो फर्मों को राशि ज्यादा मात्रा में दी गई। सफाई के नाम पर हुई करोड़ों रुपये के गोलमाल को लेकर जिला परिषद वार्ड नंबर सात से निर्वतमान पार्षद बबली चंदाना ने अपने पति बिल्लू चंदाना के साथ सांकेतिक देकर पूरे मामले को उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में सफाई के नाम पर भारी गोलमाल किया गया है। सफाई तो हुई नहीं, लेकिन फर्जी बिल तैयार कर फर्मों के खाता में राशि डाली दी गई।

### फरीदाबाद : अवैध खनन नहीं स्वीकार्य, की जाएगी कड़ी कार्यवाही : विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि अवैध रूप से खनन स्वीकार्य नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से खनन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सम्बंधित विषय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।
बैठक से पूर्व वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पर्यवारण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने विस्तार से अवैध खनन सहित स्टेट पोलुशन कंट्रोल बोर्ड से जुड़े मामलो की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त विक्रम सिंह ने सभी दिशा निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि में सभी कार्यो को पूरा किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरान्त उपायुक्त ने मौके पर ही खनन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और वन विभाग के सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खनन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और वन विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित करके उसकी रिपोर्ट मुख्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनजीटी और कोर्ट केसों की फाइलों को कंपाइल करने की सुनिश्चितता की आवश्यकता पर जोर दिया। अरावली क्षेत्र से जुड़े विभिन्न 23 प्वाइंट्स पर रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने अरावली क्षेत्र के एक्शन प्लान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित प्लानिंग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कहा कि पूरा प्लान तैयार करके डिटेल के साथ मुख्यालय भेजें। उन्होंने नई एसओपी के अनुसार पूरे प्लान को कंप्लीट करके मुख्यालय भेजने की भी सुनिश्चितता की बात कही। उन्होंने कहा कि हर महीने इन विषयों पर ऑनलाइन समीक्षा की जाएगी और हर महीने और त्रैमासिक आने वाली सभी रिपोर्ट निर्धारित समय पर भेजना सुनिश्चित करें। उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिला वन, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ जिला के एनजीटी और कोर्ट केसों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तीनों विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके कोर्ट केसों का बेहतर क्रियान्वयन करें और निर्धारित समय पर केसों की पैरवी सुनिश्चित करें। उपायुक्त कार्यालय से जो भी सहयोग की आवश्यकता हो, उसे निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा। कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। बैठक में जिला वन अधिकारी डॉ. सुशील कुमार, जिला पॉल्यूशन बोर्ड के आरओ संदीप सिंह, जिला माइनिंग ऑफिसर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 4 जून को सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
लोकसभा चुनाव के लिए सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में मतों की गिनती के लिए मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः फतेहाबाद, रतिया और टोहाना के मतों की गिनती यहीं पर की जाएगी। चार जून को सुबह आठ बजे मतों की गिनती शुरू होगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाई गई है और 17 राउंड में मतों की गिनती होगी। इसके लिए फतेहाबाद के एसडीएम और एआरओ राजेश कुमार को नियुक्त किया हुआ है।

# शिक्षा के क्षेत्र में स्व0 शादी लाल द्वारा किए गए कार्य याद किए जाएंगे : धनखड़

**श्रद्धांजलि**

**स्व. शादीलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी**



**चंडीगढ़/ नारनौल।** शिक्षा जगत का एक ऐसा सितारा हमें छोड़ कर चला गया जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्गीय शादी लाल द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। उक्त बातें हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने मंगलवार को नारनौल के विधायक एंव पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव के पिता जी स्वर्गीय मास्टर शादी लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कही। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि उनके द्वारा बांटा गया शिक्षा रूपी ज्ञान निश्चित रूप से समाज में जागरूकता लाने का कार्य करेगा। उन्होंने अपने जीवन काल में ऐसे अनेको छात्र-छात्राओं को शिक्षा का प्रकाश दिया जिसकी बदौलत वे आज उच्च पदों पर आसीन होकर अपना जीवन साकार कर रहे हैं साथ ही समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहें है। श्री धनखड़ ने कहा कि वे जब भी ओम प्रकाश यादव के आवास पर आते थे उनके पिता जी से हमेशा बैठकर विचार साझा किया करते थे , उनके पास बैठकर उन्हें ज्ञान का भंडार मिलता था।
इस मौके पर पर्यटक निगम के अध्यक्ष अरविंद यादव,पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, रेवाड़ी के पूर्व विधायक रणधीर कपड़ीवास, पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा,पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा,वीपी यादव चेयरमैन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी,अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता, पूर्व जिला प्रमुख भाई राम सिंह यादव, राजस्थान के पूर्व गृहमंत्री के पुत्र मधुर यादव,सतबीर यादव नौताना, विजय सिंह सागवान,ओम प्रकाश यादव एडवोकेट मांदी,सुमेर सिंह सेवानिवृत प्राचार्य, दयाकिशन सांण्डिल, केशव संघी नगर पार्षद,डा.भूप सिंह यादव,सुभाष यादव लावन,पीआरओ राजेश यादव, सत्यव्रत शास्त्री, सुभाष सरपंच पाटीकरा,नरेंद्र झिमरिया, जसवंत सिंह प्रभाकर साहित्यकार, सुमर सिंह पूर्व चेयरमैन, रोहतास पूर्व चेयरमैन, विजय गोस्वामी, कुलदीप यादव पूर्व जिला पार्षद सुरजनवास,रविन्द्र मटरू, विनोद भील पूर्व जिला पार्षद, सिकंदर गहली, तेज प्रकाश यादव, रमेश तंवर नांगल चौधरी,राजु कमानियां,प्रभाती बोहरा,मेजर ईश्वर सिंह सहित भारी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय शादी लाल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सोलर पैनल सिस्टम व रेन हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर समय की मांग: राकेश आर्य

**फरीदाबाद**
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने मंगलवार को सेक्टर 21सी स्थित अपने कार्यालय में सोलर पैनल सिस्टम व वाटर रेन हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर सिस्टम का उद्धाटन किया। इस अवसर संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल, डीसीपी सेन्ट्रल जसलीन कौर, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एसओ भारतेंन्द्र एसीपी के साथ गुडियर कम्पनी की तरफ से मैनिफेक्चरिंग डायरेक्टर सुधीर वैजनापुरकर, एचआर डायरेक्टर अभिषेक, अनुप, प्लांट हैड बल्लबगढ़ योगेश, आशुतोष शर्मा व नवजोती इंडिया फाउंडेशन से मैनेजर शिल्पा के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभी कर्मचारी और अन्य आगंतुक मौजूद रहे।



पुलिस आयुक्त व मंच पर मौजूद अन्य अतिथियो को पौधा भेंट कर-के प्रोग्राम की शुरूआत की गई। प्रोग्राम के दौरान मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य ने सोलर सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में जानकारी देकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होने बताया कि गर्मी के दिनों में लाईट चली जाने पर जनरेटर का प्रयोग किया जाता है जिससे प्रदूषण होता है।

## मतगणना के लिए हुआ ड्यूटी निर्धारण

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सिरसा लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए ड्द्यूटी निर्धारण के लिए स्थानीय लघुसचिवालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉफ्रेंस रूम में प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर एआरओ रानियां सुरेश कुमार, सीटीएम पारस, डीआईओ सिकंदर, तहसीलदार चुनाव रोहित मौजूद थी। रेंडमाइजेशन उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एआरओ, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सहित संबंधित विभागों अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ-साथ मतगणना प्रक्रिया के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों बारे अवगत करवाया।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**शॉर्ट सर्किट**

**शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
शहर की महेश्वरी कालोनी में मंगलवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 और अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। गनीमत यह रही कि घर के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए।
पंकज कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी, दो बच्चे और माता पिता घर पर थे। जब आज सुबह 11 बजे के करीब अचानक से शॉर्ट सर्किट हो गया और तेजी से आग पूरे घर में फैलती चली गई। घर के सभी सदस्य तुरंत घर से बाहर निकल आए। घटना की सूचना डायल 112 और अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन की दो गाड़ियों ने आकर तुरंत आग पर काबू पा लिया।
उन्होंने बताया कि घर पर मरम्मत का काम चल रहा था। आग लगने से घर में रखें सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हो गया है। गांधी नगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी जसबीर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और अग्निशमन की गाडियां मौके पर पहुंची और अग्निशमन की दो गाड़ियों ने थोडी देर में आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन कर्मियों ने घर में रखें रसोई के दो गैस सिलेंडरों को समय रहते बाहर निकाल लिया अन्यथा और बड़ा हादसा हो सकता था। आग फैलते ही घर के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकलकर आए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कायकर्ता प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर कर रहे बड़े बड़े दावे

**चर्चा**

**चुनाव :पार्क हो या चौंक चौराहा सिर्फ ओर सिर्फ उम्मीदवार की हार-जीत की चर्चा**



**रादौरः** प्रदेश में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद अब राजनीतिक दलों के कार्यकताओं में प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर बड़े बड़े दावे किए जा रहे है। शर्तो का दौर शुरू हो गया है। 4 जून को नतीजे घोषित होंगे। ऐसे में कार्यकताओं के बीच बहसबाजी के दौर जारी है। लेकिन रादौर में मंगलवार को स्थानीय लोगों ने नगरपालिका पार्क में बैठक कर राजनीति से ऊपर उठकर भाईचारा बनाए रखने की अपील की। सभी दलों से जुड़े लोगों ने भाईचारा मजबूत करने पर जोर दिया। स्थानीय प्रमोद गर्ग, पूर्णचंद कांबोज, मास्टर सतपाल, भारत भूषण मेहता, दिनेश कतियाल, अनिल गुप्ता, शानु शांडिल्य, हरभजन सिंह आदि ने बताया कि चुनाव संपन्न हो चुके है। ऐसे में स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे आपसी पाटीर्बाजी का शिकार न हो। हार जीत को लेकर आपसी भाईचारा खराब न करे। चुनाव आयेंगे और चले जायेंगे। लेकिन भाईचारा खराब नहीं होना चाहिए। सभी ने भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे आपसी प्यार बनाए रखे।

## 4 जून को होगें नतीजे घोषित

अब की बार कौन होगा सांसद कुरूक्षेत्र यह तो अब 4 जून को नतीजे घोषित होने के बाद ही पता चल पाएगा ,बड़े-बड़े राजनीतिक पंडित जोड़-तोड़ लगा रहे है,लेकिन इस बार ऊँट किस करवट बैठेगा यह किसी को नही पता,पर शायद ही यह अंदाजा लगाना मुश्किल है की कौन जीत की ओर अग्रसर है,वैसे तो राजनीतिक दलों के कार्यकताओं में प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर शर्ते लगा रहे हो ,लेकिन इस बार चुनाव नतीजे चौंकाने वाले हो सकते है,जंहा देश की प्रसिद्ध राजनीतिक पार्टी भाजपा के कार्यकताओं भी पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों को लेकर अपनी जीत का दावा कर रहे है ।

# फतेहाबाद में 49 डिग्री पर पहुंचा तापमान, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**भीषण गर्मी**

**जिले में एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं।**




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले में एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को पहली बार फतेहाबाद का तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इतनी भीषण गर्मी में आम जनमानस के साथ-साथ पशु पक्षियों का भी बुरा हाल है। दिन में आसमान से बरस रही आग के कारण कामधंधे चौपट हो रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने फतेहाबाद जिले में हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को जिला प्रशासन ने इस संबंध में फिर एडवाइजरी जारी कर लोगों से भीषण गर्मी से बचाव को लेकर सुझाव दिए हैं।
उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन राहुल नरवाल ने तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिगत आमजन से मंगलवार को एक बार फिर अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें।
उन्होंने कहा है कि हीट वेव से शारीरिक तनाव हो सकता है और यहां तक की मनुष्य की जान जा सकती है। नागरिक दोपहर के समय बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में श्रमयुक्त कार्य न करें। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं।
उपायुक्त राहुल नरवाल ने आमजन से आह्वान किया कि वे राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर नहीं जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें।

# फरीदाबाद: हथौड़ा मारकर पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
घरेलू झगड़े के दौरान पत्नी की हथौड़ा मारकर हत्या करने वाले आरोपी पति को अपराध शाखा डीएलएफ पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी से मुकदमें में अन्य साक्ष्य एकत्रित करने के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।
पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शम्भू सिंह (40) गांव बेटोना जिला मधेपुरा बिहार का हाल त्रिखा कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से बल्लबगढ़ बस स्टैण्ड से काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शम्भू सिंह मजदूरी का काम करता है। आरोपी की पत्नी घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। आरोपी के साथ 16/17 मई की रात को आरोपी का पैसों को लेकर उसकी पत्नी के साथ झगडा हो गया था। इस संबंध में आरोपी के लडके अभिनाष कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह जब 17 मई को अपने कमरे गया तो देखा उसकी माता पूनम (35) घायल अवस्था में है जिसको काफी चोट लगी थी। वह बेड पर लहूलुहान अवस्था में पड़ी थी।




पूनम ने बतया कि उसके पति शम्भू सिंह ने हथौड़े से चोट पहुंचाई थी। जब पूनम को इलाज के लिए जी.एच बल्लबगढ़ लेकर गए जहां पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# राकेश भारद्वाज चौक : भव्यता से मना आदर्श रसोई का दूसरा वार्षिक उत्सव

- मोजोलैंड वॉटर एंड एडवेंचर पार्क में किया गया दूसरे वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन
- अपने परिवार संग पहुँचे आदर्श रसोई के सभी सदस्य






















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर हर रविवार को आयोजित होने वाली आदर्श रसोई ने अपने दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिये हैं। आदर्श रसोई का पहला वार्षिक उत्सव जहां ग्रीन लाउंज बैंक्वेट हाल में आयोजित किया गया था तो वहीं दूसरा सालाना कार्यक्रम मोजोलैंड वाटर एंड एडवेंचर पार्क पार्क में आयोजित किया गया।

## रविवारीय कार्यक्रम करने वाली आदर्श रसोई ने भव्य रूप में मनाया अपना दूसरा वार्षिक उत्सव

'**सेवा परमो धर्म**' के सिद्धांत पर चलने वाली आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक अपने दो वर्ष पूरे कर लिये हैं। इन दो वर्षों में आदर्श रसोई ने सबके बीच प्यार बांटा और भाईचारे का संदेश दिया। इस सद्भावना भरे संदेश का नतीजा यह है कि आज दो वर्षों में आदर्श रसोई की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई और हर कोई आदर्श रसोई के माध्यम से "**सेवा परमो धर्म**" के भावार्थ को चरितार्थ करना चाहता है। इन दो वर्षों को यादगार और अविस्मरणीय बनाने के लिए आदर्श रसोई ने मोजोलैंड वाटर पार्क में आउटिंग के साथ साथ स्वागत एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया।

## परिवार संग वाटरपार्क का मजा लेने पहुँचे आदर्श रसोई के सदस्य

आदर्श रसोई के दो वर्ष पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से मोजोलैंड वाटर पार्क पर सभी सदस्यों की सहमति बनी। विगत 19 मई, रविवार को सभी सदस्यों ने मोजोलैंड में वार्षिक उत्सव का आनंद उठाया। सभी गणमान्य सदस्य अपने परिवार संग मोजोलैंड वाटर पार्क पहुंचे। इस दौरान वाटर पार्क, एडवेंचर पार्क, एम्यूजमेंट पार्क और स्नो पार्क का सभी सदस्यों ने खूब लुत्फ उठाया।

## मोजोलैंड पहुँचने पर किया गया सभी सदस्यों का सम्मान

मोजोलैंड पहुँचने पर सभी सदस्य इकट्ठा हुए। इसके बाद सभी के लिए नाश्ते की उम्दा व्यवस्था की गई थी। लकी ड्रा कूपन निकाले गये। इनमें जिन 5 खुशनसीब विजेताओं के लकी ड्रॉ कूपन चुने गये। उन्हें गिफ्ट हैंपर के साथ सम्मानित भी किया गया। साथ ही आये हुए सभी सदस्यों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। साथ ही सभी का एक-दूसरे के परिवार संग परिचय भी करवाया गया।



## दो वर्ष पूरे होने पर काटा गया भव्य केक

सभी सदस्यों ने वाटर पार्क पर आधारित केक तैयार करवाया था। केक को दिल्ली के मशहूर गढ़वाल बेकर्स की ओर से विशेष तौर पर तैयार करवाया गया था। सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से केक कटिंग सेरेमनी को पूरा किया। केक काटने के साथ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ। इस दौरान सभी एक-दूसरे को आदर्श रसोई के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दे रहे थे और मस्ती में सराबोर नजर आ रहे थे।

## सभी परिवारों ने खूब की मस्ती

मोजोलैंड वाटर पार्क में सभी पदाधिकारियों ने अपने पूरे परिवार संग वाटर पार्क में मस्ती की। स्नो पार्क, वाटर पार्क, एडवेंचर पार्क और एम्यूजमेंट पार्क में भी अलग अलग तरह की एक्टिविटीज का खूब लुत्फ उठाया। जहां स्नॉपार्क में कुल्लू- मनाली का एहसास मिला तो वहीं एडवेंचर पार्क और एम्यूजमेंट पार्क में साँसें अटकाने वाले अनुभव हुए। वाटर पार्क की वाटर राइड्स, रेन डांस सहित कई प्रकार की ऐक्टिविटीज ने सभी का मन मोह लिया। हर कोई इन पलों को यादगार बनाना चाहता था और मस्ती में डूबा हुआ दिखाई दे रहा था।

## ये लोग रहे मौजूद

संस्था के चेयरमैन मोहन गर्ग, प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा, वाईस चेयरमैन और गढ़वाल बेकर्स के मालिक राम लाल उनियाल, संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा, संरक्षक सुरेंद्र बुद्धिराजा और नीलम बुद्धिराजा, संरक्षक सिकंदर पाल माखीजा, संयोजक रवि भारद्वाज, उपप्रधान राकेश जुनेजा, महासचिव विनोद गर्ग, पम्मी मल्होत्रा, सतपाल सेतिया, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, विनीत गुप्ता, नरेश कपाही, रोहित त्यागी, धीरज सिंघल, राजेश छाबड़ा, मोहित कुमार, राहुल राजपुरोहित, पवन कोहली परिवार सहित कार्यक्रम में पहुँचे। इस दौरान एक्शन इंडिया की डिजिटल टीम भी साथ रही ।

















